लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

लखनऊ | वर्ष: 15 | अंक: 346 | मूल्य: ₹ 3.00/- | पेज : 12 बुधवार | 02 अक्टूबर, 2024

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

# बुलडोजर एक्शन पर 'सुप्रीम' रोक बरकरार



- एससी ने कहा- कोई आरोपी या दोषी है, इस वजह से नहीं हो सकती संपत्ति में तोड़फोड़
- सुप्रीम कोर्ट कहा, आदेश नहीं माना तो पीड़ित की प्रॉपर्टी का री-कंस्ट्रक्शन होगा, मुआवजा मिलेगा

### हम अवैध निर्माण हटाने के खिलाफ नहीं: सुप्रीम कोर्ट

डेमोलेशन मामले में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सर्वोच्च कोर्ट ने इस दौरान कहा कि वह इस केस में दिशा-निर्देश जारी करेंगे। कोई भी शख्स आरोपी या दोषी है यह डेमोलेशन का आधार नहीं हो सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह अवैध निर्माण हटाने के खिलाफ नहीं हैं लेकिन वह इसके लिए गाइडलाइंस जारी करेंगे। हमारा देश धर्म निरपेक्ष है और सभी नागरिकों की रक्षा के लिए निर्देश जारी होगा।

> "मैं साफ कर दूं कि अगली तारीख तक हमारी इजाजत के बिना कोई भी तोड़-फोड़ नहीं होनी चाहिए। इस आदेश में सड़कें, रेलवे लाइंस, सरकारी फुटपाथ के अवैध अतिक्रमण शामिल नहीं है।
> -सुप्रीम कोर्ट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देशभर में बुलडोजर एक्शन पर रोक जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। बेंच ने यह भी निर्देश दिया कि कोर्ट के आदेश की अवमानना करने वालों पर एक्शन होगा। साथ ही पीड़ितों की संपत्ति वापस की जाएगी, जिसका मुआवजा भी दोषी अधिकारियों से वसूला जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उन याचिकाओं पर सुनवाई की, जिनमें आरोप लगाया गया है कि कई राज्यों में अपराधियों, आरोपियों और अन्य की संपत्तियों को गिराया जा रहा है। बुलडोजर मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम यह स्पष्ट करने जा रहे हैं कि सिर्फ इसलिए कि कोई आरोपी या दोषी है, उसकी संपत्ति को गिराने का आधार नहीं बनाया जा सकता। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक सड़कों, सरकारी जमीन पर किसी भी अनधिकृत निर्माण को संरक्षण नहीं दिया जाएगा।

### कोर्ट रूम में क्या हुआ

**सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता-** मैं उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश की ओर से पेश हुआ हूं। लेकिन बेंच ने कहा है कि गाइडलाइन पूरे देश के लिए होगी इसलिए मेरे कुछ सुझाव हैं। बहुत सारी चीजों पर ध्यान दिया गया है। अगर कोई आदमी किसी अपराध में दोषी है तो यह बुलडोजर एक्शन का आधार नहीं है।

**जस्टिस गवई-** अगर वो दोषी है, तो क्या यह बुलडोजर एक्शन का आधार हो सकता है?

**सॉलिसिटर जनरल-** नहीं। आपने कहा था कि नोटिस इश्यू किया जाना चाहिए। ज्यादातर म्युनिसिपल कानूनों में केस के हिसाब से नोटिस जारी करने की व्यवस्था होती है। आप देख सकते हैं कि नोटिस रजिस्टर्ड पोस्ट के जरिए भेजा गया है। नोटिस में जिक्र होना चाहिए कि किस कानून का उल्लंघन किया गया है।

**जस्टिस गवई-** हां एक राज्य में भी अलग-अलग कानून हो सकते हैं।

**जस्टिस विश्वनाथन-** इसके लिए एक ऑनलाइन पोर्टल होना चाहिए। इसे डिजिटलाइज कीजिए। अफसर भी सेफ रहेगा। नोटिस भेजने और सर्विस की स्थिति भी पोर्टल पर रहेगी।

**सॉलिसिटर जनरल-** एक चीज मुझे परेशान कर रही है, आरोप लग रहे हैं कि एक समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है।

**जस्टिस गवई-** हम एक धर्मनिरपेक्ष देश हैं, हम जो भी गाइडलाइन बनाएंगे वह पूरे देश के लिए होगी।

### किसी की भी संपत्तियों को नहीं गिराया जाएगा

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने इससे पहले 17 सितंबर के अपने आदेश में अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाने पर रोक लगा दी थी। 17 सितंबर के अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि 1 अक्टूबर तक बिना सुप्रीम कोर्ट की पूर्व अनुमति के किसी की भी संपत्तियों को नहीं गिराया जाएगा। अपने निर्देश में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अवैध रूप से ध्वस्तीकरण का एक भी मामला संविधान के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि उसका आदेश उन मामलों में लागू नहीं होगा, जहां सड़क, गली, फुटपाथ, जंगल, रेलवे लाइन या किसी जल निकाय जैसे किसी सार्वजनिक स्थान पर कोई अनधिकृत संरचना है और उन मामलों में भी लागू नहीं होगा, जहां न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण का आदेश दिया गया है।

### 'सभी नागरिकों के लिए दिशा निर्देश, किसी धर्म विशेष के लिए नहीं'

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह संपत्तियों को ध्वस्त करने के मुद्दे पर सभी नागरिकों के लिए दिशा-निर्देश तय करेगा, किसी विशेष समुदाय के लिए नहीं। पीठ ने कहा कि हम जो भी तय कर रहे हैं, हम इसे पूरे देश में सभी नागरिकों, सभी संस्थानों के लिए तय कर रहे हैं, किसी विशेष समुदाय के लिए नहीं। हम एक धर्मनिरपेक्ष देश हैं। किसी धर्म विशेष के लिए अलग कानून नहीं हो सकता। पीठ ने कहा कि वह सार्वजनिक सड़कों, सरकारी भूमि या जंगलों पर किसी भी अनधिकृत निर्माण को संरक्षण नहीं देगी।

### डेमोलिशन को लेकर गाइडलाइंस जारी करेंगे: कोर्ट


देश के कई राज्यों में चल रहे बुलडोजर एक्शन पर जमीयत उलेमा ए हिंद की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा कि हम एक धर्मनिरपेक्ष देश हैं, हम सभी नागरिकों के लिए गाइडलाइन जारी करेंगे। अवैध निर्माण हिंदू, मुस्लिम कोई भी कर सकता है। हमारे निर्देश सभी के लिए होंगे, चाहे वे किसी भी धर्म या समुदाय के हों। सिर्फ सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण को हटाने की ही छूट होगी।

### 17 सितंबर का अंतरिम आदेश जारी रहेगा: सुप्रीम कोर्ट

जस्टिस गवई ने कहा कि अगर सड़क के बीच में कोई धार्मिक स्ट्रक्चर है चाहे मंदिर हो या दरगाह या फिर गुरुद्वारा, यह सभी के लिए बाधा नहीं बन सकी। सार्वजनिक सुरक्षा सर्वोपरि है। अगर सड़क के बीच में कोई धार्मिक संरचना है, तो बुलडोजर एक्शन हो सकता है। हालांकि, तोड़-फोड़ के लिए समय देना होगा। यही नहीं कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। 17 सितंबर का अंतरिम आदेश जारी रहेगा।

### जब एसजी ने कहा, इंटरनेशनल एजेंसी की मदद नहीं चाहिए

सुनवाई के दौरान यूनाइटेड नेशन की तरफ से सीनियर एडवोकेट सीयू सिंह ने इंटरवेंशन एप्लीकेशन दाखिल की। इस पर जस्टिस गवई ने कहा कि हम अभी पर्याप्त घरों की समस्या पर विचार नहीं कर रहे हैं। हमारी परेशानी अभी सिर्फ अवैध निर्माण हैं। इस पर बाद में विचार करेंगे। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हमें इंटरनेशनल एजेंसी की मदद नहीं चाहिए। एडवोकेट सिंह ने कहा- हम घरों के बड़े मसले को नहीं देख रहे हैं, हम सिर्फ छोटे मुद्दे को देख रहे हैं।



## आय से अधिक संपत्ति वाले सरकारी अधिकारियों की उल्टी गिनती शुरू

### विजिलेंस टीम ने जल निगम के कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेस के पांच अफसरों के ठिकानों पर छापेमारी की

- तमाम हिदायत और चेतावनी के बावजूद कई सरकारी कर्मचारी अपनी संपत्ति का ब्योरा सरकार को नहीं दे रहे
- इंदिरानगर, गोमती नगर और विकास नगर में विजिलेंस टीम ने एक साथ छापेमारी की
- सूत्रों के अनुसार इस तरह की कार्रवाई निकट भविष्य में भी जारी रहेंगी

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

**लखनऊ।** योगी सरकार ने ठान लिया है कि प्रदेश के अधिकारियों और कर्मचारियों को आय से अधिक संपत्ति मामले में सबक सिखा कर रहेगी। तमाम हिदायत और चेतावनी के बावजूद कई सरकारी कर्मचारी अपनी संपत्ति का ब्योरा सरकार को नहीं दे रहे हैं। इसके बाद सरकार एक्शन में आई और लखनऊ में विजिलेंस की टीम ने मंगलवार को बड़ी छापेमारी की। आय से अधिक संपत्ति मामले में विजिलेंस टीम ने जल निगम के कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेस के पांच अफसरों के ठिकानों पर छापेमारी की गई। इंदिरानगर, गोमती नगर और विकास नगर में विजिलेंस टीम ने एक साथ छापेमारी की। सूत्रों के अनुसार इस तरह की कार्रवाई निकट भविष्य में भी जारी रहेंगी।

### कई अहम दस्तावेज हाथ लगे

विजिलेंस की टीम जिन कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेस के इंजिनियर के ठिकाने पर छापेमारी की है, उनमें सहायक अभियंता, दो अधीक्षण अभियंता, परियोजना प्रबंधक और सहायक अभियंता शामिल हैं। विजलेंस टीम इनके घर पर सर्च अभियान जारी रखे हुए है। जांच में टीम को कई अहम दस्तावेज हाथ लगे हैं।

### इनके ठिकानों पर हुई छापामारी

जानकारी के मुताबिक, विजिलेंस टीम ने मंगलवार को सहायक अभियंता और प्रोजेक्ट मैनेजर राघवेंद्र कुमार गुप्ता, अधीक्षण अभियंता(मु.) सत्यवीर सिंह चौहान, अधीक्षण अभियंता अजय रस्तोगी, परियोजना प्रबंधक व सहायक अभियंता कमल कुमार खरबन्दा और सहायक अभियंता व प्रोजेक्ट मैनेजर कृष्ण कुमार पटेल के ठिकानों पर छापे मारी की है।

### इससे पहले आय से अधिक संपत्ति मामले में अब तक 11 मामले दर्ज हो चुके हैं

इस संबंध मे मिली जानकारी के मुताबिक, विजिलेंस टीम ने आय से अधिक संपत्ति मामले में जल निगम के अफसरों पर यह कार्रवाई की है। इससे पहले आय से अधिक संपत्ति मामले में अब तक 11 मामले दर्ज हो चुके हैं। विजिलेंस की टीम अब अफसरों के घर और ठिकानों पर छापेमारी करने पहुंची।

## 56 साल बाद बर्फ में दबा मिला जवान का पार्थिव शरीर

### एयरफोर्स में तैनात थे मलखान सिंह



जन एक्सप्रेस। सहारनपुर

वायु सेना के जवान फतेहपुर गांव निवासी मलखान सिंह का पार्थिव शरीर 56 साल बाद सियाचिन ग्लेशियर क्षेत्र में बर्फ के नीचे मिला है। मंगलवार को सेना के जवानों ने गांव पहुंचकर मलखान सिंह के भाई को यह जानकारी दी। पार्थिव शरीर के पास मिले वाउचर से पहचान हुई है। बताया कि सर्च अभियान के दौरान पार्थिव शरीर मिला है, जो तीन अक्तूबर को गांव पहुंचेगा। नानौता थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर निवासी मलखान सिंह पुत्र रामदिया वायु सेना में कार्यरत थे। 7 फरवरी 1968 को वायु सेना के एक विमान ने चंडीगढ़ से लेह के लिए उड़ान भरी, जिसमें 100 से अधिक जवान सवार थे। विमान में फतेहपुर निवासी 23 वर्षीय मलखान सिंह भी अपने साथियों के साथ जा रहे थे। विमान हिमाचल के सियाचिन ग्लेशियर क्षेत्र में पहुंचा तो मौसम खराब होने के कारण वह क्रैश हो गया। इसमें मलखान सिंह समेत सभी जवान बलिदान हो गए थे, लेकिन बर्फीले पहाड़ होने के कारण किसी का पार्थिव शरीर नहीं मिला था। करीब 56 साल बाद मंगलवार को भारतीय सेना के जवान फतेहपुर गांव में मलखान सिंह के घर पहुंचे। उन्होंने मलखान सिंह के भाई इसमपाल सिंह से मुलाकात की और बताया कि मलखान सिंह का पार्थिव शरीर सर्च अभियान के दौरान मिल गया है। यह सुनकर इसमपाल सिंह हैरान रह गए। उन्हें यकीन ही नहीं हुआ कि ऐसा भी हो सकता है। इसमपाल सिंह ने सहारनपुर में रह रहे अपने भाई के पोते गौतम व मनीष को उनके दादा का पार्थिव शरीर मिलने की जानकारी दी। इसके बाद दोनों पोते व पोती भी अपने परिवार समेत गांव में आ गए।

### ये हैं परिवार में

मलखान सिंह के परिवार में उनकी पत्नी शीला देवी और इकलौते बेटे रामप्रसाद की मौत हो चुकी है। अब उनके परिवार में पोते गौतम, मनीष और पोती सोनिया, मोनिका और सीमा हैं। गौतम और मनीष सहारनपुर में ऑटो चलाते हैं। मलखान सिंह के भाई सुल्तान सिंह और चंद्रपाल सिंह की भी मौत हो चुकी है। फिलहाल भाई इसमपाल सिंह और बहन चंद्रपाली है।

## नौ राज्यों भारी बारिश चेतावनी, सामान्य से 7.6 फीसदी अधिक वर्षा के साथ समाप्त हुआ 2024 का मानसून सीजन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को जानकारी दी कि 2024 का मानसून सीजन समाप्त हो गया है। इस साल सामान्य से 7.6 फीसदी अधिक वर्षा दर्ज की गई। आईएमडी के मुताबिक, राजस्थान, गुजरात, पश्चिम मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में अधिक बारिश हुई। आईएमडी ने बुधवार के लिए असम,



मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसके अलावा, दक्षिणी राज्य केरल और तमिलनाडु में भारी बारिश का अनुमान जताया है।

## झांसी में अवैध पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, सात महिलाएं हुईं घायल

जन एक्सप्रेस। झांसी

झांसी में मंगलवार दोपहर समथर कस्बा के पहाड़पुरा तिराहे के पास खेत में चोरी-छिपे चल रही पटाखा फैक्टरी में अचानक विस्फोट हो गया। विस्फोट होने से वहां आग लग गई। हादसे में सात महिलाओं समेत एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। यहां चार महिलाओं की



हालत नाजुक बताई जा रही है। कस्बा निवासी आतिशबाज बन्ने खां सरकारी जमीन पर चोरी-छिपे पटाखों का निर्माण करा रहा था। फैक्टरी में मौजूद कर्मचारियों का कहना है दोपहर करीब ढाई बजे पटाखों में बारुद भरते समय अचानक तेज आवाज के साथ विस्फोट हो गया। धमाके की आवाज दूर तक सुनी गई। हादसे में आरती (18) पुत्री लक्ष्मण, रोहिणी (16) रामकुमार, विनोद (18) सुखदेवी (46) पत्नी लक्ष्मण, शिवानी (18) पुत्री रवि, नसरीन (35) पत्नी बन्ने, लक्ष्मी साहू (40) पत्नी महेश समेत अन्य घायल हो गए। हादसे की सूचना पर सीओ हरिमोहन सिंह, थाना प्रभारी अजमेर सिंह भदौरिया समेत अन्य पुलिस अफसर पहुंच गए। एसपी (आरए) गोपीनाथ सोनी के मुताबिक घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**रिपोर्ट** पैरा खिलाड़ियों को 20 करोड़ 30 लाख व सामान्य खिलाड़ियों को दिए गए 2 करोड़ 40 लाख रुपए

## नशा नाश का कारण, इससे दूर रहकर ही सपनों को किया जा सकता है साकार: सीएम योगी

- सीएम ने खिलाड़ियों को दिया सफलता का मंत्र, मोबाइल फोन और नशे से दूर रहें
- खेलों में प्रदेश का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को सीएम योगी ने किया सम्मानित
- ओलंपिक व पैरालंपिक गेम्स के पदक विजेताओं को सीएम योगी ने किया पुरस्कृत

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को वैश्विक स्तर पर देश व उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को लखनऊ में सम्मानित किया। इस दौरान सीएम योगी ने युवाओं और खिलाड़ियों को सफलता का मंत्र भी दिया। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मंगलवार को खिलाड़ियों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा पीढ़ी के लिए आज स्मार्ट फोन सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। यह युवाओं के समय और श्रम दोनों को प्रभावित करता है। साथ ही उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को नशे से दूर रहना चाहिए, नशा नाश का का कारण है, जो नशे की तरफ गया वह जीवन में फिर किसी के लायक नहीं रह पाएगा। उन्होंने कहा कि युवा अपने आप को तैयार करें, उनकी सुविधाओं के लिए केंद्र और राज्य सरकार उनके लिए समुचित माहौल तैयार कर रही है। युवा खेल के अपने जीवन का हिस्सा बनाएं इसके लिए प्रदेश के शहरों और गांवों में खेल की सुविधाओं को विकसित किया जा रहा है। अच्छे प्रशिक्षण के साथ-साथ अच्छे प्रशिक्षक भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। खेल के प्रति युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए सीएम योगी ने सम्मान समारोह में आए खिलाड़ियों की प्रेरक कहानी भी साझा की। जिन्होंने बढ़ाया देश का मान, ऐसी प्रतिभाओं का सम्मान' कार्यक्रम में 14 ओलंपियंस व पैरालंपिक एथलीट्स को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश का मान बढ़ाने वाले इन सभी खिलाड़ियों को 22.70 करोड़ रुपए की पुरस्कार सम्मान राशि वितरित की। इनमें पदक विजेता कुल 7 ओलंपियंस व पैरालंपियंस और 7 अन्य प्रतिभाग करने वाले ओलंपियंस व पैरालंपियंस मौजूद रहे। सम्मानित होने वाले पदक विजेताओं में प्रवीण कुमार, सुहास एलवाई, अजीत सिंह, प्रीति पाल, सिमरन, ललित उपाध्याय व राज कुमार पाल शामिल रहे।



### इन प्लेयर्स को भी मिला पुरस्कार

इसके अतिरिक्त पेरिस ओलंपिक व पैरालंपिक गेम्स में प्रतिभाग कर उत्तर प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए पारुल चौधरी, अनु रानी, प्रियंका गोस्वामी, प्राची चौधरी, साक्षी कसाना, दीपेश कुमार तथा यश कुमार को 10-10 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया।

### प्रशिक्षकों को भी किया सम्मानित

पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक के लिए खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने वाले चार प्रशिक्षकों का भी सीएम योगी ने सम्मान किया। इनमें गजेंद्र सिंह (पैरा एथलीट), गौरव खन्ना (पैरा बैटमिंटन), राकेश कुमार यादव (पैरा एथलीट) और डॉ. सत्यपाल सिंह (पैरा एथलीट) शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशिक्षकों का सम्मान महत्वपूर्ण है, क्योंकि प्रशिक्षक ही हमारे खिलाड़ियों को ओलंपिक जैसी प्रतिस्पर्धाओं के लिए तरासते और तैयार करते हैं।

### ये खिलाड़ी हुए पुरस्कृत

पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने ओलंपिक-पैरालंपिक में एक स्वर्ण समेत छह पदक जीते हैं। गौतमबुद्ध नगर के पैरा हाई जम्पर प्रवीण कुमार ने पैरालंपिक 2024 में स्वर्ण पदक जीता है। उन्हें 6 करोड़ रुपए की धनराशि प्रदान की गई। वहीं भारतीय हॉकी टीम की तरफ से खेलते हुए वाराणसी के ललित उपाध्याय और गाजीपुर के राजकुमार पाल ने ओलंपिक में कांस्य पदक जीता। उन्हें एक-एक करोड़ रुपए पुरस्कार राशि के तौर पर दिया गया। यूपी के आईएएस अधिकारी सुहास एलवाई ने पैरा बैडमिंटन में और इटावा के अजीत सिंह ने पैरा एथलेटिक्स की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। दोनों को 4-4 करोड़ रुपए की धनराशि प्रदान की गई। इसी तरह मुजफ्फरनगर की रहने वाली एथलीट प्रीति पाल ने 100 मीटर और 200 मीटर में कांस्य पदक जीता, जिसके लिए उन्हें 4 करोड़ रुपए तो वहीं गाजियाबाद की सिमरन ने अपने वर्ग की 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता, जिसके लिए उन्हें 2 करोड़ रुपए से पुरस्कृत किया गया।

# जिलाधिकारी ने वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान कर दी योजनाओं की जानकारी

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

उत्तर प्रदेश राज्य वरिष्ठ नागरिक नीति के अंतर्गत जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में मंगलवार को वरिष्ठ नागरिक दिवस का आयोजन कलेक्टरेट सभागार में किया गया।
जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया गया है, उसी क्रम में वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया गया। उन्होंने कहा कि आप लोग भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें। साथ ही समाज के लोगों को भी लाभान्वित कराएं। कहा कि भारत सरकार ने आयुष्मान कार्ड योजना के तहत 70 वर्ष से ऊपर आयु के सभी लोगों को 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य लाभ लेने की योजना लागू की है। इसके अलावा पेंशन योजनाएं भी संचालित है, उनका लाभ आम जनमानस को दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि




स्वास्थ्य के बारे में शहरों पर योग भी कराया जा रहा है, उसका भी आप लोग लाभ लें। जिलाधिकारी ने कहा कि उन्होंने कानपुर नगर में उत्तर प्रदेश में पहला सीनियर ड्रेकर सेंटर बनवाया था, जिसमें सभी सुविधाएं वरिष्ठ नागरिकों एवं बुजुर्गों के लिए उपलब्ध कराई गई। इसी मॉडल पर जनपद स्तर पर भी निर्माण कराया जाएगा ताकि वरिष्ठ नागरिकों को लाभ दिलाया जा सके। उन्होंने कहा कि आप लोगों की जो समस्याएं हैं, उससे अवगत कराया जाए। जिलाधिकारी ने वरिष्ठ कोषाधिकारी तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि जो वरिष्ठ नागरिकों की समस्याएं हैं, उनको प्राप्त कर सम्बन्धित विभागों से निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।
जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षा, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य, आर्थिक सुरक्षा, आवासीय अधिकार, उनके समग्र कल्याण तथा उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए दुर्व्यवहार एवं शोषण से उनकी रक्षा, सक्रिय सृजनात्मक उत्पादक एवं संतोषप्रद जीवन जीने के लिए उचित अवसर एवं सुविधाएं, दीर्घकालीन अनुभवों को समाज को स्थान के लिए उपयोग में लाने की सुदृढ व्यवस्था, वरिष्ठ नागरिकों के लिए ऐसी कार्यक्रम क्रियांवित करना, जिससे उन्हें शहरी क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों जैसी सुविधाएं उपलब्ध हो सके, आयु सम्बन्धित समाज की अवधारणा को मूर्त रूप प्रदान करना, नीति के अनुरूप बनाए जाने वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं के सफल क्रियान्वयन, समुचित बजट प्रावधान आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि आज शासन और प्रशासन की मंशा के अनुरूप वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया जा रहा है। हम लोग अपनी सेवा से निवृत होकर अब सामाजिक लोगों को जागरूक करें। हमारा कर्तव्य है कि गांव में अच्छा माहौल कायम रहे तो हमें समाज को जागरूक करना होगा ताकि वरिष्ठ नागरिक सम्मान पूर्वक जीवन यापन कर सके और शासन की योजनाओं का लाभ ले सकें। पेंशनर्स संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रताप नारायण श्रीवास्तव ने कहा कि भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान कराने का निर्णय लिया है। समाज का वातावरण दूषित हो रहा है माता-पिता को बच्चे घर से बाहर निकाल दे रहे हैं। इन सब कुरीतियों को दूर करने में हम सब लोग मिलकर सहयोग करें तभी समाज का कल्याण होगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने वरिष्ठ नागरिकों को अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह, पेंशनर्स जगबली सिंह, महेंद्र सिंह पटेल, जागेश्वर सिंह, गोकुलेश ओझा, नरेश गुप्ता, मधुसूदन मिश्रा, भुवनेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने मेला में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों को ब्रीफ कर किया निर्देशित

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने अश्विन मास, पितृ विसर्जनी अमावस्या मेला डियूटी में लगे पुलिस बल को ब्रीफ किया। ब्रीफिंग में अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी अपनी डियूटी पर समय से पहुचेंगे, कोई भी अधिकारी, कर्मचारी डियूटी में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं करेगा। ड्यूटी के दौरान सभी श्रद्धालुओं से नम्रतापूर्वक व्यवहार करेगें। उन्होंने बताया कि मेल को सकुशल संपन्न करने के लिए 4 जोन व 14 सेक्टर में बांटा गया है। जिसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट के अलावा 4 पुलिस क्षेत्राधिकारी, 14 थाना प्रभारी निरीक्षक, 11 निरीक्षक, 45 उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, 165 हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल, 45 महिला कांस्टेबल, 2 उपनिरीक्षक यातायात, 18 हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल यातायात, 1 पीएससी कंपनी, 1 उपनिरीक्षक एलआईयू, 4 हेड कान्सटेबल, कान्सटेबल एलआईयू, 1 एसचैक टीम, 2 डॉग स्कायड, 2 फायर टेण्डर की डियूटी लगाई गई है। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय, नगर राज कमल, मऊ जय करन सिंह, क्षेत्राधिकारी कार्यालय, लाइन्स यामीन अहमद आदि मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### 10 नवम्बर तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लें नहरों पर सिल्ट सफाई का कार्य- डीएम

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में सिल्ट सफाई कार्यक्रम के सम्बन्ध में मंगलवार को बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। अधिशासी अभियंता सिंचाई एसके प्रसाद ने बताया कि रसिन, बरुआ, ओहन, गुन्ता बांध, चिल्ली पंप कैनाल एवं लघु योजनाओं कि कुल 455.126 किलोमीटर नहरों की सिल्ट सफाई का प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजा गया है। जिसमें जितने किलोमीटर कि स्वीकृति शासन स्तर से होकर आएगी, उसी के अनुसार नहरों की सिल्ट सफाई का कार्य कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि 10 नवंबर तक प्रत्येक दशा में सभी नहरों पर सिल्ट सफाई का कार्य करा लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिए कि गत वर्ष जो सिल्ट सफाई नहरों की कराई गई है, उसके फोटोग्राफ्स दिखाया जाए। साथ ही इस वर्ष जिन नहरों की सिल्ट सफाई कराई जानी है, उसमें सिल्ट सफाई कार्य होने के पूर्व एवं कार्य के बाद के फोटोग्राफ्स भी अवश्य लिया जाए। उन्होंने कहा कि जहां पर नहरें व पुलिया टूटी है, उनको भी ठीक कराया जाए। उन्होंने कहा कि शासन से नहरों की सफाई के लिए जैसे ही स्वीकृति प्राप्त हो जाए तो शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य समय सीमा के अंदर कराया जाए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात यामीन अहमद, अधिशासी अभियंता सिंचाई एसके प्रसाद, सहायक अभियंता सिंचाई गुरु प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### अपर पुलिस अधीक्षक ली मंगलवार परेड की सलामी

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने पुलिस लाइन में मंगलवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड में अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों की ड्रिल का निरीक्षण किया। एएसपी ने शस्त्रों को खोलवाया। साथ ही पुलिस लाइन का भ्रमण कर मैस, बैरिक, सीपीसी कैन्टीन, आरओआईपी डायल 112, रेडियो कन्ट्रोल रूम, क्वार्टर गार्द, स्टोर रूम का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने कर्मचारियों का अर्दली रुम किया।

### 4 आरोपियों के विरुद्ध की मिनी गुंडा की कार्यवाही

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा जनता में भय आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले बाबू उर्फ मनोज यादव, नीलू उर्फ विनोद यादव, लाखनलाल उर्फ लखना व भरतलाल यादव निवासी चकला गुरुबाबा शिवरामपुर के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चैकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी व उप निरीक्षक यूटी कुंवर प्रखर, आरक्षी विवेक कुमार द्वारा शैलेन्द्र सिंह निवासी गोबरिया को 36 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### सरस्वती शिशु मंदिर आचार्य दक्षता वर्ग का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। सरस्वती शिशु मंदिर में विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर, बालिका विद्या मंदिर में आचार्य दक्षता वर्ग का आयोजन किया गया। जिसमें सरस्वती वंदना व वार्षिक गीत सुशील एवं मोनिका पांडेय द्वारा दोहराया गया। दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन राजकिशोर आचार्य द्वारा किया गया। महेंद्र द्वारा योगाभ्यास कराया गया। दिलीप आचार्य ने वैदिक गणित के बारे में जानकारी दी। बालिका विद्या मंदिर की प्रधानाचार्य ने सभी का मार्गदर्शन किया। इसके बाद सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य गिरिजा कांत बुधौलिया ने आभार प्रदर्शन किया।

### अज्ञात कारणों से ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

जन एक्सप्रेस/उरई। कोतवाली क्षेत्र में अजनारी रोड स्थित रेलवे फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गायर निवासी सचिन उर्फ गोलू 22 वर्ष दो दिन पहले अपनी पत्नी काजल को लेने के लिए ग्राम खांखरी गया हुआ था। बताया गया है कि वह पत्नी को लिवाकर गांव नहीं गया बल्कि उरई पहुंच गया, और उसने पत्नी को रिक्शा बुक कर उसके मामा के घर गढ़र भेज दिया। जबकि उसने पत्नी काजल से कहा कि वह कुछ काम निपटाने के बाद देर शाम तक वहीं आ जाएगा। बताया गया है कि सोमवार की शाम वह अजनारी रोड स्थित रेलवे फाटक के पास किसी का इंतजार कर रहा था। इस दौरान वह फोन से बात करता हुआ रेलवे लाइन किनारे चला गया और अचानक ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद वहां अफरातफरी मच गई और मौजूद लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और शिनाख्त कराने के बाद घटना की जानकारी उसके परिजनों को दी। पुत्र की मौत होने की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### किशोरियों को कुपोषण के प्रति किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। महिलाओं और बच्चों को कुपोषण से बचाने एवं कुपोषण के प्रति जागरूक करने के लिए जन कल्याण शिक्षण समिति द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत पोषण माह मनाया गया। इसके अंतर्गत पोषण वही जो हो सही, गर्भवती महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों को पोषण के प्रति जागरूक करने तथा कुपोषण से बचाने के लिए विभिन्न ग्राम पंचायतों मारकुंडी, सरैया, चंद्रा मारा, खरौंध, खोह, बिहारा, संग्रामपुर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति के कार्यक्रम समन्वयक आदित्य मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान करने वाली महिलाओं और किशोरियों को कुपोषण और एनीमिया की कमी से बचाना है। सीएसडब्लू पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि बच्चों को खाना खिलाने से पहले साफ सफाई का विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए। साथ ही खाना बनाने, खाना परोसने से पहले स्वच्छता का विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए। खानपान से भी बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रभाव पडता है। इसलिए हमको स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। संस्था के सचिव शंकर दयाल ने बताया कि संस्था जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति उत्तर प्रदेश में बाल विकास एवं पोषाहार के मुद्दों पर विशेष रूप से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कुपोषण देश में एक बडी समस्या है।

# प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर सड़क को कराया अतिक्रमण मुक्त

जन एक्सप्रेस । उरई

प्रशासन ने मंगलवार को अवैध तरीके से सरकारी जगह पर कब्जा करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाया। इस दौरान प्रशासन ने बुलडोजर की मदद से सड़कों पर किए गए कब्जे को हटाया, साथ ही कब्जा करने वालों को चेतावनी दी, प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई से लोगों में हड़कंप मचा रहा। वहीं सुरक्षा को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था, जिससे कोई हंगामा न हो सके।



बता दे कि जालौन के उरई मुख्यालय के झांसी रोड स्थित चुंगी से कालपी रोड स्थित इंदिरा स्टेडियम तक सड़क चौड़ीकरण का काम चल रहा है। शहर के मुख्य मार्ग पर सीसी रोड का निर्माण का काम चल रहा है, जिसको लेकर प्रशासन ने इस सड़क पर अवैध कब्जा करने वालों लोगों को नोटिस जारी किया था और कब्जा हटाने के निर्देश दिए थे, जिससे सड़क का चौड़ीकरण हो सके, मगर इस सड़क पर मकान मालिक और दुकानदारों ने कब्जा मुक्त नहीं किया था, जिसके बाद मंगलवार को उरई की ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा ब्याडबाल, सिटी मजिस्ट्रेट अजीत जायसवाल, सीओ उमेश कुमार पांडेय के साथ नगर पालिका और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने पीली कोठी से शहीद भगत सिंह चौराहे तक कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ बुलडोजर चलाकर कार्रवाई की, इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर मकान के आगे लगाए गए टीनशेड, बढ़ाई गई नालियां, चबूतरो को ध्वस्त कराया, साथ ही सभी को निर्देश दिए, यदि किसी के भी द्वारा अतिक्रमण किया जाता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी वहीं प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध तरीके से कब्जा करने वाले लोगों में हड़कंप मचा रहा।

## हाइवे पर गाय से टकराई बाइक, हादसे में भाई बहन घायल

जन एक्सप्रेस/कालपी। कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर जा रही बाइक चौरासी गुंबद के पास हाईवे पर घूम रही अन्ना गए से टकरा गई। हादसे में बाइक पर सवार भाई बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। कानपुर देहात के शट्टी शाहजहांपुर निवासी अदिति 26 वर्ष पुत्री बच्ची लाल मंगलवार की सुबह अपने भाई के साथ बाइक से उरई जा रही थी। तभी कालपी कोतवाली क्षेत्र में चौरासी गुम्बद के समीप नेशनल हाईवे पर घूम रही अन्ना गाय से बाइक टकरा गई। जिसमे बाइक पर सवार भाई बहन गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना से मौके पर हड़कंप मच गया और राहगीरो ने घायलों को एनएच एम्बुलेंस से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ केंद्र कालपी पहुंचाया। जहां पर युवती की.हालत गंभीर देखते हुए डॉ विशाल सचान ने प्राथमिक उपचार देने के बाद मेडिकल कॉलेज के लिए रिफर कर दिया।

## अज्ञात कारणों के चलते महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस । उरई

रामपुरा थाना क्षेत्र में महिलाओं द्वारा आत्महत्या किए जाने का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। जिसमें मंगलवार को ग्राम टीहर में एक और विधवा महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इटावा के ग्राम बिठौली निवासी सोनम पुत्री रामनारायण दुबे का विवाह 25 जनवरी 2022 को रामपुरा के ग्राम टीहर निवासी अमन पुत्र वीरेंद्र कुमार शुक्ला के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ था। बताया गया है कि विवाह होने के करीब एक वर्ष में ही सोनम के पति की करंट लगने से मृत्यु हो गई थी। पति की मृत्यु के बाद वह अपने पिता के पास विठौली जाकर रहने लगी थी। जो चार भाइयों के बीच इकलौती बहन का मायके में खूब ख्याल रखा जाने लगा था। इसी बीच सोनम के पिता रामनारायण दुबे का भी देहांत हो गया। अपने पति व पिता के निधन के बाद वह मायके विठौली व ससुराल टीहर दोनों जगह पर एक-एक दो-दो माह रहने लगी थी। बीते दिन सोमवार को महिला के ससुर के बड़े भाई रामबाबू शुक्ला का टीहर में निधन हो गया। जो अपने ककिया ससुर के निधन की सूचना पर अपनी ससुराल टीहर आ गई। जिसने मंगलवार की दोपहर जब घर पर कोई नहीं था तब उसने गमछा से फांसी का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली। घटना की खबर मिलते ही सास ससुर व जेठ अजय उर्फ कल्लू व अन्य परिजन मौके पर पहुंच और उन्होंने मामले की खबर पुलिस को दी। सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ राम सिंह,थानाध्यक्ष संजीव कुमार कटियार, उप निरीक्षक हर्षवर्धन त्रिपाठी, मदन पाल चौकी इंचार्ज ऊमरी मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने घटना से संबंधित जानकारी ली और मृतका के मायके बिठौली सूचना देने के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में थानाध्यक्ष रामपुरा संजीव कुमार कटियार ने बताया कि मामले की हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच पड़ताल की जा रही है। तहरीर मिलने के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने के आरोपी को सुनाई गई सात वर्ष की सजा

जन एक्सप्रेस । उरई

न्यायालय में करीब 14 वर्ष ट्रायल पर चले पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने के मामले में आरोपी को 7 वर्ष के कारण आवाज की सजा सुनाई गई। न्यायाधीश ने गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर आरोप सिद्ध हो जाने के बाद फैसला सुनाया और 11 हजार का जुर्माना भी लगाया।
शासकीय अधिवक्ता मोतीलाल पाल ने बताया कि उरई कोतवाली क्षेत्र में करीब 14 वर्ष पहले 2010 में एसओजी प्रभारी उप निरीक्षक स्वतंत्र कुमार सिंह और उनकी टीम को सूचना मिली थी। जिसमें मुखबिर ने बताया था कि हमीरपुर जनपद के चिकासी थाना क्षेत्र के ग्राम विरहर के रहने वाले जग भान उर्फ जगमोहन पुत्र सनसेरदीन क्षेत्र में किसी वारदात की फिराक में घूम रहा है। सूचना पर एसओजी प्रभारी और उनकी टीम ने शहर कोतवाली क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान जगभान उर्फ जगमोहन ने एसओजी प्रभारी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी थी। जिसमें वह बाल बाल बच गए थे, और पुलिस ने घेराबंदी करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। साथ ही उसके पास से तमंचा भी बरामद किया था। जिसके खिलाफ विवेचना करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र भी दाखिल किए गए थे। 14 वर्ष तक चले ट्रायल के बाद अभियोजन पक्ष व अभियुक्त की तरफ से अधिवक्ताओं द्वारा बहस की गई। जिसमें प्रभावी पैरवी होने पर सोमवार को न्यायालय एडीजे प्रथम कोर्ट के न्यायाधीश शिव कुमार ने साक्ष्य और गवाहों के आधार पर जगभान उर्फ जगमोहन को दोषी पाया।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान अक्टूबर 2024 का उद्घाटन मंगलवार को जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव व पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल ने संचारी रोग से रोकथाम व बचाव के लिए स्वास्थ्य कर्मियों, सफाई कर्मियों, सफाई वाहनों आदि की जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया।
विशेष संचारी रोग व दस्तक अभियान का तृतीय चरण जनपद मंगलवार से 31 अक्टूबर तक चलाया जाना प्रस्तावित है। जिसमें विभिन्न विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए विभिन्न गतिविधियां झाडियां की




कटाई, नालियों की सफाई, कीटनाशक दवाओं का छिडकाव, जन जागरूकता आदि संपादित करेंगे। समस्त विभागों द्वारा आपसी समन्वय बनाते हुए शासन द्वारा दी गई गाइड लाइन में दिए गए निर्देशों के अनुसार अपने कार्य व दायित्वों का पालन किया जाएगा। दस्तक अभियान 11 से 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। जिसके अंतर्गत आशा व आंगनवाडी कार्यकत्रियां घर-घर जाकर बुखार के रोगियों, क्षयरोग के लक्षण वाले व्यक्तियों, कुपोषित बच्चों आदि की जानकारियां एकत्र करेंगी। दस्तक अभियान में घर-घर भ्रमण के दौरान आशा कार्यकर्ता द्वारा घर के प्रत्येक सदस्य की आभा आईडी बनाने का भी कार्य किया जाएगा। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी वेक्टर बॉर्न डॉ गंगाराम रतमेले, जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब सिंह, सहायक मलेरिया अधिकारी आरके सिंह, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक रोहित व्यास, मलेरिया निरीक्षक प्रगति चंदेल, ज्योति सिंह, जयशंकर गुप्ता, यूनिसेफ के डीएमसी दिलीप द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने ली तीर्थ विकास परिषद एवं पर्यटन विभाग के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में मंगलवार को तीर्थ विकास परिषद तथा पर्यटन विभाग द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों एवं एयरपोर्ट के कार्यों की पाक्षिक समीक्षा बैठक कैंप कार्यालय में हुई। एयरपोर्ट की समीक्षा में जिलाधिकारी ने कहा कि जो वन विभाग से भूमि एयरपोर्ट को दी जाएगी, उस सम्बन्ध में प्रभागीय वनाधिकारी व एयरपोर्ट अथॉरिटी एवं उप जिलाधिकारी मानिकपुर बैठक कर कार्यवृत्ति प्रेषित करें। संयुक्त महा प्रबंधक राइट्स लिमिटेड शिव प्रकाश लाल ने बताया कि जो अशंतह कार्य छुटे हुए हैं, उसको छोडकर जो कार्य पूर्ण हो गए हैं, उसे लोक निर्माण विभाग हैंड ओवर करें। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई प्रांतीय खंड को निर्देशित किया कि इस सम्बन्ध में जानकारी नहीं है तो उच्चाधिकारियों व शासन से दिशा निर्देश प्राप्त कर हैंड ओवर कराएं। पर्यटन को बढावा देने के लिए जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड पीएमजीएसवाई से कहा कि लक्ष्मण पहाडी के पीछे की रोड को बनाने के लिए प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भेजें। अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड पीएमजीएसवाई ने कहा कि धर्मार्थ कार्य के अंतर्गत 6 सडके तीर्थ स्थलों को जोडने वाली शासन को भेजी गई है। जैसे ही अनुमोदन प्राप्त होता है कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने पर्यटन विकास कार्य के सम्बन्ध में जिला पर्यटन अधिकारी को निर्देशित किया कि सरकारी पैसा को प्राइवेट समितियां में में लगाने की जानकारी मांगी। उन्होंने कहा कि इसकी सूची उपलब्ध कराएं। अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि यूपीटी तिराहा से रामघाट तक कल्चरल प्रोग्राम के लिए स्थल चिन्हित करें। जिससे कि कल्चरल प्रोग्राम किया जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि समिति बनाकर पूरा प्रपत्र तैयार कर कराएं। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी, संस्कृत विभाग, पर्यटन विभाग को निर्देशित किया कि समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि कल्चरल प्रोग्राम के लिए कितनी जमीन चिन्हित की गई है, उनके नाम व एरिया की सूची उपलब्ध कराए।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। जिला गंगा समिति एवं रानीपुर टाइगर रिजर्व द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता एंव गंगा स्वच्छता शपथ कार्यक्रम डॉ भीमराव अम्बेडकर इण्टर कॉलिज बरवारा में हुआ। बरवारा ग्रामप्रधान प्रतिनिधि अभिलाष सिंह ने कहा कि स्वच्छता बनाये रखने से बीमारियां कम होती है। अगर बीमारियां कम होती है तो व्यक्ति स्वस्थ रहेगा और व्यक्ति स्वस्थ रहेगा तो व्यक्तित्व का विकास होगा। जिला परियोजना अधिकारी गोपाल कृष्ण गुप्ता ने कहा कि अगर नदियों को संरक्षित करना है तो घर से निकली पूजा पाठ की सामग्री को नादियों में फेंकना बंद करना होगा, तभी हमारी नादियां स्वच्छ होगी। डॉ भीमराव अम्बेडकर इण्टर कॉलिज के प्रधानाचार्य अनुपम सिंह ने कहा कि हमें अपने घर के साथ विद्यालय तथा अपने गाँव व शहर को स्वच्छ बनाये रखने के लिये योगदान देना पडेंगा।

# डीएम ने ली पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में मंगलवार को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।
परियोजना अधिकारी नेडा एके श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में निदेशालय स्तर से पीएम सूर्य घर योजना के लिए 12 हजार घरों में ऑन ग्रिड सोलर रूफटॉप प्लांट लगाने का लक्ष्य दिया गया है। जिसमें शासन द्वारा 10 हजार 800 का लक्ष्य नगर पालिका व नगर पंचायतों को दिया गया है। उन्होंने बताया कि सोलर रूफ टॉप संयंत्र की स्थापना के लिए एक से 10 किलोवाट क्षमता के संयंत्र का अनुमानित मूल प्रति किलो वाट लगभग 60 से 65 हजार रुपए प्रति किलो वाट के मध्य आता है। जिसमें भारत सरकार एवं प्रदेश



सरकार द्वारा प्रति किलो वाट के अनुसार अनुदान भी दिया जा रहा है। संयंत्र स्थापना के लिए प्रति किलो वाट 10 वर्ग मीटर छाया रहित छत की आवश्यकता होती है। 1 किलो वाट के सोलर रूफटॉप संयंत्र से औसतन प्रतिदिन चार या पांच यूनिट बिजली का उत्पादन होता है। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन के लिए भारत सरकार द्वारा नेशनल पोर्टल लागू किया गया है। इस संयंत्र की स्थापना के लिए बैंकों द्वारा ऋण भी उपलब्ध कराए जाने के लिए भारत सरकार के पोर्टल पर विभिन्न बैंकों को सूचीबद्ध किया गया है। जिसका लाभ उपभोक्ता ले सकते हैं। जिलाधिकारी ने परियोजना अधिकारी नेडा से कहा कि नगर पालिका, नगर पंचायतों व मुख्य कस्बों पर अभियान चलाकर प्रचार प्रसार कराया जाए। साथ ही लोगों को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाए। पोस्टर पंपलेट भी वितरित किया जाए। मठ मंदिरों व जनप्रतिनिधियों से भी संपर्क करके स्थापित कराए। उद्योग बंधु की बैठक में भी व्यापारियों से वार्ता करके सोलर रूफटॉप लगवाया जाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों से कहा कि आर आई व सुपरवाइजरों को लगाकर सोलर रूफटॉप के बारे में लोगों को जागरूक करके लगवाने के लिए प्रेरित करें, जो आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उनके यहां पर वेंडरों के माध्यम से सोलर रूफटॉप लगवाया जाए। उन्होंने अधीक्षण अभियंता विद्युत से कहा कि उपखंड अधिकारी, अवर अभियंता एवं अपने विद्युत कर्मचारियों के माध्यम से भी लोगों को जागरूक करके सोलर पैनल के कनेक्शन अधिक से अधिक कराया जाएं। उन्होंने वेंडरों से कहा कि विद्युत कनेक्शन धारकों से संपर्क करके अधिक से अधिक सोलर पैनल लगवाएं।
इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा आदि मौजूद रहे।

# फोर लेन आउटर रिंग रोड का निर्माण कराएगी योगी सरकार

**सीएम योगी के विजन अनुसार, लखनऊ के रैथा अंडरपास से लेकर पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क तक 14.28 किमी क्षेत्र की सड़क को किया जाएगा फोर लेन**

- आईआईएम से आउटर रिंग रोड स्थित रैथा अंडरपास मार्ग का होगा कायाकल्प, 8.4 किमी तक दो लेन चौड़ी होगी सड़क, व्यापक चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण पर फोकस
- 139.56 करोड़ रुपए की लागत से फोर लेन व डबल लेन के निर्माण, चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण प्रक्रिया को किया जाएगा पूरा
- लोक निर्माण विभाग को सौंपा गया है मार्ग के निर्माण, चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण प्रक्रिया को पूरा करने का जिम्मा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार लखनऊ में फोर लेन आउटर रिंग रोड के निर्माण प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू कर चुकी है। सीएम योगी के विजन अनुसार, लखनऊ के रैथा अंडरपास से लेकर पीएम मित्र पार्क टेक्सटाइल पार्क तक 14.28 किमी क्षेत्र की सड़क को फोर लेन किया जाएगा। वहीं, आईआईएम से आउटर रिंग रोड स्थित रैथा अंडरपास के कायाकल्प को भी इस परियोजना के अंतर्गत पूरा किया जाएगा। इस प्रक्रिया में 8.4 किमी तक सड़क का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कर इसे दो लेन का किया जाएगा। फोर लेन व डबल लेन संबंधी इन दोनों प्रक्रियाओं को 139.56 करोड़ रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा। योगी सरकार द्वारा इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए धनराशि अवमुक्त करने के साथ ही विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। इन कार्यों को लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रमुख अभियंता (विकास) व विभागाध्यक्ष की देखरेख में पूरा किया जाएगा।



### एक लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएगा मेगा टेक्सटाइल पार्क

लखनऊ के रैथा अंडरपास से लेकर पीएम मित्र पार्क तक 14.28 किमी क्षेत्र की सड़क को फोर लेन किए जाने तथा आईआईएम से आउटर रिंग रोड स्थित रैथा अंडरपास के कायाकल्प से कनेक्टिविटी में व्यापक सुधार होगा। इससे मेगा टेक्सटाइल पार्क के रूप में विकसित किए जा रहे पीएम मित्र पार्क को बड़े स्तर पर कनेक्टिविटी प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त होगा। उल्लेखनीय है कि परियोजना के अंतर्गत मलिहाबाद के अटारी गांव में विकसित किए जा रहे पीएम मित्र पार्क को पीपीपी पार्टनरशिप के जरिए विकसित किया जा रहा है। इस मेगा टेक्सटाइल पार्क की शुरुआत से एक लाख लोगों को रोगजार मिलेगा।

### भविष्य की जरूरतों के अनुसार बढ़ाई जा रही कनेक्टिविटी

पूरे क्षेत्र को कनेक्टिविटी समेत भविष्य की जरूरतों के हिसाब से विकसित किया जा रहा है। अटारी गांव एनएच-20 और एसएच-20 से लगभग 20 किलोमीटर दूर है। ये दोनों लखनऊ को सीतापुर व हरदोई से जोड़ने वाली चार लेन की सड़कें हैं। इसके अलावा कनेक्टिविटी के लिए छह लेन वाली 20 किलोमीटर लंबी आउटर रिंग रोड भी है। पार्क के लिए रेल कनेक्टिविटी भी बेहतर है। पार्क के लिए चिह्नित स्थान से मलिहाबाद रेलवे स्टेशन महज 16 किलोमीटर दूर है जबकि लखनऊ रेलवे स्टेशन 40 किलोमीटर की दूरी पर है। इसके अलावा, लखनऊ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से पार्क 45 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इसके अतिरिक्त, कानपुर नोड पर समर्पित फ्रेट कॉरिडोर 95 किलोमीटर और अंतर्देशीय कंटेनर डिपो कानपुर में 111 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

# मोबाइल टॉवर में चोरी करने वाले चार व्यक्ति गिरफ़्तार

- पुलिस ने चोरों से चोरी की गई बैटरी की बरामद कर, भेजा जेल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



सैरपुर थाना क्षेत्र में एक कम्पनी के टेक्निकल मैनेजर ने ग्राम उमरभारी में लगे इंडस कम्पनी के मोबाइल टॉवर से 24 बैट्री व केबल अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना पर मु0अ0सं0 135/2024 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात चोर के पंजीकृत किया गया। वहीं बीकेटी एसीपी के नेतृत्व में सैरपुर थाना प्रभारी जितेन्द्र गुप्ता उ0नि0 संदीप कुमार मिश्रा, हे0का0 अनिल कुमार, का0 पंकज कुमार,का0 राशिद अली,का0 रवि भूषण कुमार टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर आईआईएम तिराहे के पास इंडस कम्पनी में टेक्निशियन के पद पर कार्य करने वाले अनमोल सिंह, रजत सिंह ,कुलदीप मिश्रा, अजय कुमार, प्रिया को सैरपुर पुलिस ने हिरासत में लिया हैं। पकड़े गये व्यक्तियों के पास से 24 काली रंग की बैट्री, एक कटर मशीन पुराना इस्तेमाली,5 कम्पनी के टूटे हुये ताले, 100 छोटी बड़ी चाभियां, लगभग 5 मीटर लाल काले रंग की केबल, करीब 10 नट बोल्ट व 01 वाहन कार अल्टो वाहन संख्या क्क 31ड्ढ 0891 रंग सफेद बरामद किया। पुलिस ने गिरफ्तार सभी को न्यायालय भेज दिया जहां से उन्हें जेल भेज दिया जायेगा।

# किसानों के हक खातिर हमेशा संघर्ष करता है रालोद

- चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने पर प्रधानमंत्री का किसानों ने जताया आभार

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मुख्यालय पर किसानों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करने के लिए कृतज्ञता व्यक्त करते हुए रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयन्त चौधरी द्वारा एनडीए में शामिल होकर किसान हितों के लिए किये जा रहे सार्थक प्रयासों के लिए उनकी सराहना करते हुए उनके हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर किसानों द्वारा राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक शिव करन सिंह तथा किसानों की आवाज बुलंद करने वाले राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे का फूलमाला अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक व राष्ट्रीय महासचिव शिव करण सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसानों के लिए शुरू से संघर्ष करता चला आ रहा है और अब सरकार में रहकर किसानों के विकास के लिए लगातार काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए रालोद के दरवाजे हमेशा खुले हैं।राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल की स्थापना ही किसान हितों को लेकर करके हुयी है और राष्ट्रीय लोकदल ने किसान हितों व उनके मान सम्मान व स्वाभिमान के विपरीत न पहले कोई समझौता किया था और न अब करेंगा। किसानों के लिए जब भी जरूरत पड़ी तो चौधरी परिवार हमेशा किसान के साथ खड़ा नजर आया। उन्होंने किसानों द्वारा किये स्वागत के लिए कहा कि फूल माला की एक एक पंखुड़ी उनके लिए कर्ज के समान है जिसका वह ऋण कभी चुका नहीं पायेगे। इस अवसर किसानों के नेता रामचन्द्र सिंह, गजेन्द्र दुबे, अशोक कुमार यादव, जर्नादन गुप्ता, राघवेन्द्र सिंह, विष्णु कुमार मिश्रा, डॉ वीपी सिंह आदि नेताओं ने अपनी मांगों के समर्थन में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष को सम्बोधित ज्ञापन भी दिया जिसमें किसानों के समस्त कृषि ऋण माफ करने, गोमती नगर के किसानों की 35 वर्ष पूर्व अधिकृत की गयी भूमि का बकाया मुआवजा दिलाने, जनपद हरदोई की ग्राम सभा पुरवा देवरिया की चकबन्दी निरस्त करने, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे में पटरी के समानान्तर रोड बनवाने आदि प्रमुख मागे सम्मिलित हैं।इस अवसर पर प्रदेश महासचिव रमावती तिवारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष बीएल प्रेमी, अवध क्षेत्र के संगठन महासचिव डॉ आरपी सिंह, श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### गांधी जयन्ती की पूर्व संध्या पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन


**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** राज्य संग्रहालय में गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। गांधी जी के जीवन एवं दर्शन पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गयी। संग्रहालय परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाकर लोगो को साफ सफाई रखने का संदेश दिया गया। संग्रहालय द्वारा जनमानस में स्वच्छता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया। इस अवसर पर गांधी जी के जीवन दर्शन पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारम्भ डा. सृष्टि धवन निदेशक संग्रहालय निदेशालय लखनऊ द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि हमे सफाई को अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। गांधी जी के विचारों को अपनाने का प्रयास करना चाहिए। गांधी जी ने राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी अपनाने पर जोर दिया था।संग्रहालय में विभिन्न प्रतियोगितायें भी आयोजित की गयी। जिसमें 05 विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। क्राफ्ट प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार शैल कुमारी, द्वितीय पुरस्कार सौम्या तिवारी तथा तृतीय पुरस्कार रूबीना को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सीनियर वर्ग के छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया। प्रतिभागियों को निदेशक डा सृष्टि धवन द्वारा प्रस्ताव एवं प्रमाण पत्र वितरित किये गये।कार्यक्रम का संचालन डा मीनाक्षी खेमका इस अवसर पर विनय कुमार सिंह, कृष्ण ओम सिंह, राधेलाल, अनीता चौरसिया, अनुपमा सिंह, शशिकला राय, शालिनी श्रीवास्तव आदि मौजूद थी।

### 'बुजुर्गों का सम्मान परम्परा ही नहीं नैतिक जिम्मेदारी भी है'

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी परम्परा ही नहीं नैतिक जिम्मेदारी भी है। वृद्धजनों से हमेशा ही मार्गदर्शन मिलता है। वे प्रत्यक्ष -अप्रत्यक्ष रूप से हमें संबल प्रदान करते है। हमारी आने वाली पीढ़ीयों को नसीहत देते है और उनका मार्ग प्रशस्त करते है। समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण ने आज अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस एवं दादा-दादी, नाना-नानी दिवस पर भागीदारी भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में कहीं। समाज कल्याण विभाग द्वारा, हेल्पेज इंडिया और वरिष्ठ नागरिक महासमिति के संयुक्त तत्वावधान में भागीदारी भवन में आयोजित कार्यक्रम के संबोधन में असीम अरूण ने कहा कि वृद्धजनों की तब मदद की जाये जब उन्हें इसकी ज़रूरत हो। हमें उन्हें एकाकी नहीं रहने देने चाहिए। प्रदेश सरकार वृद्धजनों के हित में लगातार प्रयास कर रही है और उनके लिए कल्याणकारी योजनाएँ संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में उत्तर प्रदेश एकमात्र अकेला ऐसा राज्य है जिसके सभी 75 जिलों में वृद्धाश्रम संचालित हैं। आज के कार्यक्रम का उद्देश्य है कि बच्चे और युवा पीढ़ी घर परिवार के बड़े-बुज़ुर्गों की एहमियत को समझें। उनके अनुभवों से प्रेरणा लें और विषम परिस्थियों से सामना होने पर उनसे मार्गदर्शन प्राप्त कर जीवन की चुनौतियों का मज़बूती से सम्मान करें। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग का प्रयास है की वृद्धावस्था पेन्शन की पात्रता की उम्र आने पर अर्हता पूरी करने वाले ज़रूरतमंत बुजर्ग पेन्शन के लिए आवेदन न करना पड़े बल्कि उन्हें स्वत: ही पेन्शन मिलने लगे। इस अवसर पर वरिष्ठ नांगरिकों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में 102 वर्षीया राधा जोशी के अलावा 90 वर्षीया कमला डी, उमा त्रीगुणायत, डा.वाई.डी.मिश्र, प्रीतम सिंह नट, वीरेंद्र सिंह, रामलाल गुप्ता, सोबरन सिंह, विजय शंकर वास्तव, वी.के.खरे, दुर्गा दत्त, प्रो.आनंद बरनवाल वैद्य, प्रो.योगेंद्र सिंह, रघुनाथ सिंह आदि शामिल रहे।

# टीटीके प्रेस्टीज ने शुरू किया 'शुभ उत्सव'

जन एक्सप्रेस | लखनऊ




त्यौहारों के सीजन को और भी खास बनाने के लिए टीटीके प्रेस्टीज ने शुभ उत्सव फेस्टिव ऑफर 2024 लॉन्च किया है। यह ऑफर 15 नवंबर, 2024 तक चलेगा, जिसमें ग्राहकों को प्रेस्टीज के उत्पादों पर बंपर डिस्काउंट और मुफ्त उपहार मिलेंगे। इस कैंपेन के तहत कई बेहतरीन ऑफर्स और छूट प्रदान की जा रही हैं। इसके साथ ही, अतिरिक्त मुफ्त उपहार भी ग्राहकों को लुभाने के लिए शामिल हैं। त्यौहारों के इस मौके पर ग्राहक प्रेस्टीज के बेहतरीन उत्पादों का आनंद लेते हुए पैसे की बचत भी कर सकते हैं। टीटीके प्रेस्टीज के चीफ सेल्स और मार्केटिंग ऑफिसर, श्री अनिल गुरनानी ने कहा, हमने देखा है कि अभिनव उत्पाद देने वाले ब्रैंड्स को उनके ग्राहक बहुत पसंद करते हैं। हमारा लक्ष्य भारतीय परिवारों को बेहतरीन और फीचर्स से भरपूर उत्पाद उपलब्ध कराना है, वो भी किफायती दाम पर। शुभ उत्सव में हमारे ग्राहकों के लिए ढेर सारे फायदे और छूट हैं। हमें इस सीजन की बड़ी सफलता की उम्मीद है, और हम अपने ग्राहकों को इन रोमांचक ऑफर्स का लाभ उठाते हुए देखना चाहते हैं। शुभ उत्सव 2024 के लिए खास ऑफर्स और डिस्काउंट~ इस साल टीटीके प्रेस्टीज अपने ग्राहकों के लिए शुभ उत्सव में पहले से भी ज्यादा खुशी देने वाले और आकर्षक ऑफर्स लेकर आया है। इस खास मौके पर कंपनी अपने सभी उत्पादों की श्रेणियों पर शानदार छूट दे रही है। ग्राहक इस सीजन में अपनी रसोई को अपग्रेड करने के लिए 3-लेयर मेटल बॉडी (स्टेनलेस स्टील, एल्युमिनियम, स्टेनलेस स्टील) वाला 3 लीटर स्पिलेज कंट्रोल टाइ-प्लाई प्रेशर कुकर खरीद सकते हैं, जिसके साथ 1550 रुपये का ड्यूरास्टोन ओमनी तवा (27 सेंटीमीटर) मुफ्त में दिया जा रहा है। कुकिंग के बाद स्टोव की सफाई को आसान बनाने के लिए टीटीके प्रेस्टीज का 11,295 रुपये का स्वच्छ नियो 3 बर्नर गैस स्टोव एक बेहतरीन विकल्प है। इसमें लिफ्टेबल बर्नर्स हैं, जिससे सफाई करना बेहद आसान हो जाता है। इस शुभ उत्सव में यह प्रोडक्ट दो शानदार उपहारों के साथ आता है - नक्षत्र इसेंशियल स्वच्छ 3 लीटर प्रेशर कुकर (मूल्य 2,525 रुपये) और स्वच्छ ग्रेनाइट नॉन-स्टिक कुकवेयर 3-पीस सेट (मूल्य 4,395 रुपये), जो आपको मुफ्त में मिलेंगे। उपभोक्ता इस त्योहार के दौरान 1000 वॉट की पावरफुल मोटर वाले एंड्यूरा प्रो मिक्सर ग्राइंडर पर 14 अलग-अलग काम करने की क्षमता का लाभ उठा सकते हैं। यह मिक्सर ग्राइंडर 25त्न की छूट के साथ उपलब्ध है, और इसके साथ 1795 रुपये का सैंडविच मेकर भी मुफ्त मिलेगा। इसके अलावा, सेफसेंस टेक्नोलॉजी से लैस ऑस्कर सेफसेंस चिमनी 900एमएम, जो ऑटोमेटिक स्मोक और गैस लीक डिटेक्शन में सक्षम है, 25त्न छूट के साथ उपलब्ध है। इस चिमनी का इंस्टॉलेशन और किट मुफ्त में दिए जाएंगे, और साथ ही 17495 रुपये का स्वच्छ एफिशिया हॉब 3-बर्नर भी मुफ्त में मिलेगा।

टीटीके प्रेस्टीज ने भारत के रसोईघरों में अपनी मजबूत जगह बनाई है, वह भी अपने अभिनव किचन उपकरणों और कुकवेयर की बेहतरीन कलेक्शन के साथ। यह कंपनी टिकाऊ, किफायती और शानदार प्रदर्शन वाले प्रोडक्ट्स के साथ ही बेहतरीन बिक्री के बाद की सेवा भी प्रदान करती है, जिससे इसे भारत के सबसे भरोसेमंद और पसंदीदा ब्रांड्स में शामिल किया गया है।

### निकायों में आज मनाया जायेगा 'स्वच्छ भारत दिवस'

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** प्रदेश की नगरीय निकायों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छता संकल्प को साकार करने के लिए 02 अक्टूबर को गांधी जी की 155वीं जयंती पर स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। सभी निकायों में सुबह 09 बजे से 10 बजे तक श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। निकायों में 26 सितम्बर से चल रहे 155 घंटे के नानस्टाप महासफाई अभियान का समापन भी हो जायेगा। लेकिन प्रदेश के शहरों को वैश्विक मापदंड का बनाने के लिए निकायों की साफ सफाई, स्वच्छता, सुंदरीकरण, व्यवस्थापन का कार्य निरंतर चलता रहेगा। सफाई और सुन्दरता कार्य के साथ जनमानस के स्वभाव और संस्कार में भी स्वच्छता को स्थापित करने का प्रयास किया जायेगा। 'स्वच्छता ही सेवा 2024' अभियान के अंतर्गत आयोजित की गयी विभिन्न गतिविधियों का डॉक्यूमेंटेशन कराते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों व स्टेक होल्डर को भी सम्मानित किया जायेगा।

### 19 नवीन गोसंरक्षण केन्द्रों के निर्माण हेतु 15.20 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के 10 जनपदों में 19 नवीन गो संरक्षण केन्द्रों का निर्माण कराये जाने के लिए प्रथम किस्त के रूप में 1520.00 लाख रूपये की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृति की है। प्रत्येक केन्द्र हेतु 80 लाख रूपये की धनराशि का प्रावधान किया गया है। नवीन गोसंरक्षण केन्द्रों का निर्माण जनपद हरदोई के ग्राम गुरसंडा, मुबारकपुर तह. सदर, कुशीनगर के ग्राम कोहरवलिया, तह.पडरौना, हापुड़ के ग्राम हिम्मतपुर, तह.गढ़मुक्तेश्वर, ग्राम पारपा व हिण्डालपुर तह. धौलाना, मिर्जापुर के ग्राम बबुरा रघुनाथ सिंह तह लालगंज, ग्राम नौगंवा तह लालगंज, पीलीभीत के ग्राम बहादुरपुर हुकमी तह. पीसलपुर, अयोध्या के ग्राम कोटिया, अंजरौली तह. मिल्कीपुर तथा ग्राम गनेशपुर तह. रूदौली, बाराबंकी के ग्राम जमीन हुसेनाबाद तह. हैदरगढ़, बबेरू तथा शाहजहॉपुर के ग्राम बड़ागांव तह. पुवांया में किया जायेगा।

# मंत्रियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

- गांधी जी और शास्त्री जी के मार्ग पर चलकर ला सकते सकारात्मक बदलाव

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले मंत्री आशीष पटेल, कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह, कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने संयुक्त रूप से अपने संदेश में प्रदेशवासियों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।मंत्रियों ने अपने संदेश में कहा कि महात्मा गांधी का जीवन दर्शन हमें सत्य, अहिंसा और नैतिकता का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कहा कि गांधी का सद्विचार हमें प्रेरित करता है कि हम अपने विचारों और कर्मों में उच्च नैतिकता को अपनाएं। उनके जीवन से हमें यह सीख मिलती है कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए हम समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।मंत्रियों ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि शास्त्री व्यक्तिगत नैतिकता और ईमानदारी के आदर्श थे। उनका सादा जीवन और उच्च विचार हमें सादगी और ईमानदारी के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

**PUBLIC NOTICE**

**SRIKAR BIOTECH PVT LTD**

Notice For Storage And Sale Of 100% Water Soluble Mixture Grade Of Fetiizers For Use In Agriculture. Please Refer To The No.2900(E) Dated 24th October 2105 By Ministry Of Agriculture Govt Of India Srikar Biotech Pvt Ltd Hereby Notifies That It Intends To Import And Sell In Up State 100% Water Soluble Mixture Fertilizers Like:

1. 100% Water Soluble Mixture N.P.K (19:19:19) -Triple Power
2. 100% Water Soluble Mixture N.P.K (16:0:9:19) -Hily
3. 100% Water Soluble Mixture N.P.K (13:40:13) -High Power
4. 100% Water Soluble Mixture N.P.K (24-24-16) -Sri Nutri Sattha
5. 100% Water Soluble Mixture N.P.K (15-8-35) -Sri Nutri Green
6. 100% Water Soluble Mixture N.P.K (10-5-30)-Sri Nutri Raja

We Will Comply With Terms And Conitions As Per The Above Notification

**Reg. Office:** A11,A12, Nacharam, Manikchand Road, Hyderabad, Telangana-500076


**Mail Id:** Support@Srikargroup.Com

**Lucknow UP Address:** E-96, Near Parking No-3, Transport Nagar, Lucknow, Uttar pradesh-226012

# मंत्री राकेश सचान ने गांधी जयंती पर किया खादी को अपनाने का आह्वान

- कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध: सचान

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने मंगलवार को खादी ग्रामोद्योग भवन, डालीबाग, लखनऊ में आयोजित 'कारीगर मेला' में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। यह मेला फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन एफएलओ लखनऊ चौप्टर द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर प्रदेश के हस्तशिल्प और शिल्पकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

मंत्री राकेश सचान ने इस अवसर पर योगी सरकार की ओडीओपी एक जिला, एक उत्पाद योजना की सफलता को रेखांकित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो ने प्रदेश के कारीगरों और उद्यमियों को वैश्विक पहचान दिलाई है। ओडीओपी जैसी योजनाओं के माध्यम से कारीगरों को रोजगार और बाजार दोनों में प्रगति के अवसर मिल रहे हैं।मंत्री ने कहा कि योगी सरकार कारीगरों और हस्तशिल्पियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम स्थानीय शिल्प और कारीगरी को प्रोत्साहन देकर उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सशक्त कर रहे हैं। उन्होंने महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर जनता से खादी को अपने दैनिक जीवन में अपनाने की अपील करते हुए कहा कि खादी न केवल स्वदेशीता का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे स्वतंत्रता संग्राम की धरोहर भी है। खादी उत्पादों को अपनाने से हम कारीगरों की आजीविका को समर्थन देंगे और गांधी जी के स्वावलंबन के स्वप्न को साकार करेंगे।कारीगर मेले में पूरे प्रदेश से आए शिल्पकारों ने अपने हस्तशिल्प उत्पाद जैसे हथकरघा वस्त्र, मिट्टी के बर्तन, जूट उत्पाद, धातु कला, सिरेमिक कला, चिकनकारी और खादी वस्त्रों का प्रदर्शन किया। शिल्पकारों की कला की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ऐसे आयोजनों के माध्यम से कारीगरों को प्रोत्साहित कर रही है, जिससे न केवल उनकी कला को पहचान मिलती है, बल्कि उन्हें व्यापक बाजार तक पहुंचने का अवसर भी मिलता है।इस आयोजन का उद्देश्य लखनऊ के हस्तशिल्प और हथकरघा प्रेमियों को जोड़ना और कारीगरों को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करना था। मेले में कारीगरों को मुफ्त स्टॉल प्रदान किए गए थे, जिससे वे अपनी कला को प्रदर्शित कर सकें और आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। कारीगरों की पहचान और उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सभी भागीदारों का सत्यापन किया गया था।कार्यक्रम में स्थानीय व्यंजनों और लाइव संगीत की प्रस्तुति ने वातावरण को और भी जीवंत बना दिया। इस आयोजन के प्रमुख आयोजकों में एफएलओ लखनऊ की अध्यक्ष विभा अग्रवाल, राष्ट्रीय हथकरघा और हस्तशिल्प प्रमुख स्वाति वर्मा, सह-अध्यक्ष अदिति जग्गी और रिया पंजाबी शामिल थीं। इस मौके पर खादी और एमएसएमई सचिव प्रांजल यादव, संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी सिद्धार्थ यादव, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ के महानिरीक्षक मध्य क्षेत्र एन.के. सिंह, सिडबी के डीजीएम एस गणेश, एजीएम सनोज कुमार गुंजन जैसे प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

**मौसम पूर्वानुमान**

अधिकतम (डिग्री0से0) : 35.4 (+3.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 27.4 (+1.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 82 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 63 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

### कानपुर के ग्रीन पार्क मे भारतीय टीम ने रचा इतिहास कानपुर टेस्ट में भारत ने बांग्लादेश को 7 विकेट से दी मात

# भारत ने जीता कानपुर टेस्ट मैच

## यशस्वी ने धुआंधार बल्लेबाजी दिखा जीता मैन ऑफ द मैच का खिताब

* भारत ने बांग्लादेश को दूसरे टेस्ट मैच मे सात विकेट से हराया, 2-0 से जीती सीरीज
* यूपी के यशस्वी जायसवाल को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया






**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

टीम इंडिया ने कानपुर मे जोरदार प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश को दूसरे टेस्ट मैच मे 7 विकेट से हराकर दो मैचों की टेस्ट सीरीज 2-0 से जीत ली। टीम इंडिया को जीत के लिए 95 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे रोहित एंड कंपनी ने तीन विकेट गंवाकर हासिल कर लिया।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी मे 233 रन बनाए थे।

जवाब मे भारत ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए मात्र 34 ओवर मे अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 285 रन बनाकर घोषित कर दी थी। भारत को तब 52 रन की बढ़त मिली थी। दूसरी पारी मे बांग्लादेश की टीम ने 146 रन बनाए और भारत के सामने 95 रन का लक्ष्य दिया था। टेस्ट मे आधिकारिक तौर पर एक दिन मे 90 ओवर फेंके जाते हैं।

बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी मे 74.2 ओवर, भारत ने अपनी पहली पारी मे 34.4 ओवर, बांग्लादेश ने अपनी दूसरी पारी मे 47 ओवर और भारत ने अपनी दूसरी पारी मे 17.2 ओवर खेले।

इन सभी को मिला दें तो लगभग 174 ओवर बनते हैं और यह दो दिन के कुल ओवरों (180) से भी कम है।

### बांग्लादेश की दूसरी पारी 146 रन पर सिमटी

बांग्लादेश की दूसरी पारी 146 रन पर सिमट गई। बांग्लादेश की टीम ने मंगलवार को दो विकेट पर 26 रन से आगे खेलना शुरू किया और 120 रन बनाने मे बाकी बचे आठ विकेट गंवा दिए। बांग्लादेश की ओर से शदमान इस्लाम ने सबसे ज्यादा 50 रन बनाए। उन्होंने 101 गेंद की अपनी पारी मे 10 चौके लगाए। इसके अलावा आज आउट होने वालों मे मोमिनुल हक (2), कप्तान नजमुल शांतो (19), मुशफिकुर रहीम (37), लिटन दास (1), मेहदी हसन मिराज (9) शामिल हैं। शाकिल अल हसन और तैजुल इस्लाम तो खाता भी नही खोल सके। इससे पहले सोमवार को जाकिर हसन (10) और हसन महमूद (2) आउट हुए थे। पांचवें दिन लंच से ठीक एक गेंद पहले बुमराह ने मुशफिकुर रहीम को क्लीन बोल्ड किया। वह 37 रन बना सके। टीम इंडिया की ओर से जसप्रीत बुमराह, आर अश्विन और रवींद्र जडेजा ने तीन-तीन विकेट लिए। वहीं आकाश दीप को एक विकेट मिला।

### भारत ने लगातार जीती 18वीं टेस्ट सीरीज

टीम इंडिया ने इस टेस्ट मे साहसिक खेल दिखाया। पहले दिन 35 ओवर का ही खेल हो पाया था। बारिश ने मैच मे खलल डाला और फिर दूसरे और तीसरे दिन का खेल बारिश से धुल गया था। चौथे दिन खेल शुरू हुआ और भारत ने बांग्लादेश को समेटने के बाद फिर ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर टेस्ट मे किसी टीम द्वारा सबसे तेज 50, 100, 150, 200 और 250 रन बनाने का रिकॉर्ड बना डाला। इसके बाद बांग्लादेश को दूसरी पारी मे जल्दी समेटकर आसान लक्ष्य का पीछा किया। भारत ने बांग्लादेश को दो या उससे ज्यादा मैचों की टेस्ट सीरीज मे पांचवीं बार क्लीन स्वीप किया है। टीम इंडिया इससे पहले 2004/05, 2009/10, 2019/20, 2022/23 मे ऐसा कर चुकी है। वहीं भारत ने ओवरऑल टेस्ट मे 37वीं बार किसी टीम को क्लीन स्वीप किया है। भारत ने अपने घर मे लगातार 18वीं टेस्ट सीरीज जीती है।

### यूपी के यशस्वी की अहम भूमिका, मिला मैन ऑफ द मैच

यूपी के यशस्वी जायसवाल की शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारत ने बांग्लादेश को दूसरे टेस्ट मैच मे 7 विकेट से हरा दिया। उनकी शानदार पारी की वजह से उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। कानपुर के ग्रीन पार्क मे खेले गए इस मैच मे यशस्वी जायसवाल ने पहली पारी मे 72 रन की तेज पारी खेली। जिसके दम पर भारत ने मात्र 34.4 ओवर मे 9 विकेट पर 285 रन बनाकर पारी घोषित कर दी थी। पहली पारी मे यशस्वी ने 51 गेंदों मे 12 चौके और 2 छक्के की मदद से 72 रन बनाए।

### यशस्वी ने पहले टेस्ट मैच के बाद इस मैच की दूसरी पारी मे भी लगाया अर्धशतक

बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई मे खेले गए पहले टेस्ट मे तेज गेंदबाजी के अनुकूल हालात मे यशस्वी जायसवाल ने पहली पारी मे 56 रन की पारी खेली थी। सलामी बल्लेबाज जायसवाल के अर्धशतक और बाएं हाथ के साथी बल्लेबाज ऋषभ पंत के साथ उनकी 62 रन की साझेदारी से भारत ने 10 ओवर के भीतर 34 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद अपनी स्थिति मे सुधार किया था। वहीं कल बांग्लादेश के खिलाफ जीत के लिए दूसरी पारी मे भारत को 95 रन का लक्ष्य मिला था। इस पारी मे यशस्वी जायसवाल ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली और 51 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 45 गेंदों मे 8 चौके और 1 छक्के की मदद से 51 रन बनाए। इसके अलावा उन्होंने इस टेस्ट मैच मे दो कैच भी लपके।

### यशस्वी ने यह रिकॉर्ड किया अपने नाम

जायसवाल के टेस्ट करियर का यह 11वां टेस्ट है और भारत मे सातवां टेस्ट था। अपने घर मे पहली 12 टेस्ट पारियों मे 750 या उससे अधिक रन बनाने वाले जायसवाल दुनिया के पहले क्रिकेटर बन गए हैं। जायसवाल ने इस मामले मे वेस्टइंडीज के जॉर्ज हैडली को पीछे छोड़ा। हैडली ने अपने घर मे खेली पहली 10 टेस्ट पारियों मे 747 रन बनाए थे। यशस्वी जायसवाल के करियर ने अब तक वेस्टइंडीज मे 2 और साउथ अफ्रीका मे 2 टेस्ट खेले हैं। इसके अलावा भारत मे इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट खेले हैं। बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच खेले हैं। यशस्वी जायसवाल ने 11 टेस्ट मैच की 20 पारियों मे तीन शतक और 7 अर्धशतक की मदद से 1217 रन बनाए हैं।

### रोहित शर्मा ने सीरीज जीत के बाद कायम रखी परंपरा



इंडिया ने बांग्लादेश को इस मैच में सात विकेट से मात दी। इस जीत के बाद रोहित शर्मा ने परम्परा को कायम रखते हुये जिससे उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली की विरासत को कायम रखा। भारतीय क्रिकेट टीम ने कानपुर में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में बांग्लादेश को हरा दिया। इसी के साथ शाकिब अल हसन का टेस्ट करियर खत्म होना तय माना जा रहा है। इस मौके को देखते हुए भारत के बल्लेबाज विराट कोहली ने बांग्लादेश के महान ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को अपनी सबसे करीबी चीज अपना बल्ला तोहफे में दे दिया।

## बंद घर को चोरों ने बनाया अपना निशाना, लाखों का माल लेकर हुए फरार

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



बर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत बर्रा 4 इलाके मे एक बार फिर से चोरों का आतंक देखने को मिला है। चोर शिक्षिका के घर मे घुसकर लाखों रुपए की चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। वहीं शिक्षिका को चोरी की सूचना मिलते ही उसके होश उड़ गए। शिक्षिका ने घर के अंदर जाकर देखा तो पता चला कि चोरों ने 25 लाख से ज्यादा का माल घर से पार कर दिया है। जिसके बाद शिक्षिका ने इसकी शिकायत बर्रा थाने मे की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बर्रा चार पाल टॉवर के पास रहने वाली शालिनी दुबे ने बताया कि वह फतेहपुर के जहानाबाद के चिल्ली गांव मे सरकारी शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। उनके पति प्रदीप दुबे बी.एस.एफ. मे हैं। पति प्रदीप वर्तमान मे सिलीगुड़ी मे तैनात है। शालिनी ने बताया कि घर पर वह अकेले ही रहती हैं। सोमवार को घाटमपुर के नौरंगा स्थित मायके मे श्राद्ध होने की वजह से स्कूल के बाद वहीं पहुंच गई। जिसके बाद देर रात वह बर्रा 5 स्थित अपने घर पहुंचीं।

घर के अंदर दाखिल हुई तो घर मे मौजूद पालतू कुत्ता घायल अवस्था मे एक कमरे मे बंद था। अलमारियों के ताले टूटे हुए थे। अंदर रखा करीब 25 लाख से ज्यादा की ज्वैलरी, कीमती सामान गायब था। घटना देख कर शिक्षिका शालिनी के होश उड़ गए। जिसके बाद शालिनी ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी। वहीं इस मामले पर बर्रा इंस्पेक्टर तेज बहादुर सिंह ने बताया कि चोरी हुई है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किए जा रहे हैं।

जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा।

## मेयर प्रमिला पांडे ने साफ सफाई का किया औचक निरीक्षण, सफाई कर्मियों पर कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



महापौर प्रमिला पांडे इस समय लगातार एक्शन मोड पर दिखाई दे रही हैं। शहर की जनता को किसी तरह की समस्या न हो इसको लेकर लगातार कार्य कर रही हैं। आगामी त्योहारों को लेकर भी कल साफ सफाई, सड़क, मार्ग प्रकाशक आदि कई समस्याओं को देखते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया था। कि वह त्योहारों से पहले सभी व्यवस्था दुरुस्त कर ले ताकि जनता को किसी तरह की समस्या न हो। वहीं अब मेयर खुद सड़कों पर उतर कर सभी कार्यों का जायजा ले रही हैं। इसी क्रम मे बीते दिन मंगलवार को उन्होंने सीसीमाऊ इलाके मे साफ सफाई को लेकर औचक निरीक्षण किया।

बता दें कि महापौर प्रमिला पांडे ने कल मंगलवार सुबह नगर आयुक्त सुधीर कुमार के साथ सीसामऊ इलाके मे साफ सफाई की व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई जगहों पर सफाई कर्मचारी नदारद दिखे। जिस पर महापौर ने सभी अनुपस्थित आधा दर्जन से ज्यादा सफाई कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही करने का निर्देश दिया।जानकारी के मुताबिक शहर मे साफ सफाई के लिए कई तरह के अभियान चलाए जा रहे हैं जिसमे 251 घंटे का अनवरत सफाई अभियान भी शामिल है। लेकिन इसमे हीला हवाली की खबरें आने पर महापौर प्रमिला पांडे ने नगर आयुक्त सुधीर कुमार के साथ भदौरिया चौराहा, लेनिन पार्क, हरसहाय डिग्री कॉलेज समेत कई जगह का औचक निरीक्षण किया।

महापौर के निरीक्षण मे पाया गया कि सफाई कर्मचारियों की हाजिरी लगी थी लेकिन मौके से आधा दर्जन से ज्यादा सफाई कर्मचारी गायब थे। जिस पर महापौर प्रमिला पांडे ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी चंद्रशेखर को इन सभी के खिलाफ कार्यवाही करने का आदेश दिया। महापौर ने कहा कि त्योहारों को देखते हुए शहर मे साफ सफाई का अभियान चलाया जा रहा है ऐसे मे जो भी कर्मचारी अपनी ड्यूटी मे लापरवाही बरतेगा उनके खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। महापौर के मुताबिक उनका औचक निरीक्षण का कार्यक्रम ऐसे ही चलता रहेगा।

## कल्याणपुर युवा उद्योग व्यापार मंडल का मनोनयन कार्यक्रम हुआ संपन्न



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

कानपुर ग्रामीण व्यापार मंडल से संबद्ध इकाई कल्याणपुर युवा उद्योग व्यापार मंडल का मनोनयन कार्यक्रम जवाहर लाल नेहरु विद्यालय पनकी रोड पर सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में कल्याणपुर विधायिका श्रीमती नीलिमा कटियार, विशिष्ट अतिथि अन्नू अवस्थी व ग्रामीण प्रभारी दीप अवस्थी के न्रेत्रत्व में सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन वितरित किए गए और नवीन कार्यभार की शुभकामनाएं दी गई। दीप अवस्थी ने अपने विचार रखते हुए कहा की पनकी रोड पर वन वे और ई रिक्शा की अराजकता को अति शीघ्र दूर किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य रुप से जिलाध्यक्ष राहुल शुक्ला, पार्षद आनंद शुक्ला, राजेश चंदेल, अनुज राजावत, अतुल भाटिया, प्रभाकर तिवारी, पंकज अवस्थी, निर्भय रेजा, शशांक सिंह, सीपू सिंह, अतुल शुक्ला, बड़े सिंह, अमित मिश्रा, बब्बन गुप्ता, पप्पू चौहान, पप्पी बाजपेई, मुकेश बाजपेई, संतोष तिवारी, रवि भदोरिया, गोलू चंदेल, कमल धमालिया, बउवन चौहान, मनोज तिवारी, दीपू पांडे, छोटू शुक्ला, निखिल सिंह, विनोद चौहान, अंगेश भदौरिया, रामजी शुक्ला, भोला मिश्रा, कपिल गुप्ता, कन्हैया वर्मा आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## महिला महाविद्यालय मे पोस्टर प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन






**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

किदवई नगर स्थित महिला महाविद्यालय मे कल मगंलवार को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अंजू चौधरी के द्वारा महाविद्यालय प्रांगण मे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की छाया-चित्र का अनावरण किया गया। जिसके बाद गांधी जी एवं शास्त्री जी के छाया चित्रों पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध-लेखन प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 अंजू चौधरी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि गांधी जी का सत्य और अहिंसा का संदेश तथा शास्त्री जी के नेतृत्व और सादगी से जुड़े उनके योगदान आज भी समाज मे शांति और सद्भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रेरणा प्रदान करते हैं। इतिहास विभाग की विभागाध्यक्षा प्रो. ममता गंगवार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए गांधी जी के सत्याग्रह आंदोलनों की विशेषताओं को उद्घाटित किया। उन्होंने महात्मा गांधी जी के स्वच्छता संबंधित दृष्टिकोण का वर्णन करते हुए छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया साथ ही महात्मा गांधी जी के आंदोलनों मे महिला सहभागिता के महत्व के विषय मे वर्णन किया। इतिहास विभाग की प्रवक्ता डॉ. मीरा त्रिपाठी ने लाल बहादुर शास्त्री के प्रारंभिक जीवन, शिक्षा एवं उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल मे किए गए कार्यों के विषय मे बताया। राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्षा डॉ. अनामिका वर्मा ने महात्मा गांधी के राजनीतिक दर्शन पर अपने विस्तृत विचार प्रस्तुत करते हुए छात्राओं को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन हेतु प्रेरित किया। इस कार्यक्रम मे निर्णायक मंडल के सदस्य प्रो. प्रतिभा श्रीवास्तव, डॉ. सबा युनुस, डॉ. वंदना शर्मा, प्रो. रश्मि सिंह, प्रो. अर्चना श्रीवास्तव, डॉ. निशि सिंह, डॉ. संगीता सितानी, प्रो. नीता मिश्रा और डॉ. साधना पांडे सम्मिलित रहीं। इसी के साथ मे इतिहास विभाग के शोधार्थी पूनम अवस्थी, पूजल सिंह, अनुराग यादव, ट्विंकल सिंह, श्वेता पुरी, प्रतिभा कटियार, मोनिका गुप्ता, निवेदिता शुक्ला भी उपस्थित रहे तथा संगोष्ठी मे लगभग 150 छात्राओं ने भागीदारी की।

### कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने हासिल किया प्रतियोगिताओं का खिताब

**(1) पोस्टर प्रतियोगिता**

प्रथम स्थान : छाया यादव
द्वितीय स्थान : शालू
तृतीय स्थान : दीपाली पासवान
सांत्वना पुरस्कार : सान्या वर्मा, अंजली अवस्थी, सिद्रा खान

**(2) निबंध-लेखन प्रतियोगिता**

प्रथम स्थान : अवंतिका साहू, क्र. 3ह्रस्र ड्ड्द्दड्ड
द्वितीय स्थान : जागृति, क्र. 3ह्रस्र ड्ड्द्दड्ड
तृतीय स्थान : मैत्री भटनागर, क्र. 3ह्रस्र ड्ड्द्दड्ड
सांत्वना पुरस्कार : प्राची वर्मा, निशा शाक्य,

**(3) क्विज प्रतियोगिता**

प्रथम स्थान : (दीपाली प्रजापति, अंजली बाजपाई, खुशी)
द्वितीय स्थान : (मुस्कान, वैष्णवी जायसवाल, पूजा देवी)
तृतीय स्थान : (जान्हवी यादव, छाया यादव, सुहाना वर्मा)

## जंगली जानवर के हमले से घायल किसान की 20 दिन बाद हुई मौत, एंटी रैबीज इंजेक्शन बना कारण

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



शहर मे बीते दिनों सियार समेत कई जंगली जानवरों का आतंक देखने को मिला था। कानपुर मे 20 दिन पहले खेतों पर काम कर रहे किसान पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया था। जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। लेकिन बीते सोमवार देर शाम उनकी तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई। दरअसल मृतक किसान के एंटी रैबीज इंजेक्शन नही लगा था। महाराजपुर थाना क्षेत्र स्थित बेहटा सकत गांव निवासी राम किशोर साहू (50) बीते 10 सितंबर को खेतों पर काम कर रहे थे। इसी दौरान किसी जंगली जानवर ने उन पर हमला कर दिया था। जानवर के पंजे से किसान का चेहरा लहूलुहान हो गया था। इसके बाद पड़ोस के सेमरुवा गांव मे जंगली जानवर के हमले से किसान रामबहादुर और जगरूप का बेटा शानू (10) भी घायल हो गया था। रामकिशोर के भाई रामबाबू ने बताया कि सोमवार देर शाम उनकी तबीयत अचानक बिगड़ी और मौत हो गई। वन अधिकारी दिव्या के मुताबिक सियार के हमले से घायल तीनों लोगों को सीएचसी मे एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाने के लिए कहा गया था। रामकिशोर को एंटी रैबीज इंजेक्शन नही लगा था। एस.डी.एम. नरवल के मुताबिक जंगली जानवर के हमले से घायल किसान की मौत हुई है। शासन से जो भी संभव होगा आर्थिक मदद दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

### बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने छेड़खानी के आरोप मे जेल गए शिक्षक का फूंका पुतला

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर।** काकादेव थाना क्षेत्र मे नीट की कोचिंग मे पढ़ाने वाले शिक्षक के ऊपर छेड़खानी के आरोप को लेकर मामला उलझता जा रहा है। जहां एक ओर आरोपी शिक्षक के समर्थन मे कोचिंग के बच्चो ने कल सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया था वहीं कल मंगलवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने छेड़छाड़ के आरोपी शिक्षक साहिल सिद्दीकी का पुतला फूंका। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुतला फूंककर जय जय श्री राम के नारे लगाए। उधर जैसे ही छात्र-छात्राओं को इसकी भनक लगी तब वह सैकड़ों की संख्या मे छात्र भी प्रदर्शन के लिए सड़क पर उतर आए। बच्चे साहिल सिद्दीकी जिंदाबाद, आशीष श्रीवास्तव मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए प्रदर्शन करते दिखाई दिए। जानकारी पाकर कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची।

### दबंगों ने युवक पर किया जानलेवा हमला और कार मे लगाई आग

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर।** सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुरियां चौकी के जरकला गांव के पास देर रात संदिग्ध हलातों मे कार मे आग लग गयी। वहीं कार चालक द्वारा फोन कर खुद को जिन्दा जलाने का आरोप लगाते हुए सूचना परिजनों व पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को बिधनू सी.एच.सी. पहुंचाया। जहां से उसे हैलेट रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार कुरियां चौकी के करौली गांव निवासी शुभम पासवान (27) ने बताया की वो बुकिंग मे कार चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते है। शुभम ने गांव के रहने वाले शोभित को लगभग आठ माह पहले डेढ़ लाख रुपये उधार दिए थे। जब उसने रुपए मांगे तो शोभित ने मारपीट कर दी। जिसके बाद से वह परेशान था। इस बीच शोभित के दोस्त नंदन पाल से चार दिन पहले रोड पर मवेशी बांधने को लेकर उसका विवाद हो गया था। शुभम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह देर रात वह अपनी कार लेकर एक युवक को करौली आश्रम से श्यामनगर छोड़ने गया था। वापस लौटते समय जरकला गांव के पास पहुंचते ही सड़क पर पड़ी कील से उसकी कार के दो टायर पंचर हो गए। आरोप है कि वहां पर शोभित नंदन अपने आधा दर्जन अज्ञात साथियों के साथ आए। और कार मे पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इसके बाद आरोपी मौके से भाग निकले। युवक ने परिजनों को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन युवक को घायल अस्वथा मे बिधनू सी.एच.सी. लेकर पहुंचे जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत मे युवक को कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। जहां युवक का उपचार जारी है। फिलहाल पुलिस की शुरूआती जांच मे मामला संदिग्ध ज्ञात हो रहा है। वहीं मामले को लेकर सेन पश्चिम पारा थाना प्रभारी गौतम सिंह ने बताया कि घटना संज्ञान मे है। पीड़ित की तरफ से तहरीर दी गई है।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **28.10.2024** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें। यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद, एफ.डी.आर. द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा सूचना संख्या:** 09902024 दिनांक 01.10.2024 |
| 2 | **निविदा संख्या:** 30-Sr-DEN-VI/LKO-2024-25 |
| 3 | **कार्य का नाम:** वरि. मंडल इंजीनियर-षष्ठम, लखनऊ के अन्तर्गत बीघापुर (बीक्यूपी) और कुंडाहरनामगंज (केएचएनएम) स्टेशन कॉलोनियों में पुराने, जीर्ण-शीर्ण स्टील ओवरहेड वाटर टैंक के स्थान पर दो आरसीसी ओवरहेड वाटर टैंक (बीक्यूपी और केएचएनएम में प्रत्येक के लिए 2,25,000 लीटर क्षमता) का निर्माण, साथ ही अन्य सहायक कार्य (जैसे- प्लांबिंग पाइप और बोर और पंप के साथ पंप हाउस, आदि) का कार्य। |
| 4 | **अनुमानित लागत:** रु. 1,84,60,813.24 |
| 5 | **धरोहर राशि:** रु. 2,42,300.00 |
| 6 | **कार्य की समापन अवधि:** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से दस माह। |
| 7 | **निविदा डालने का प्रारंभ:** 14.10.2024 |
| 8 | **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 28.10.2024, 15:00 बजे |
| 9 | **वेबसाईट:** www.ireps.gov.in |

नोट: 1. निविद संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3049/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय


## स्वच्छ भारत अभियान का एक दशक

**स्वच्छता अभियान की सफलता ही कहेंगे कि देश के बारह करोड़ घरों में शौचालय बन चुके हैं। स्वच्छ भारत अभियान की एक दशक की यात्रा में न केवल शौचालय कवरेज में भारी वृद्धि हुई है, बल्कि खुले में शौच की कुप्रथा तकरीबन खत्म हो गयी है। स्वच्छता का मतलब सिर्फ सफाई ही नहीं, खाने-पीने की चीजें भी स्वच्छ होनी चाहिए। इस लिहाज से हर घर नल जल योजना को भी स्वच्छ भारत अभियान से जोड़ सकते हैं। जिसके तहत पाइप से स्वच्छ पानी की आपूर्ति की कवरेज दस सालों में 16 प्रतिशत से बढ़कर 78 प्रतिशत हो गई है।**

*साल 1901 के कोलकाता के कांग्रेस अधिवेशन में दक्षिण अफ्रीका से हिस्सा लेने पहुंचे गांधी को अजीब अनुभव हुआ। प्रतिनिधियों को ठहरने वाले शिविर में सफाई की हालत बेहद खराब थी। कई प्रतिनिधि ऐसे थे, जिन्होंने उन कमरों के बाहर बने बरामदे का ही शौचालय के रूप में इस्तेमाल कर दिया। दुर्गंध और गंदगी के बावजूद दूसरे प्रतिनिधियों को इस पर कोई ऐतराज नहीं था। लेकिन गांधी जी से बर्दाश्त नहीं हुआ। तब तक वे पश्चिमी वेशभूषा में रहते थे। अधिवेशन में सहयोग के लिए तैनात स्वयंसेवकों से गांधी जी ने स्वच्छता की बाबत बात की, तो उन्होंने टका-सा जवाब दे दिया था, ÷यह हमारा काम नहीं है, यह सफाईकर्मी का काम है।÷ गांधी जी से बर्दाश्त नहीं हुआ। उन्होंने अपने कपड़े उतारे, झाड़ू मंगवाई और वहां मौजूद गंदगी साफ को साफ करने में जुट गए। सफाई के बाद वे फिर से कोट-पैंट में आ गए। भारतीय राजनीति में तब तक गांधी का सितारा बहुत नहीं चमक पाया था। लेकिन उन्होंने राजनीति की दुनिया में सफाई के विचार का बीज रोप दिया। कोलकाता अधिवेशन में दिखी गंदगी का ही असर कह सकते हैं कि बाद के दिनों में उन्होंने विचार दिया, स्वतंत्रता से ज्यादा जरूरी स्वच्छता है। गांधी के रचनात्मक शिष्यों यथा बिनोबा, ठक्कर बापा आदि ने स्वच्छता और सफाई के इस गुर को बहुत आगे बढ़ाया। लेकिन जिसे मुख्यधारा की राजनीति कहते हैं, उसने स्वच्छता के गांधीवादी दर्शन को उसी रूप में बाद में शायद ही स्वीकार किया। इन संदर्भों में देखें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले राजनेता हैं, जिन्होंने अहम जिम्मेदारी संभालते हुए स्वच्छता और शौचालय क्रांति की बात की। शायद ही किसी ने सोचा होगा कि कोई प्रधानमंत्री लालकिले की प्राचीर से शौचालय क्रांति की बात करेगा। लेकिन मोदी ने ना सिर्फ शौचालय क्रांति की, बल्कि इसके डेढ़ महीने बाद गांधी जी की जयंती पर 2 अक्टूबर 2014 को खुद ही फावड़ा और झाड़ू उठा लिया। इसके साथ ही देश के सामने एक नया अभियान आया, 'स्वच्छ भारत अभियान'। स्वच्छ भारत अभियान के एक दशक पूरे हो गए हैं। इस दौरान स्वच्छता के मोर्चे पर देश ने बहुत कुछ हासिल किया है। ऐसा नहीं कि भारत में स्वच्छता की अवधारणा नहीं रही है। भारत के प्राचीन ग्रंथ,सामाजिक व्यवस्था और मंदिर संस्कृति की परंपराएं स्वच्छता की भारतीय धारा की गवाह हैं। यह कह सकते हैं कि बाद के दिनों में भारतीय स्वच्छता सिर्फ व्यक्तिगत स्वच्छता तक सीमित होकर रह गई थी। भारतीयों के एक बड़े वर्ग की सोच सफाई को लेकर ज्यादा निजी थी। शायद ही कोई भारतीय घर होगा, जहां रोजाना झाड़ू ना लगती हो। स्वच्छ भारत अभियान के पहले होता यह था कि झाड़ू लगती तो थी,लेकिन कूड़ा गली में या सड़क पर या सार्वजनिक जगहों पर फेंक दिया जाता था। प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के शुरू करने के बाद इस सोच में बदलाव आया है। वैसे मानव स्वभाव कोई बिजली का बल्ब नहीं है कि बटन दबाया और जल या बुझ जाएगा। उसमें बदलाव आने में देर होती है। बदलाव को वह जल्दी से स्वीकार नहीं कर पाता। इसीलिए स्वच्छता के मोर्चे पर हम देखते हैं कि सौ प्रतिशत सफलता हासिल नहीं की जा सकी है। रेलवे लाइनों के किनारे पड़े कूड़े के अंबार अब भी बने हुए हैं। लेकिन स्वच्छ भारत अभियान के दस वर्षों में यह सोच जरूर विकसित हुई है कि निजी ही नहीं, सार्वजनिक स्वच्छता जरूरी है। नई पीढ़ी के बच्चे तो अब बड़े-बड़ों को सार्वजनिक गंदगी के लिए टोक देते हैं। स्वच्छता को लेकर महात्मा गांधी ने कहा था, मैं किसी को भी अपने दिमाग़ से गंदे पैर लेकर नहीं गुज़रने दूँगा। गांधी के इस दर्शन पर भी चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान शुरू करते हुए कहा था, न मैं गंदगी करूंगा, न मैं गंदगी करने दूंगा। सार्वजनिक समारोहों में उनकी यह सोच अक्सर परिलक्षित होती है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**ट्रेड शो यूपी के उत्पाद, पोटेंशियल, सांस्कृतिक विशेषता व सामाजिक विविधता को वैश्विक मंच तक प्रस्तुत करने में सफल होगा। ढाई हजार से अधिक एग्जीबिटर्स, चार सौ से अधिक फॉरेन बॉयर्स उपस्थित हो चुके हैं। पार्टनर कंट्री के रूप में वियतनाम सहभागी हुआ। यूपी दुनिया के पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। गत वर्ष छीयालिस करोड़ से अधिक पर्यटक उत्तर प्रदेश आए। यूपी धार्मिक, आध्यात्मिक,हेरिटेज और ईको टूरिज्म का हब बन चुका है। स्पिरिच्युअल टूरिज्म की दृष्टि से रामायण सर्किट,कृष्ण सर्किट, बुद्धिस्ट सर्किट,जैन सर्किट आदि यूपी में हैं। अयोध्या,काशी में बाबा विश्वनाथ धाम करोड़ों पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं।**



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

**यूपी सर्वाधिक एक्सप्रेस वे वाला प्रदेश हो गया है। देश का सबसे लंबा गंगा एक्सप्रेसवे भी पश्चिमी यूपी को पूर्वी यूपी से जोड़ रहा है। प्रयागराज महाकुंभ-2025 से पहले इसे क्रियाशील करने के लिए प्रयासरत हैं। रेल व सड़क का सबसे बेहतरीन नेटवर्क यूपी के पास है। यूपी सुदृढ़ कानून व्यवस्था के साथ ही स्किल और अनस्किल मैनपॉवर का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभरा है।**

# ट्रेड शो में स्थानीय उद्योग

निवेश के लिए एक बेहतर व्यवस्था का होना बहुत जरूरी है. उस व्यवस्था के कई पहलू और बिंदु होते हैं. पहली शर्त है सुदृढ़ कानून व्यवस्था यानी उद्योगपतियों को सुरक्षा का वातावरण मिलना चाहिए. इसके बाद ईज ऑफ डूइंग बिजनेस होना चाहिए. बिजली की उपलब्धता होनी चाहिए.जमीन की भी उपलब्धता होनी चाहिए. उत्तर प्रदेश में विगत कुछ वर्षों में निवेश और व्यापार के अनुकूल व्यवस्था बनाई गई। इसके सकारात्मक परिणाम दिखाई दे रहे है। व्यापार मेलों का आयोजन इसी व्यवस्था में संभव हुआ। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन किया। पांच दिन चले इस ट्रेड शो में अस्सी से अधिक देशों के पांच सौ से अधिक विदेशी निवेशक शामिल हो रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने योगी अदित्यनाथ को गेम चेंजर बताया। उन्होंने उत्तर प्रदेश की स्थितियों को बदल दिया है। योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सकारात्मक बदलाव आया है । उत्तर प्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा है। उम्मीद है कि उत्तर प्रदेश इससे भी ज्यादा तेज गति से बढ़ेगा। योगी अदित्यनाथ ने कहा कि इस ट्रेड शो को आयोजित करने का उद्देश्य प्रदेश के छोटे उद्यमियों को वैश्विक बाजार उपलब्ध कराना है। उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है, जहां खुद का अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो होता है। मुख्यमंत्री ने उद्योगों के अनुकूल माहौल बनाने का काम किया है. उनकी पहली प्राथमिकता कानून व्यवस्था ठीक करने की थी, जिसमें वह सफल रहे. योगी ने सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया, जिसका लाभ उद्योगों को मिला.वर्तमान सरकार के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ है। इस माहौल में उद्यमी पूंजी निवेश के लिए उत्सुक हैं सुरक्षा की भावना का अभाव होने पर निवेशक निवेश से हिचकते है। पहले कई कम्पनियां अपने व्यापार को प्रदेश में जारी रखने के पक्ष में नहीं थीं। वातावरण निवेश के अनुकूल नहीं था। किन्तु कानून व्यवस्था और सुरक्षा की भावना मजबूत होते ही पहली इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो गए। इनमें से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन शुभारम्भ हो गया। प्रदेश को देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले राज्य के रूप में आगे बढ़ाने का रास्ता बना दिया है। यूपी देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसे आगे बढ़ाया जा रहा है। नए भारत के नए यूपी के रूप में उभारने में सफलता प्राप्त की है। पहले इसे बीमारू प्रदेश माना जाता था। निवेशकों की उत्तर प्रदेश में कोई दिलचस्पी नहीं थी। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया.आज उत्तर प्रदेश उत्तर प्रदेश सर्वाधिक आकर्षक हो गया है.योगी आदित्यनाथ ने सरकार के साथ व्यवस्था में बदलाव का संकल्प लिया. कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रही। ओडीओपी योजना ने प्रदेश के निर्यात को दोगुने से अधिक किया है.आज उत्तर प्रदेश एक्सपोर्ट का हब बन रहा है.राज्य को डिफेंस कॉरिडोर भी दिया है। लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल तथा झांसी में भारत डायनामिक्स यूनिट लग रही है। कानपुर में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर में अच्छा निवेश आ रहा है. प्रदेश के बजट में दोगुने से अधिक की वृद्धि हुई है। इस दौरान प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय दोगुने से अधिक हुई तथा जीडीपी में भी दोगुने से अधिक बढ़ोत्तरी हुई है। इस दौरान प्रदेश में बजट के दायरे को बढ़ाया गया है। यह उत्तर प्रदेश के अनुरूप है। राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लिए सभी सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं.तथा नेट जीरो की दिशा में आगे बढ़ने के लिए अयोध्या को मॉडल सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की कार्यवाही को आगे बढ़ाया जा रहा है।यूपी सर्वाधिक एक्सप्रेस वे वाला प्रदेश बन गया है। इसके साथ ही सड़कों के निर्माण और इनके किनारे पर औद्योगिक गलियारा बनाने का भी अभूतपूर्व कार्य हुआ है। आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को पूरा किया जा रहा है. बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास करके यहां के औद्योगिक विकास के लिए बेहतर माहौल तैयार किया गया है। औद्योगिक विकास के लिए सभी जरूरी संसाधन प्रदेश में उपलब्ध हैं। पहले पूर्वांचल पर पिछड़ेपन का दाग था। यहां के मासूम बच्चे इंसेफेलाइटिस का दंश झेलने को विवश थे। नियोजित प्रयासों से आज इंसेफेलाइटिस उन्मूलन का प्रयास सफल हो रहा है। प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने की योजनाओं पर कार्य हो रहा है।उत्तर प्रदेश एमएसएमई की सर्वाधिक यूनिट रखने वाला भी राज्य है। एक सर्वे के अनुसार यूपी के अभी जनपदों में करीब एक करोड़ एमएसएमई यूनिट है। कृषि के बाद यूपी में यह सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र है।आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के विजन को धरातल पर उतारने के लिए अनेक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया गया। इसमें ओडीओपी के रूप में सभी जनपदों का यूनिक प्रोडेक्ट तय किया। इसके प्रोत्साहन, ब्रांडिंग,मार्केटिंग, डिजाइनिंग, पैकेजिंग, टेक्नोलॉजी से जोड़ने के लिए अभियान को बढ़ाया गया। यूपी में यह रोजगार सृजन के सबसे महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरा है। एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने की दिशा में प्रदेश तेजी से बढ़ रहा है। यूपी देश के विकास के ग्रोथ इंजन के रूप में जाना जा रहा है। इसमें एमएसएमई सेक्टर की बड़ी भूमिका है। कोई भी बड़ा औद्योगिक निवेश बिना एमएसएमई बेस के आगे नहीं बढ़ सकता है। यूपी में ऑनलाइन पंजीकरण के बाद यदि कोई एमएसएमई यूनिट आपदा का शिकार होती है तो राज्य शासन की तरफ से उसे पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हैं। प्रदेश में फ्लैटेड फैक्ट्री और निजी क्षेत्र में प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क के निर्माण की कार्रवाई तेजी के साथ बढ़ी है। प्रोत्साहन के अभाव में जो उत्पाद दम तोड़ रहे थे, आज उसे आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है। यूपी के अलग-अलग सेक्टर में भी अनेक कार्य हुए हैं। यूपी का जो प्रोडक्शन है, उन्हें भी शोकेस का अवसर यूपीआईटीएस उपलब्ध करा रहा है।



**यूपी में ऑनलाइन पंजीकरण के बाद यदि कोई एमएसएमई यूनिट आपदा का शिकार होती है तो राज्य शासन की तरफ से उसे पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हैं। प्रदेश में फ्लैटेड फैक्ट्री और निजी क्षेत्र में प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क के निर्माण की कार्रवाई तेजी के साथ बढ़ी है।**

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | अमावस्या 24:18 तक |
| नक्षत्रः | उत्तर फाल्गुनी 12:17 |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | बुधवार |
| योगः | ब्रह्मा, 27:10 |
| सूर्योदयः | 06:18 |
| सूर्यास्तः | 18:01 |
| चंद्रमाः | कन्या राशि में |
| राहुकालः | 12:10-13:38 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | आश्विन |
| शुभ मुहूर्तः | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### है मचा बवाल !

*लेकर के सुरक्षा को ।*
*है मचा बवाल ।।*
*मौसम है चुनावी ।*
*मचा है बवाल ।।*
*रस्साकस्सी चल रही ।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे ।*
*शब्दों के प्रहार ।।*
*ना दो मुझे सुरक्षा ।*
*बात निकल कर आई ।।*
*हरकतों से ऐसी ।*
*होती जगहंसाई ।।*
*रहें सब महफूज़ ।*
*हो काम इस प्रकार ।।*
*रहें सब सुरक्षित ।*
*जो सबका अधिकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*तेरे सामने मेरा वजूद बेहतर भी नहीं ,*
*तू खुदा नहीं पर कमतर भी नहीं ।*
*यारों ने आईना दिखाया मुझे बार बार*
*जानता हूँ वो फकत आईना तेरा भी नहीं।*
*हालात मेरे जैसे है बदलेंगे कभी न कभी,*
*तेरी सोहबत ने बताया तू बेवफा भी नहीं।*

*दिखा दो कठोर ज़माने को इक बार,*
*मेरी हो मेरी,कहीं मुझसे जुदा भी नहीं।*
*जाहिर है तुम्हारे भी नाजो नखरे है,*
*खामोश हो समझूँ मुझसे खफा भी नहीं।*
*लिख गया कोई सूफी इश्किया किस्से,*
*शर्तिया किस्सा सिर्फ तेरा और मेरा भी नहीं।*


संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

***अगर आपको वह रास्ता पसंद नहीं है जिस पर आप चल रहे हैं, तो दूसरा रास्ता बनाना शुरू कर दीजिए***

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# कपूर के पानी में पैर डुबाने से थकान होती है दूर



**आजकल** की भागदौड़ भरी जिंदगी और अनियमित दिनचर्या के कारण लोगों को अक्सर थकान का एहसास होता है और पैरों से जुड़ी दिक्कतें भी होती हैं। दिनभर ऑफिस में काम करने, लंबी दूरी तय करने या घर के कामकाज की वजह से पैरों पर दबाव पड़ता है, जिससे पैरों में दर्द, सूजन और थकान जैसी समस्याएं होती हैं। खासकर जब काम के बाद शरीर को आराम का समय नहीं मिलता, तो यह थकान और भी बढ़ जाती है। थकान के कारण पैरों में दर्द और सूजन के अलावा, फटी एड़ियां, पैरों में जलन और भारीपन की समस्याएं भी देखने को मिलती हैं। ऐसे में पैरों का सही तरीके से ध्यान रखना बहुत जरूरी है। आज के समय में कपूर के पानी में पैर भिगोने जैसी आयुर्वेदिक विधियों का उपयोग करके आप पैरों की थकान से राहत पा सकते हैं।

**थकान से राहत:** दिनभर की भागदौड़ और कामकाज के बाद पैरों में थकान होना एक आम बात है। कपूर के पानी में पैर भिगोने से पैरों की थकान और तनाव को कम किया जा सकता है। कपूर में प्राकृतिक रूप से शीतलता और आराम देने वाले गुण होते हैं, जो पैरों की मांसपेशियों को रिलैक्स करते हैं, जिससे तनाव और थकान दूर हो सकती है।

**सूजन और जलन को कम करे:** कपूर के एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों के कारण यह पैरों की सूजन और जलन को कम करने में सहायक होता है। अगर आपके पैरों में सूजन है या जलन महसूस हो रही है, तो कपूर के पानी में पैर भिगोने से आपको आराम मिल सकता है। यह पैरों में ब्लड सर्कुलेशन को सुधारकर सूजन को कम करने में मदद करता है।

**फंगल संक्रमण से बचाव:** कपूर के एंटीफंगल गुण पैरों को फंगल इंफेक्शन से बचाते हैं। यह पैरों की त्वचा और नाखूनों में होने वाले फंगल संक्रमणों को रोकने में मदद करता है। खासकर मानसून और गर्मियों के मौसम में, फंगल इंफेक्शन होने का खतरा बढ़ जाता है। कपूर के पानी में पैर भिगोने से पैरों को साफ और हेल्दी रखा जा सकता है।

**पैरों की बदबू दूर करे:** अक्सर दिनभर जूते या सैंडल पहनने से पैरों में पसीना और दुर्गंध हो जाती है। कपूर के पानी में पैर भिगोने से पैरों की दुर्गंध दूर होती है। कपूर में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो बैक्टीरिया को खत्म करके पैरों की दुर्गंध को दूर करते हैं।

**पैरों की त्वचा को हेल्दी बनाए:** कपूर के पानी में पैर भिगोने से पैरों की त्वचा सॉफ्ट हो जाती है। इसके अलावा, कपूर के पानी में पैरों को भिगोने से पैरों की फटी एड़ियों की समस्या भी कम हो सकती है। नियमित रूप से इसका इस्तेमाल करने से आपको लाभ मिल सकता है। कपूर की ठंडी तासीर और इसके गुण नर्वस सिस्टम को रिलैक्स करते हैं, जिससे तनाव कम होता है और आपको गहरी नींद आने में मदद मिलती है।

**निष्कर्षः** कपूर के पानी में पैर भिगोना एक आसान और प्रभावी तरीका है, जिससे आप अपने पैरों की थकान और अन्य समस्याओं से छुटकारा पा सकते हैं। इसके नियमित उपयोग से न केवल पैरों की त्वचा में सुधार होगा, बल्कि आपकी नींद की क्वालिटी भी बेहतर होगी।

## एक्सप्रेस विशेष

# गांधी के रास्ते पर चलने वाली पांच शख्सियतें



आर.के. सिन्हा

**वाल्मीकि मंदिर और गांधी जी का गहरा संबंध रहा है ।वे इसी मंदिर परिसर के एक साधारण से कमरे में 1 अप्रैल 1946 से लेकर 10 जून 1947 तक रहे। कृष्ण विद्यार्थी बीते चालीस सालों से उस कमरे को रोज सुबह साफ-स्वच्छ करते हैं, जिसमें गांधी जी रहते थे।**

**डॉ. अग्रवाल का बचपन राजधानी के कृष्णा नगर में बीता। उस दौरान उन्होंने वाल्मीकि समाज की बदहाली को अपनी आंखों से देखा। उसके बाद वे जब सक्षम हुए तो उन्होंने वाल्मीकि समाज के लिए ठोस काम करने शुरू किये। इसकी प्रेरणा उन्हें गांधी जी से ही मिली। वे कहते हैं कि गांधी की आत्मकथा पढ़ने वाले भलीभांति जानते है कि वे बचपन से ही अस्पृश्यता को नहीं मानते थे।**

**हम** भारतीय चाहें जितना भी गर्व कर सकते हैं कि महात्मा गांधी जैसी पवित्र शख्सियत का संबंध भारत से है। हालांकि , उनके प्रति सम्मान और आदर का भाव तो सारी दुनिया ही रखती है। वे अपने जीवनकाल और उसके बाद भी करोड़ों लोगों को अपने सत्य और अहिंसा के विचारों से प्रभावित करते हैं। अब भी सारी दुनिया में अनगिनत लोग गांधी जी को ही अपना आदर्श मानते हैं। इसी तरह से न जाने कितने लोग गांधी जी के रास्ते पर चलते हुए अपने - अपने ढंग से संसार को बेहतर बनाने की कोशिशें कर रहे हैं। उनमें भी अब गांधी जी की छवि दिखाई देती है। कात्सू सान उन गांधीवादियों में शामिल हैं जो विश्व बंधुत्व, प्रेम और शांति का संदेश देने के लिए भारत के गांवों, कस्बों, शहरों और महानगरों में घूमती हैं। आप चाहें तो 88 साल की कात्सू सान को देश की सबसे खास गांधीवादी व्यक्तित्वों में एक मान सकते हैं। कात्सू सान राजघाट पर होने वाली सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं में बुद्ध धर्म ग्रंथों से प्रार्थना पढ़ती हैं। उन्हें सब कात्सू बहन कहते हैं। गांधी जी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को लेकर उनकी निष्ठा निर्विवाद है। वह गुजरे 60 वर्षों से भी ज्यादा सालों से गांधी जी को पढ़ रही हैं और दुनिया को उनके बताए रास्ते पर चलने का संदेश दे रही हैं। कात्सू सान मूलतः जापानी नागरिक हैं। वह 1956 में भगवान बुद्ध के देश भारत में आईं थीं , ताकि ; उन्हें वे और गहराई से जान लें। एक बार यहां आईं तो उनका गांधीवाद से ऐसा साक्षात्कार हो गया कि उसके बाद तो उन्होंने भारत में ही बसने का निर्णय ले लिया। उनमें आप अपनी मां के चेहरे को देख सकते हैं। भारत को लेकर उनकी दिलचस्पी भगवान बौद्ध के चलते ही बढ़ी थी। पर अब तो उन्हें भारत ही अपना देश लगता है। वह कहती हैं कि भारत के कण-कण में पवित्रता है। भारत ही वास्तव में संसार का आध्यात्मिक विश्व गुरु है। भारत के धर्मनिरपेक्ष चरित्र पर वो कहती हैं कि मुझे तो दुनिया में कोई अन्य देश मिला ही नहीं , जहां पर सरकारी कार्यक्रमों में सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित होती हो। भारत ही एक ऐसा देश है जहाँ पर सभी धर्मों का बराबरी का सम्मान मिलता है। कात्सू सान के मुताबिक भगवान बुद्ध और गांधी जी दोनों ही के रास्ते आपको एक दिशा में ही लेकर जाते हैं। इसीलिये ये दोनों सदैव प्रासंगिक रहने वाले हैं। दोनों का जीवन पीड़ा को कम करने और समाज से अन्याय को दूर करने के लिए ही समर्पित रहा था। इसी प्रकार , गांधी जी की दर्जनों मूर्तियां बनाने वाले महान मूर्ति शिल्पकार राम सुतार जी बचपन से ही गांधी के रास्ते पर चलने लगे थे।वे जब गांधी जी की किसी प्रतिमा को शक्ल दे रहे होते हैं,तो उन्हें लगता है मानो वे गांधी से संवाद कर रहे हों। उन्हें गांधी जी की प्रतिमाओं पर काम करते हुए अपार आनंद मिलता है। संसद भवन के प्रांगण में लगी उनकी बनाई गांधी जी की मूर्ति तो बेजोड़ है। इसमें बापू ध्यान की मुद्रा में हैं। यह असाधारण मूर्ति 17 फीट ऊंची है। उनकी कृतियां मुंह से बोलती हैं। उन्होंने ही पटना के गांधी मैदान में स्थापित बापू की मूर्ति को भी तैयार किया था। इसी तरह ब्रदर सोलोमन जॉर्ज भी पक्के गांधीवादी हैं। वे गांधी जी को ही अपना मार्गदर्शक मानते हैं। उन्हें गांधी जी इसलिए भी अपने लगते हैं क्योंकि वह 12 मार्च 1915 को अपनी पहली राजधानी यात्रा के दौरान सेंट स्टीफंस कॉलेज में ही ठहरे थे। देश के कई शहरों में शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के लिए काम कर रही संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसाइटी से जुड़े हुए हैं ब्रदर सोलोमन। इसी संस्था ने सेंट स्टीफंस कॉलेज स्थापित किया था। ब्रदर सोलोमन बताते हैं कि गांधी जी दक्षिण अफ्रीका में ईसाई मिशनरी जोसेफ डोक से भी मिले थे , जिन्होंने उनकी पहली जीवनी लिखी। वहां ही उनकी दीनबंधु सीएफ एंड्रयूज से भी उनकी मुलाकात हुई। उन्हें लगता है कि गांधी जी विश्व भर में शांति के सबसे बड़े प्रेरक हुए हैं , जिन्हें दुनिया ने बुद्ध और ईसा मसीह के बाद देखा है। गांधी जी आज के दौर में भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने कि वे अपने जीवन काल में थे। ब्रदर सोलोमन की पसंदीदा गांधीवादी शिक्षाओं में से एक है, अगर कोई दुश्मन आपके बाएं गाल पर वार करे, तो उसे अपना दायां गाल दे दो। आपको डॉ. विनय अग्रवाल में भी गांधी जी की छाया नजर आती है। पेशे से मेडिसिन के क्षेत्र से जुड़े हुए डॉ. अग्रवाल अपने स्तर पर लगातार वाल्मीकि समाज के नौजवानों को रोजगार और उन्हें शिक्षित करने के लिए प्रयासरत रहते हैं। उन्हें दलितों के हक में गांधी जी के किए काम प्रभावित करते हैं। गांधी जी ने मंदिरों में दलितों के प्रवेश के लिए आंदोलनों का समर्थन किया।

# घास काटने गए युवक को मार डाला, खेत में मिला अधखाया शव

* बाघ ने ली एक और जान लगाकर बाघों के हमलों से जा रही लोगों की जान

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी





कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर राजा में खेत पर पशुओं के लिए चारा लेने गये किसान को घर वापस लौटने में देरी होने पर बुलाने गया उसका पुत्र ने साइकिल के पास पड़े कपड़े में खून देखकर चीख निकल गई। घर आकर परिजनों को साथ लेकर घटना स्थल पर तलाश करने पहुंचे तब तक बाघ उसे लगभग 350 मी अंदर गन्ने के खेत में खींच ले गया था। जहां से उसका अध खाया शव बरामद होने पर चीख पुकार मच गई थी। सूचना पर वन विभाग और पुलिस विभाग के अधिकारियों ने पहुंच कर ग्रामीणों का मान मनौव्वल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।गांव शाहपुर राजा निवासी मृतक के पुत्र अर्पित ने बताया उनके पिता प्रभु दयाल पुत्र रामस्वरूप उम्र 50 वर्ष मंगलवार को सुबह 8 बजे पशुओं के लिए चारा काटने नयागांव निवासी गुरु प्रीत सिंह के खेत पर गये थे। जिन्हें जिन्हें परिवार के साथ 10 शाहजहांपुर रिश्तेदारी में जाना था। घर वापस लौटने में देरी होते देख उसके पुत्र अर्पित ने खेत पर जाकर देखा जहां साइकिल के पास पड़े कपड़े में खून लगा देखकर उसकी चीख निकल गई भाग कर घर जाकर पूरा वाक्या बताने पर परिवार के लोगों के साथ मौके पर पहुंचे तब तक बाघ किसान को लगभग 300 मीटर अंदर खींच ले गया जहां उसने शिकार कर डाला था। परिजन और ग्रामीणों ने शोर शराबा मचाते हुए खेत के अंदर से अध खाया बरामद कर घटना की सूचना पुलिस को दी थी। सीओ अरुण कुमार सिंह, निरीक्षक इंद्रजीत सिंह और वन विभाग की टीम दलबल के साथ मौका वारदात पर पहुंचने से गांव वाले हंगामा काटते हुए बाघ पकड़े जाने तक शव देने से इनकार कर दिया जिससे प्रशासन के हाथ पैर फूल गए थे।

मौके पर पहुंचे दर्जा राज्य मंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह द्वारा हर संभव सहायता उपलब्ध कराने की बात कह कर परिजनों को समझा-भुजाकर मामला शांत कराया है। इसके बाद पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।दो दिन से क्षेत्र में बाघ की सूचना होने पर वन विभाग समय से कार्रवाई करता तो शायद किस की जान बच जाती। ग्रामीणों का कहना है क्षेत्र में बाघ होने की सूचना वन विभाग को दी गई थी जिस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई जिसके चलते घटना घटित हुई है। मृतक अपने पीछे पुत्री संजय कुमारी, पुत्र अर्पित और पत्नी रामशिला को रोते बिलखते छोड़ गया है।

# छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु शैक्षिक भ्रमण–सरस्वती यात्रा का हुआ आयोजन

* सरस्वती यात्रा निश्चय ही छात्राओं के भविष्य को नया स्वरूप प्रदान करेगी

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



लखीमपुर खीरी। विद्या भारती योजनानुसार बालिकाओं के सर्वांगीण विकास हेतु मंगलवार को प्रातः 10:00 बजे विद्यालय की छात्राओं को जीवन के विविध आयामों एवं क्रिया कलापों से परिचित कराने हेतु नगर के प्रमुख कार्यालयों एवं औद्यागिक संस्थानों का शैक्षिक भ्रमण-''सरस्वती यात्रा'' का आयोजन किया गया।

उक्त यात्रान्तर्गत विद्यालय की छात्राओं नें जिलाधिकारी कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, विकास भवन, भारतीय जीवन बीमा निगम, अर्बन कोऑरेटिव बैंक., डाकघर, महिला थाना, टेलीफोन विभाग, रेलवे, विद्युत विभाग, नगरपालिका परिषद, कोतवाली, तहसील, राजकीय पुस्तकालय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, वाणिज्य कर विभाग एवं फ्लोर मिल आदि कार्यालयों में जाकर ज्ञानार्जन किया।सभी कार्यलयाध्यक्षों ने छात्राओं को अपने-अपने विभाग की सम्पूर्ण विस्तृत जानकारी प्रदान की और कार्यप्रणाली का व्यवहारिक एवं वास्तविक ज्ञान दिया। यह सरस्वती यात्रा निश्चय ही छात्राओं के भविष्य को नया स्वरूप प्रदान करेगी और उन्हे अपना कार्यक्षेत्र चुनने में सहायता प्रदान करेगी।

विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती शिप्रा बाजपेई सभी ने कार्यालयाध्यक्षों एवं कर्मचारियों के विशिष्ट सहयोग के लिये विद्यालय परिवार की ओर से हृदय से आभार ज्ञापित किया। किया गया।

# तीन बार असफल लेकिन चौथी बार बनी एक साधारण सी लेडी डिप्टी एसपी

जन एक्सप्रेस । निघासन-खीरी



कहा जाता है कि मेहनत का फल मिलता जरूर है भले देर से ही क्यों न मिले कुछ ऐसा ही हुआ महक शर्मा के साथ यूपीपीसीएस की तैयारी के दौरान तीन बार असफल रही लेकिन चौथे प्रयास में दसवीं रैंक हासिल कर बनी डिप्टी एसपी हम बात कर रहे हैं महक शर्मा की चलिए आपको बता दें कि एक ऐसी साधारण सी लड़की जो अपने मेहनत के बल पर उस मुकाम को हासिल किया है जिसका लोग सपना देखा करते है हम बात कर रहे है जनपद लखीमपुर खीरी के निघासन सर्किल की पुलिस क्षेत्राधिकारी महक शर्मा की जिन्होंने अपनी मेहनत के चलते चौथे प्रयास में यूपीपीसीएस क्लियर कर डिप्टी एसपी का पद हासिल किया महक शर्मा मुख्यता हरियाणा के पानीपत जिले के उरलाना कलां गांव की रहने वाली है इन्होंने इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई गांव के ही एक सरकारी स्कूल से किया स्नातक में बीएससी आर्य आदर्श कॉलेज से किया तथा मास्टर की डिग्री एमएससी दयाल सिंह कॉलेज से हासिल करने के बाद महक सफलता की सीढ़ी चढ़ने के लिए तैयारी शुरू कर दी महक के पिता किसान है जिनकी मेहनत को देखते हुए इन्होंने बचपन में ही प्रण लिया था की एक दिन पिता का नाम रोशन करूंगी जबकि माता गृहणी है और महक शर्मा के दो भाई है महक शर्मा 2021 बैच की पीपीएस अधिकारी है हाल ही में इन्होंने अपनी ट्रेनिग पूरी की और जनपद लखीमपुर खीरी में इन्हे सीओ निघासन के साथ साथ अन्य जिम्मेदारी भी सौंपी गई है निघासन का चार्ज संभालते ही इन्होंने अपराधियों पर नकेल कसने की पूरी तैयारी कर ली इनका अपराधियों के लिए साफ तौर पर संदेश है की या तो अपराध छोड़ दो या फिर क्षेत्र छोड़ दो सीओ महक शर्मा ने क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियों को शख्त निर्देश दिए है की रात्रि में सभी गस्त पर रहे व फरियादियों के साथ सरलता से पेश आए पीड़ित की समस्या सुनकर उचित निस्तारण किया जाए विदित हो की (अंडर ट्रेनिंग) महिला सीओ प्रीति त्रिपाठी ने कुछ दिनों तक निघासन सर्किल में सीओ का कार्यभार संभाला था फिलहाल सीओ महक शर्मा की तैनाती के बाद अपराधियों की नींद उड़ी हुई है।

# गांधी विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

शासन के निर्देशा के तहत आयोजित सेवा पखवाड़े में स्वच्छ भारत अभियान गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छोटेलाल दीक्षित स्मृति चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर वर्ग में आनंद कुमार, कक्षा-8 ने प्रथम, सलोनी देवी,कक्षा-7 ने द्वितीय, जान्ह्वी देवी,कक्षा-8 ने तृतीय तथा सीनियर वर्ग में सुमित कुमार,कक्षा-9 ने प्रथम, कामरान,कक्षा-9 द्वितीय व राधिका शुक्ला, कक्षा-9 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयोजन में मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने विजयी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए। अमन गिरि ने बच्चों को आशीर्वचन दिया। साथ ही स्वच्छता का महत्व समझाते हुए इस मिशन में सक्रिय भागीदारी की अपील की। प्रधानाचार्य डॉ सौरभ दीक्षित ने विधायक को स्मृति चिन्ह देक्र सम्मानित किया। इस मौके पर धर्मेंद्र गिरि 'मोंटी', राजन साहनी, प्रतियोगिता संयोजक नागेश वर्मा, रामसनेही, डॉ राजेश कुमार, आमिर हुसैन, तेजराम गंगवार, सहित विद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

# नामांकन निरस्त होने पर भड़के प्रत्याशी समर्थक, धरने पर बैठे



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीर

बेलरायां सरजू सहकारी चीनी मिल के गन्ना कार्यालय में सोमवार को प्रबंध समिति के चुनाव में एक प्रत्याशी पर्चा खारिज कर दिया गया। इससे नाराज प्रत्याशी समर्थकों ने विधायक, मिल प्रशासन, चुनाव निर्वाचन अधिकारी के विरुद्ध दूसरे दिन मंगलवार को नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान एसडीएम निघासन राजीव निगम, सीओ ने पर्चा खारिज होने की जांच कराने, चुनाव कार्यों में बाधा न डालने की बात कहकर गन्ना कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर रहे नाराज प्रत्याशी समर्थकों को शांत कराया। प्रदर्शन के दौरान गन्ना कार्यालय गेट पर भारी सख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# आर्यसमाज की विवादित जमीन पर आवास योजना किस्त आवंटन का आरोप

* आर्यसमाज के मंत्री ने जिलाधिकारी को भेजी शिकायत

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी



सरकारी योजनाओं में अनाधिकृत रुप से आवासीय किस्त की रिकवरी किए जाने के बाबत आर्य समाज के मंत्री ओम प्रकाश वैश्य ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। जिसमें उन्होने बताया कि आर्य समाज का भवन मोहल्ला मुन्नुगंज मोहम्मदी रोड कस्बा गोला में है। जिसमें उनका विपक्षी रामकुमार शुक्ला से किराएदारी का वाद न्यायालय में विचाराधीन है। तथा पोर्सन खाली कराने की डिक्री उच्च न्यायालय से पारित की जा चुकी है। जिसकी इजराय सिविल जज जूनियर डिवीजन मोहम्मदी के यहां लंबित है। इसके बाबत पुलिस बल का निर्धारित शुल्क भी जमा किया जा चुका है। इसके विपरीत विपक्षी रामकुमार शुक्ला के भाई श्री प्रकाश शुकला ने मोहम्मदी में एक वाद दायर किया है। जिसमें उभयपक्षों को यथास्थिति बनाए रखने का आदेश पारित किया गया था। जो कि निरस्त हो गया। इस सब कानूनी अडचनों व मुकदमेंबाजी के मध्य भक्त भवन में स्टे के दौरान विपक्षी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कालोनी स्वीकृत कराने के बाद किश्तों का आबंटन करा कराकर निर्माण कराना चाह रहा है। इस संबंध में 30 अप्रैल 22 को अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को, 4 जून 22 को संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम को दिया गया था। जिसमें अनाधिकृत रुप से योजना स्वीकृत कराने व किश्तों को आबंटन कराने के संबंध में जिलाधिकारी खीरी के माध्ययम से डूडा अधिकारी को निर्देशित किया गया। लेकिन इसके बाबजूद भी अभी तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो सकी है। ना ही विपक्षियों को दी गई किश्तों की रिकवरी की गई। जिससे विपक्षी किसी भी समय मौके पर निर्माण कार्य कराकर संविधान को चकमा देकर गुमराह कर सकता है।

# नम आंखों से ब्रह्मचारिणी जैन दीदियों को किया गया विदा

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

मंगलवार की सुबह सभी तेरह ब्रम्हचारियों की विदाई महमूदाबाद से की गई। धूमधाम से जैन मंदिर से पूरे जैन समाज ने विदाई की। विदाई के दौरान महिलाओं की आंखों से आंसू निकलने लगे। पूरा परिसर भावुक हो गया। दीक्षार्थियो ने गले लगाकर सभी को सदैव जिन धर्म पर अडिग रहने और जिनागम पंथ का परचम लहराने की प्रेरणा दी। विदाई के बाद सभी ब्रम्हचारी बाराबंकी के फतेहपुर तहसील के लिए रवाना हो गये।



गोदभराई में एटा की विशु दीदी, ब्र0 प्रवीण भैया गाजियाबाद, महिमा दीदी जतारा, मित्रवती दीदी शिवपुरी, रिया दीदी कोलारस, गुंजन दीदी कोलारस, सोनाली दीदी खरगापुर, सृष्टि दीदी अशोकनगर, दीपा दीदी शिवपुरी, प्रतीक्षा दीदी रामपुर मथुरा और रीता दीदी गाजियाबाद शामिल रहे। सभी की दीक्षा 15 नवम्बर को दिल्ली में होगी।

वैराग्य प्राप्त करने के लिये मन की आवश्यकता होती है। एक बार मन में वैराग्य की भावना आ जाती है तो भौतिक सुख साधन की कोई महत्ता नहीं होती है। इस क्षेत्र की बेटी प्रतीक्षा ने महज जैन आचार्य के दर्शन मात्र से ही संसार का सारा मोह छोड़कर संयम का पथ अपनाने का निर्णय किया है। जैन संतों की तपस्या आज भी पूरे विश्व के लिये प्रेरणादायी है। यह बात महमूदाबाद के स्थानीय दिगम्बर जैन मंदिर में देर शाम सांस्कृति कार्यक्रम और गोदभराई से पूर्व प्रवचन करते हुए ब.ब्र. विशु दीदी ने कही। उन्होने कहा कि देश की बेटियों की भगवती जिन दीक्षा देश की राजधानी दिल्ली में होने जा रही है। श्रमणाचार्य विमर्श सागर महाराज के सानिध्य में एक साथ 13 लोग दीक्षा लेकर साधु और साध्वी बनेंगे और जिन धर्म की प्रभावना करेंगें। ब.ब्र. प्रतीक्षा दीदी ने कहा कि महमूदाबाद मेरा ननिहाल है किन्तु इससे पूर्व यह जैन धर्म की सर्वोच्च साध्वी आर्यिका गणिनी ज्ञानमती माता का ननिहाल है। देर शाम मंदिर परिसर में महिलाओं द्वारा साध्वी प्रतीक्षा के जीवन पर आधारित नाटक का मंचन किया गया। जिसकी सभी ने तालियों की गडगडाहट से सराहना है। सभी 13 दीक्षार्थियों की प्रथम गोदभराई का सौभाग्य चन्द्रकुमार जैन परिवार को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात उपस्थित समस्त जैन धर्मावलम्बियों ने भक्तिमय भजनों के बीच सभी ब्रम्हचारियों की गोद भराई सम्पन्न की। गोदभराई कार्यक्रम को लेकर पूरे जैन मंदिर को आकर्षक लाइटों और तोरण द्वार से सजाया गया था। जगह-जगह रंगोली बनाई गई और ब्रम्हचारियों का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में ब्रम्हचारी प्रतीक्षा दीदी के गृहस्थ जीवन के पिता पुष्पेन्द जैन, माता निधि जैन सहित अशोक जैन, योगेश जैन, समकित, प्रणय जैन आदि उपस्थित रहे।

# मुख्यचिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में क्षय रोगियों को गोद लेने का कार्यक्रम हुआ आयोजित

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया है जनपद में टीबी मरीजों को गोद लिये जाने संबंधी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला क्षय रोग केन्द्र, सीतापुर पर डा0 हरपाल सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीतापुर द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय की ओर से 10 तथा जिला क्षय रोग अधिकारी की ओर से 03 क्षय रोगियों को सामुदायिक सहभागिता के अन्तर्गत पोषण आहार किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीतापुर द्वारा उपस्थित क्षय रोगियों व उनके सहयोगियों को क्षय रोग से लड़ने में पोषण की उपयोगिता के विषय में जानकारी दी तथा क्षय रोगी को सम्पूर्ण पोषक आहार दिये जाने की बात कही। मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय द्वारा उपस्थित क्षय रोगियों व उनके सहयोगियों को दवा का पूरा कोर्स करने की सलाह दी एवं किसी भी प्रकार की परेशानी आने पर चिकित्सक से परामर्श लेने के बात कही।

जिला क्षय रोग अधिकारी ने सरकार की निःक्षय पोषण योजना की जानकारी देते हुए सभी को अवगत कराया गया कि प्रत्येक मरीज चाहें वह सरकारी/प्राइवेट में इलाज करा रहा हो उसको इलाज अवधि में पोषण के लिए 500रु0 प्रति माह डी0बी0टी0 के माध्यम से उसके खातें मे दिये जाते हैं। जिसके लिए उन्हें अपना बैंक खाता व आधार कार्ड की छायाप्रति नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर उपलब्ध कराने की आवश्यकता होती है। इसके अतिरिक्त समस्त मरीजों को मुफ्त जाँच व इलाज की सुविधा उपलब्ध है जनपद में प्रत्येक ब्लाक में मरीजों का निःशुल्क जाँच/इलाज किया जाता है इसके साथ ही प्राइवेट डॉक्टरों के मरीजों को भी अवश्यकता पड़ने पर औषधियाँ एवं जाँच की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जनपद की स्वयं सेवी संस्थाओं, औद्योगिक घरानों एवं आई0एम0ए0 को इस जनहित के कार्य में सहयोग करने का आहवान किया गया तथा निक्षय मित्र बन कर मरीजों को गोद लेने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम के उपरान्त जनपद की समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी टी0बी0 मरीजों को गोद लेने का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों तथा अन्य ए0जी0ओ0 द्वारा जनपद में कुल 722 टी0बी0 मरीजों को गोद लिया गया। जिला क्षय रोग केन्द्र पर आयोजित कार्यक्रम में जिला क्षय रोग केन्द्र के कर्मचारियों में श्री आशीष कुमार दीक्षित जिला पी0पी0एम0 समन्वयक, श्री रमेश कुमार मौर्या जिला पी0एम0डी0टी0 समन्वय, श्री आशीष टण्डन एस0टी0एस0 आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । निघासन-खीरी

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत 5 किलोमीटर की साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन वार्ड दुर्गापुरम की सभासद नीलू गिरि द्वारा कराया गया। मंगलवार को स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत सदर चौराहे से रकेहटी चौराहे तक साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन सुबह सात बजे शुरु हुआ।जिसमे तककरीब 50 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पांच किलोमीटर की साइकिल रेस मे रवि सिंगाही प्रथम, राजेश सिंगाही द्वितीय और सचिन व रामप्रवेश दोनो एक साथ तीसरे स्थान पर रहे। साइकिल रेस प्रतियोगिता को अध्यक्ष बद्री प्रसाद मौर्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया प्रतियोगिता में ईओ दिनेश कुमार शुक्ल ने भी प्रतिभाग किया। इस दौरान चेयरमैन पुत्र विनोद मौर्य, सभासद महेश कनौजिया, राम खेलावन, मुन्ना खांन, विनोद मौर्य, सभासद प्रतिनिधि के.के मौर्य, राजू गिरि सहित तमाम नगरवासी मौजूद रहे।

# बिजली पोल टूटकर गिरने से भय का माहौल

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

गोला खुटार रोड पर विकास चौराहे से तकरीबन 500 मीटर दूरी पर एक पेट्रोल पंप के समीप कोरैया मोड़ पर 11 हजार वोल्ट की हाई टेंशन लाइन के दो खंभे बहुत झुककर टूटने की कगार पर पहुच गए है। सड़क पर लगे पोल भी अधिक भार सहन न कर पाने की हालत में कभी भी टूटकर गिर सकते है। जिससे जनहानि की आशंका बनी हुई है। आस पास के लोगों ने स्थानीय बिजली कर्मचारियों से शिकायत कर सही कराने की मांग की है। जबकि इस संदर्भ में एसडीओ बिजली के सीयूजी नंबर 9415099306 पर कई काल करने पर काल रिसीव नहीं हो सकी।

# क्यों बचाना चाहती है सोनू के हत्यारों को खीरी पुलिस

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



दनादन हो रहे अपराधों से जनपद थर्राया। अपराधियों के हौसले बुलंद।थाना खीरी पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट को झुठला कर आत्महत्या साबित करने में लगी। थाना खीरी पुलिस ने तेज़ तर्रार जिलाधिकारी के आदेशों को रद्दी की टोकरी में फेंका।पुलिस की कार्रवाई से आम नागरिकों में दहशत व्याप्त है। बताते हैं कि कोतवाली गोला के अन्तर्गत ग्राम चौरठिया निवासी 27 वर्षीय सोनू 8 सितम्बर को नोएडा से अपने घर आया था।कुछ देर घर रुकने के बाद सोनू गौड़ मां से यह कह कर घर से गया कि अभी वापस आते है।उसी दिन रात्रि सोनू अपनी मौसी गुड़िया देवी निवासिनी थाना खीरी से सम्बद्ध पुलिस चौकी नकहा के ग्राम सैदी पुर चला गया था। नौ सितम्बर को सोनू प्रातः 5 बजे मौसी से यह कहकर घर से निकला हमें लखनऊ जाना है ट्रेन छूट जाए गी।सोनू के परिजनों में तब दहशत व्याप्त हो गई जब देर सांय नीम करोली आश्रम के पुजारी दिग्विजय सिंह उर्फ सीताराम का फोन पिता रमाकांत के पास आया कि सोनू प्रातः साढ़े सात बजे आश्रम पर आए थे बैग व अपने पहने जूते छोड कर चले गए हैं। परिजनों ने सोनू की खोज शुरू कर दी थी दिनांक 11 सितम्बर को सोनू का शव आश्रम के पीछे गन्ने के खेत में पड़ा मिला,सोनू के शव के पास कीटनाशक दवा की शीशी पड़ी मिली,फिर क्या था पुलिस ने आत्म हत्या का राग अलापना शुरू कर शव को लावारिस बता कर पोस्टमार्टम हेतु लखीमपुर भेज दिया था।सोशल मीडिया पर देख सोनू का चाचा व छोटे भाई ने शव की पहचान की थी।थाना खीरी पुलिस के होश फाख्ता तब हो गए जब पोस्टमार्टम कर रहे चिकित्सक ने सोनू की मौत सर की हड्डी चूर चूर होने से सोनू की मौत होना बताया था सोनू की मां गायत्री देवी ने कहा पुलिस मेरे बेटे सोनू के हत्यारों को बचाना चाहती है यही वजह है कि बीस दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस हमारी प्राथमिकी भी दर्ज नही कर रही है।

# मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में जनपदीय बेसिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की गई

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में जनपदीय बेसिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन माननीय राज्य मंत्री कारागार श्री सुरेश राही जी के द्वारा मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। तदोपरान्त विभाग का ध्वज फहराकर प्रतिभागियों के मार्च पास्ट की सलामी ली। प्रतियोगिता की मशाल जलाकर व गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारम्भ किया गया। उन्होंने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया एवं अच्छा प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी। विगत दिवसों से चल रही कबड्डीए योगए खो.खोए एवं एथलेटिक्स की प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को जिलाधिकारी अभिषेक आन्नद के द्वारा समापन अवसर पर पुरस्कृत किया गया। उनके समक्ष प्रस्तुत व्यायाम एवं योग की उनके द्वारा मुक्तकंठ से प्रशंसा की गयी। सभी प्रतियोगिताओं के अंको के आधार पर विकास खण्ड परसेण्डी ने प्रथम एवं बिसवां ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिन्हें जिलाधिकारी महोदय द्वारा शील्ड प्रदान की गयी। अन्त में ध्वज अवतरण एवं राष्ट्रगान के साथ प्रतियोगिता का समापन किया गया । जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री अखिलेश प्रताप सिंह प्रतियोगिता के उद्घाटन से समापन तक अपना निर्देशन प्रदान करते रहे। प्रतियोगिता का संयोजन जिला व्यायाम शिक्षक राज शर्मा एवं लौंग श्री यादव द्वारा किया गया। निर्णायक के रूप में प्रमोद दीक्षित मो0 जुनेद, राजकुमार मौर्य, चन्द्रभूषण शकील अहमद, जुल्फिकार, शैलेन्द्र राठौर, रजनीश, धीरेन्द्र, सन्तोष, देश दीपक, आशीष, पंकज, अजीत आदि ने योगदान दिया । व्यवस्था के रूप में प्रदीप तिवारी, मो0 खालिद, प्रदीप वर्मा, अंकिता, पुनीत शुक्ला, शिवम, आदर्श, अभय ने सराहनीय सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रियांशी सक्सेना एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी रमाकांत मौर्य, सन्तोष मिश्र, ऋषिकेश सिंह, कुलदीप कुमार, सिमी निगार, अजय गुप्त मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# सड़कों के किनारे कुड़ें का अंबार स्वच्छता पखवाड़ा को दिखा रहे आईना

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

जिले के नगर पंचायत रामकोला में लगभग पचास लाख की लागत से कूड़ा निस्तारण के लिए एमआरएफ सेंटर का निर्माण कराया गया है जिसमें नगर पंचायत से निकलने वाले कूड़े कचरों का निस्तारण एमआरएफ सेंटर पर किया जा सके और नगर के वार्डो को साफ सुथरा बनाकर नगर वासियों को संक्रमण एव विमारियो से निजात दिलाया जा सके केंद्र व प्रदेश की सरकार स्वच्छता अभियान के लिए बड़े पैमाने पर धन भी उपलब्ध करा रही है लेकिन स्वच्छ भारत मिशन केवल कागज़ी आंकड़ों में चल रहा है जमीनी धरातल पर स्वच्छता दम तोड़ती नजर आ रही है। मुख्य मार्ग के किनारे लगे कुड़ो के ढेर और प्राइमरी पाठशालाओ के सामने वायरल तस्वीर खुद अपने आप में एक सबूत है जो यहां के स्वच्छता की पोल खोलती नज़र आ रही हैं। प्रधानमंत्री का यह ड्रीम प्रोजेक्ट का नगर के जिम्मेदार पलीता लगा रहे है और जिम्मेदार मौन है...यहां तस्वीरों में आप साफ तौर पर देख सकते हैं कि शहर के बीच से गुजरने वाले मुख्य मार्गों के पटरियों पर रोजाना सैकड़ों ट्राली कूड़ा लाकर गिराया जाता है। पुरे शहर का कूड़ा ट्रैक्टर-ट्राली व नगर पालिका के वाहनों से लादकर सड़क स्कूल के सामने गिराया जाता है। इस पर न तो किसी विभागीय जिम्मेदार की नजर पड़ती है और न ही किसी जनप्रतिनिधि की। बजबजाते कूड़े के ढेर के समीप के रास्ते से गुजरने वाले राहगीर अपने मुंह पर रुमाल दबाकर गुजरते हैं। शहर के बीच में कूड़े का ढेर होने के चलते अगल बगल के रहने वाले लोग संक्रमण /बीमारी फैलने की आशंका जताई है।



### क्या बोले भाजपा के पूर्व विधायक मदन गोविन्द राव

बता दें कि जब इस मामले में नगर पंचायत रामकोला निवासी व भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक मदन गोविंद राव से जब सवाल किया गया तो उन्होंने जिम्मेदारों पर सवाल खड़ा करते हुए कहा की देश के प्रधानमंत्री व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री सत्ता में आने के बाद विशेष तौर से स्वच्छता पर ध्यान दे रहे है और ज्यादातर पैसे उसी पर खर्च करने का निर्देश दिए है लेकिन नगर व ग्रामसभा के जिम्मेदार उनके विजन को समझ नही पाए है स्वच्छता पखवाड़ा एक मजाक बनता जा रहा है आज भी नगरों में गांवों में सड़कों के किनारे कूड़े करकट फेंके जा रहे है सरकार के आदेशों पर काम नहीं किया जा रहा है और इस काम में लगे अधिकारी कर्मचारी उदासीनता बरत रहे है। उन्होंने कहा कि लाखों खर्च करने के बाद भी आम जन को स्वच्छता का कोई लाभ नहीं मिल रहा है इस मामले में उत्तर प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार से मांग करते हुए बोले की ऐसे लोगो से कड़ाई से निपटते हुए नगरीय बोर्ड ईओ सहित तमाम कर्मचारियों पर करवाई होनी चाहिए।

फिरौती वाला पत्र मिलने से पूरे कुनबे में है डर का माहौल

# अध्यापक को मिला 25 लाख वाला फिरौती वसूली का पत्र

**जनपद में कभी जंगल पार्टी का था आतंक तो फिरौती के लिए दस्यु भेजते थे पत्र**

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

* शिक्षक श्याम बिहारी सिंह ने थानाध्यक्ष को दी तहरीर देकर लगाई न्याय की गुहार
* शिक्षक के इकलौते पुत्र के अपहरण की दी गई है धमकी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में जहां उत्तर प्रदेश में अपराधी अपनी जान की भीख मांगते हुए नजर आते हैं वहीं उनके गृह मंडल गोरखपुर के जनपद कुशीनगर में सरेआम पत्र लिखकर फिरौती वसूली जा रही है। मामला कुशीनगर जिले के खड्डा थाना क्षेत्र का है जहां एक शिक्षक के दरवाजे पर बेखौफ अपराधियों ने शिक्षक से 25 लाख रुपए की फिरौती वसूली का पत्र छोड़ा है और फिरौती नहीं देने पर उनके इकलौते बेटे को अगवा करने की धमकी दी है। बताते चलें कि जनपद के खड्डा थाना क्षेत्र के एक अध्यापक को 25 लाख रुपए की फिरौती, भरा पत्र उनके दरवाजे पर पड़ा मिला। जिससे शिक्षक का पूरा परिवार भय के घेरे में जी रहा है। डर के घेरे में जी रहे अध्यापक द्वारा दरवाजे पर फेंके गए पत्र के साथ लिखित तहरीर देकर अपने पूरे परिवार के सलामती की गुहार लगाई गई है। पूरा मामला खड्डा थाना क्षेत्र के शिवदत्त छपरा चौराहे पर पर स्थित शिक्षक श्याम बिहारी सिंह के मकान की है। शिक्षक शिव बिहारी सिंह ने अपनी तहरीर में बताया है कि जब मैं रविवार की सुबह सो कर उठा तो दरवाजे के पास एक सफेद कागज पड़ा मिला, यूज जब उठा कर देखा तो उसमे गंवई भाषा (भोजपुरी) में फिरौती के 25 लाख रुपए दो दिनों में किसी जगह पर समय देकर देने की धमकी दी गई है। पत्र में यह भी कहा गया है कि अगर पुलिस को इसकी सूचना दी तो इसका अंजाम बुरा होगा। पैसा न मिलने की स्थिति में आपके इकलौते पुत्र का अपहरण कर धमकी भरी चेतावनी दी गई है। वहीं पीड़ित शिक्षक का कहना है कि, मेरा परिवार छोटा है इस पत्र के मिलने से परिवार में डर का माहौल बना हुआ है।

### बोले थानाध्यक्ष घटना की जा रही है छानबीन

मामले के संबंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष खड्डा है कि मामला संज्ञान में आया है, इसमें तत्परता से छानबीन की जा रही है।

# झाड़ियों से पटी नगर पंचायत मथौली की सड़कें

* भारत सरकार के स्वच्छता अभियान का उड़ाया जा रहा मखौल

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

नगर पंचायत मथौली बाजार में करोड़ों खर्च कर सड़कों का निर्माण तथा पथ-प्रदर्शक प्रकाश की व्यवस्था की गई परन्तु सड़कों पर खर पतवार झाड़ उग गए हैं रख रखाव के अभाव में जनजीवन प्रभावित हो रहा है। नगर के जिम्मेदार इस पर ध्यान नही दे रहे है, जिससे ये परियोजना अतिक्रमण का शिकार हो गया है।

बता दें कि नगर पंचायत मथौली के वार्ड नंबर 12 सरदार भगत सिंह नगर में हाटा-कप्तानगंज मार्ग पर हनुमान मंदिर चौराहे व्यापारिक क्षेत्र का सुंदरीकरण एवं पथ प्रकाश के लिए मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत 37,57,294 रुपए की लागत से कार्य कराया गया है। सूत्रों के मुताबिक निर्माण कार्य में मानक की अनदेखी कर केवल प्लाजा बालू डालकर इंटरलॉकिंग किया गया है। इसकी शिकायत मिलने पर चेयरमैन ने इंटरलॉकिंग को उजाड़ कर देखा तो मानक के विपरित मिला, लेकिन कार्यवाही जस की तश बनी रही। इतना ही नही उक्त सुंदरीकरण के देखभाल के अभाव में इंटरलॉकिंग किए गए जगह पर बड़े बड़े घांस व झाड़ उग गए है। इतना ही नही उक्त जगह पर गुमटी, ठेला व दुकानदार अतिक्रमण कर लिए जिससे नगर की सुंदरता बदसूरती में बदल गई है। लेकिन जिम्मेदार हाथ पर हाथ धरे बैठे है। जिससे नगर पंचायत के लोगों में निराशा का भाव है, नगर पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा भारत सरकार के स्वच्छता अभियान का मखौल उड़ाया जा रहा है।



## पटहेरवा पुलिस ने दो गौ तस्करों को किया गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध

जन एक्सप्रेस/फाजिलनगर, कुशीनगर। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में पटहेरवा पुलिस ने गोरखपुर से बिहार एवं अन्य जगहों पर प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी कर आर्थिक लाभ लेने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किया है। पुलिस अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है। पटहेरवा नवागत थानाध्यक्ष दीपक सिंह ने बताया कि अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पशु तस्करी में पहले से वांछित अभियुक्त जो गोरखपुर से लेकर बिहार प्रदेश एवं अन्य जगहों तक तस्करी में लिप्त हैं तथा इनके द्वारा गैंग व स्वयं को तस्करी के जरिये आर्थिक एवं भौतिक लाभ करके समाज विरोधी क्रिया कलाप किया जाता है। वांछित दो अभियुक्त असलम पुत्र निजामुद्दीन निवासी परसौनी पांडेय पट्टी तथा ऋषिकेश सिंह उर्फ अजित सिंह निवासी अशोगवा कुशीनगर के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की गई है।

# व्यवसाई के ऊपर तानी पिस्टल, शिकायती पत्र पर कराये साइन , सीसीटीवी में हुई कैद

जन एक्सप्रेस | देवरिया

उत्तर प्रदेश सरकार में जहां एक में तरफ अपराधी व्हीलचेयर पर बैठकर अपनी जान बख्शने की रहम की भीख मांगते नजर आ रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह मंडल गोरखपुर के देवरिया जनपद में बदमाश सरेआम दिनदहाड़े व्यवसाई की कनपटी पर रिवॉल्वर लगाकर पेपर पर साइन करा ले रहे हैं।

ज्ञातव्य हो कि यह पूरी वारदात जनपद के रुद्रपुर रोड़ अवस्थित लक्ष्मी आयरन स्टोर की है । जहां दिन के 11 बजे हार्डवेयर व्यवसाई अजीत गुप्ता की दुकान पर तीन बदमाश पहुंचते हैं , बदमाशों का नाम अमित यादव, काशीनाथ यादव और एक अन्य अज्ञात बदमाश था । जो दुकान पर पहुंचते हैं और व्यवसाई अजीत गुप्ता के कनपटी पर पिस्टल सटाकर पेपर पर साइन कर लेते हैं। दिन दहाड़े हुई इस वारदात की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो जाती है।



### आधे घंटे तक व्यवसायी को पिस्टल दिखा धमकाते रहे बेखौफ बदमाश

बताते चलें कि लगभग आधे घंटे से ऊपर बदमाश व्यवसाई को धमकाते रहे बार-बार पिस्टल निकालते रहे और अंत में दबाव बनाकर उस पेपर पर साइन कर लिए। बता दें व्यवसाई अजीत गुप्ता ने रिलायंस पेट्रोल पंप के लिए आवेदन किया था । टेंडर में दूसरे पक्ष का आवंटन स्वीकार हो गया था। इसी अनियमितता को लेकर मनोज गुप्ता ने जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री से शिकायत की थी की मानक के विपरित पेट्रोल पंप का आवांटन कार्य हो रहा है । इस शिकायती पत्र को वापस करने के लिए जो दूसरा पक्ष है वह लगातार अजीत गुप्ता पर दबाव बना रहा था । अजीत गुप्ता के नहीं मानने पर तीनों बदमाश दुकान पर पहुंचे और सरेआम कनपटी पर पिस्टल सटाकर शिकायती पत्र पर सिग्नेचर करा लिए। इस घटना के बाद से अजीत गुप्ता डरे हुए हैं उन्होंने पुलिस को सूचना दी है ।

### बोले एसपी मुकदमा दर्ज कर की जा रही है कार्रवाई

दिन दहाड़े हुई इस घटना के संबंध में पूछे जाने पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बताया कि व्यवसायी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर अपराधियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# दबंग ग्राम प्रधान ने सहयोगी संग दलित मां बेटे को किया लहुलुहान

* बैनामा ली गई जमीन की फर्जी रजिस्ट्री करा पक्का निर्माण करा रहे हैं दबंग

जन एक्सप्रेस | पनियरा (महराजगंज)

कोतवाली महराजगंज क्षेत्र के ग्राम सभा सराय खुटहां में ज़मीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष। मारपीट के दौरान मां को बचाने गये बेटे की बेरहमी से पिटाई कर दी गयी जिससे मां,बेटे बुरी तरह घायल हो गए। परिजनों ने आनन - फानन में निजी साधन से जिला चिकित्सालय महराजगंज ले गये जहां इलाज के बाद डॉक्टरों हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में ईलाज के बाद डॉक्टरो ने घर भेज दिया जबकि घायलों की रास्ते में ही हालात बिगड़ने पर निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया जहां आईसीयू में स्थिति गंभीर बनी हुई है। मारपीट की घटना का बड़े होशियारी से किसी ने वीडियो बनाया जिसमें मार खाने वालों का वीडियो न बनाकर महिला पक्ष के लोगों का डंडा भांजते वीडियो बनाकर सही तथ्य को छिपाने की कोशिश की गयी है।

### फर्जी रजिस्ट्री कराकर दबंग करा रहे थे पक्का निर्माण, रोकने पर किया लहुलुहान

घटना 28 सितम्बर की है ।सुनीता देवी उम्र 50 वर्ष ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके पति धर्मेंद्र कुमार के नाम से जमीन है ।जो विवादित है तथा न्यायालय द्वारा स्टे ऑर्डर भी है उस विवादित भूमि पर ब्रह्मपुर के वर्तमान ग्राम प्रधान सलीम पुत्र अब्बास अली व वीरेंद्र पुत्र विश्वनाथ ने फर्जी रजिस्ट्री कराकर उक्त जमीन पर निर्माण कार्य कर रहे थे। 28 सितंबर को दोपहर करीब एक बजे पीड़ित परिवार ने पूछा कि किस आधार पर निर्माण कर कर रहे हैं इतना पूछ्ते ही मेराज पुत्र सलीम अली व अख्तर और अफजल पुत्रगढ़ अब्बास अली द्वारा भद्दी-भद्दी गाली देते हुए जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए कहे की चमरिया की जति भाग जाओ वरना जान से मार देंगे ।इतना कहते ही मुझे दौड़ाकर मारना पीटना शुरू कर दिए किसी ने इसकी जानकारी मेरे परिवार वालों को दिया जबकि मेरे पति स्कूल में पढ़ने गए थे मेरा पुत्र अभिषेक उम्र 25 वर्ष मुझे बचाने के लिए दौड़ा तो उक्त लोगों ने उसे जमकर मारा पीटा जिससे वह मौके पर बेहोश हो गया।





### सीओ सदर ने नहीं किया सीयूजी नंबर पर फोन काल रिसीव

इस संबंध सीओ सदर आभा सिंह के सीयूजी मोबाइल नंबर पर फोन किया गया परंतु उन्होंने फोन काल रिसीव करना मुनासिब नहीं समझा जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सख्त निर्देश है कि सभी सरकारी अधिकारी आमजन के फोन काल रिसीव करेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगे।

## स्वच्छता के प्रति छात्र छात्राओं को किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस/लार देवरिया। नगर पंचायत लार व जिला गंगा समिति के संयुक्त बैनर तले स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंर्तगत स्वच्छता रैली, स्वच्छता शपथ व श्रमदान का आयोजन मंगलवार को लार नगर के बी आर सेंट्रल एकेडमी स्कूल में किया गया। इस दौरान बच्चे व बच्चियों को स्वच्छता के महत्व की जानकारी देते हुए उन्हें शपथ दिलाई गई। स्वच्छता ही सेवा अभियान को संबोधित करते हुए नगर पंचायत लार के अधिशासी अधिकारी मृदुल सिंह ने कहा कि इस वर्ष के अभियान का मुख्य विषय स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता है। जो यह संदेश देता है कि स्वच्छता न केवल एक आदत होनी चाहिए बल्कि हमारे संस्कारों और आचरण में भी स्वच्छता का समावेश होनी चाहिए। विवेकानंद राज्य युवा पुरस्कार विजेता साहू विशाल कुमार गुप्ता बताया कि स्वच्छता का स्वास्थ्य से गहरा संबंध होता है, एक स्वस्थ युवा ही स्वच्छ भारत के निर्माण में अपनी अहम भूमिका सुनिश्चित कर सकता है।

# भरोहिया ब्लॉक अंतर्गत चलाया गया स्वच्छता सेवा अभियान

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

जनपद के विकास खंड भरोहिया के ग्राम सभा बिस्टौली में मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के सभी छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में स्वच्छता से संबंधित चित्रकारी एवं प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार पाने वाले प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट देते हुए पुरस्कृत किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम विकास अधिकारी अमित कुमार विश्वकर्मा ने बच्चों को अपने जीवन में स्वच्छता का क्या महत्व होता है उसके बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई और उन्हें अपने घर और आसपास स्वच्छता को बरकरार रखने के लिए किन-किन बिंदुओं को ध्यान देना चाहिए उसके बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। ग्राम प्रधान राम नगीना सिंह उर्फ मंटू सिंह ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया साथ ही सभी लोगों ने स्वच्छता संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य शगुफ्ता अनवर सहायक अध्यापक नजमुस्सहर ,मनोज कुमार सिंह शिक्षामित्र हरिश्चंद्र ,संध्या देवी, पंचायत सहायक राजन विश्वकर्मा, रोजगार सेवक इंद्र बहादुर सिंह, त्रिभुवन, ग्राम सभा के वरिष्ठ नागरिक फेकू प्रसाद एवं ग्रामीण मौजूद रहे।



# फरियादी लगा रहे ब्लॉक का चक्कर जिम्मेदार नहीं लेते संज्ञान

**फरियादियों को नहीं मिल पा रहा जन्मप्रमाण पत्र व परिवार रजिस्टर नकल**

जन एक्सप्रेस | महराजगंज

जहां एक तरफ सरकारी कर्मचारियों को योगी सरकार लाखों -लाखों रुपए वेतन दें रहीं हैं,जिससे गांव के गरीब, असहाय तथा क्षेत्र के उपेक्षित हुए नागरिका का कार्य समय-समय पर पूर्ण किया जाएं लेकिन इन्हीं कर्मचारियों के लापरवाही बरतने के कारण लोगों की समस्या जस की तस बनी हुई हैं और अधूरा छोड़कर अनेक कार्यों का बहाना बना कर मलाई काट रहे हैं। जहां एक तरफ सरकार गरिबों के हित काम करना चाहती हैं और उनके हर संभव मदद के लिए अथक प्रयास भी कर रही है जिससे सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिलें, फिर भी ऐ कर्मचारी मनमानी पर उतारू हैं। यही नहीं कुछ कर्मचारी राजनीतिक नेताओं के दबाव में आकर योगी सरकार के फरमान की धज्जियां उड़ा रहे हैं और योगी सरकार के मंशा पर पानी फेर कर सरकार द्वारा प्रस्तावित कार्य को पूरा नहीं कर पा रहे हैं।गांव के अनेक विकास व ग्रामीणों की समस्या निराकरण को लेकर विकास खंड स्तर पर तैनात किए गए कर्मचारी कठपुतली बनकर बैठे हैं।लेकिन इन कर्मचारियो के रवैए से आम लोगों को आए दिन कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।जिसका जीता जागता उदाहरण धोतीयहवा निवासी प्रदीप कुमार का है।जो करीब डेढ़ माह से जन्म प्रमाणपत्र के लिए भटक रहे हैं।कोई सुनने वाला नही है।वहीं दूसरा मामला मल्हनी फुलवरिया निवासी रामसुमेर लगभग दो माह से परिवार रजिस्टर नकल के लिए ब्लाक का चक्कर लगा रहे हैं।लेकिन उन्हें आज तक परिवार रजिस्टर नकल नही मिल पा रहा है।तीसरा मामला सूरज निवासी भगवानपुर टोला बरगदवा भी परिवार रजिस्टर नकल के लिए दो महीनों से ब्लाक का चक्कर लगा रहे हैं।

### बोले खंड विकास अधिकारी

बीडीओ लक्ष्मीपुर मृत्युंजय यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में है ।जल्द ही समस्या का समाधान करा दिया जाएगा।

गोरखपुर नगर निगम करेगा वर्कशाप , नियंत्रण पर ठोस कदम उठाने का ऐलान

# वायु प्रदूषण पर नियंत्रण की आयोजित हुई तैयारी बैठक

* आईएमपीएस लिमिट दो लाख से बढ़ाकर

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2024 में चौथा स्थान हासिल करने के बाद गोरखपुर नगर निगम ने अपने अगले लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर दिया है। मंगलवार को नगर निगम, डब्ल्यूआरआई इंडिया के सहयोग से %निर्माण स्थलों पर वायु प्रदूषण के उपाय% विषयक एक विशेष क्षमता विकास कार्यशाला का आयोजन किया। इसका उद्देश्य शहर की वायु गुणवत्ता को और बेहतर बनाना है, जिसमें सभी प्रमुख निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधियों को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।



### महेसरा में 50 टन क्षमता का सीएंडडी वेस्ट प्लांट तैयार

नगर निगम ने महेसरा में 50 टन क्षमता वाले सीएंडडी वेस्ट प्लांट का निर्माण भी पूरा कर लिया है, जिससे निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर एक ठोस व्यवस्था तैयार की जा रही है। इस कार्यशाला के जरिये निगम का लक्ष्य है कि निर्माण स्थलों पर प्रदूषण पर कड़ी निगरानी रखी जाए और स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में गोरखपुर को शीर्ष स्थान पर पहुंचाया जाए। इस प्रकार, नगर निगम गोरखपुर वायु प्रदूषण के खिलाफ अपनी लड़ाई को और सशक्त बनाने के लिए इस कार्यशाला के जरिए ठोस कदम उठा रहा है, जिससे शहर में बेहतर पर्यावरण और स्वच्छ हवा सुनिश्चित हो सके।

### प्रमुख निर्माण एजेंसियों का समागम: वायु प्रदूषण नियंत्रण की कार्यशाला

इस कार्यशाला में गोरखपुर विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम, लोक निर्माण विभाग, गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण, जल निगम, आईएस बिल्डर और डेवलपर्स सहित कई एजेंसियों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। निर्माण स्थलों से उत्पन्न कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन वेस्ट से होने वाले वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए विभिन्न समाधान और चुनौतियों पर चर्चा होगी।

### वायु प्रदूषण रोकने के लिए स्वच्छ निर्माण प्रथाओं पर जोर

गोरखपुर नगर निगम के मुख्य अभियंता, संजय चौहान ने बताया कि इस कार्यशाला का मकसद निर्माण स्थलों पर वायु प्रदूषण को कम करने के लिए स्वच्छ निर्माण प्रथाओं को बढ़ावा देना है। इसके तहत निर्माण क्षेत्र से होने वाले वायु प्रदूषण, स्वच्छ निर्माण पद्धतियों को अपनाने में आने वाली चुनौतियों और इन पद्धतियों के लाभों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। यह कदम गोरखपुर की समग्र वायु गुणवत्ता को सुधारने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# बटेश्वर में खुलेगा राजकीय महाविद्यालय सीएम योगी आदित्यनाथ ने दिए आदेश

## कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के प्रयास से क्षेत्र को मिला तोहफा

* बाह क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के सपने होंगे साकार योगेंद्र उपाध्याय

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्मभूमि बाह क्षेत्र में उच्च शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए बाह क्षेत्र में राजकीय महाविद्यालय के निर्माण हेतु मुख्यमंत्री द्वारा आदेश दिये गये हैं।बटेश्वर में राजकीय महाविद्यालय के निर्माण हेतु लम्बे समय से क्षेत्र की जनता एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा मांग की जा रही थी । उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय भी बटेश्वर में राजकीय महाविद्यालय के निर्माण हेतु लंबे समय से प्रयासरत थे। कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जन्मस्थली बटेश्वर में राजकीय महाविद्यालय खुलने से जिला मुख्यालय से 80 किलोमीटर दूर रहने वाले उन हजारों विद्यार्थियों को फायदा मिलेगा जो उच्च शिक्षा के लिए क्षेत्र से पलायन करते थे। उन्होंने कहा भाजपा सरकार में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बड़े प्रयास किया जा रहे हैं आज राजकीय विश्वविद्यालयों के साथ निजी विश्वविद्यालय भी गुणवत्ता पर शिक्षा के लिए जाने जाने लगे हैं। अंततः उनका प्रयास फ्लीभूत हुआ

* योगी सरकार में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे हैं बड़े परिवर्तन - योगेंद्र उपाध्याय

इस कार्य में बाह विधानसभा क्षेत्र की विधायिका रानी पक्षालिका सिंह , बटेश्वर महाराज समिति संरक्षक डा वात्सल्य उपाध्याय, अध्यक्ष अंकित शर्मा, उपाध्यक्ष अंकुश शर्मा,बी.के शर्मा, सन्तोष सिंह, बृजेश पाराशर को प्रयास सराहनीय रहा है। बटेश्वर आगरा में राजकीय महाविद्यालय को निर्माण किये जाने के सम्बन्ध में लिया गया निर्णय क्षेत्र की जनता के लिए हर्ष का विषय है। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय द्वारा इस निर्णय के लिए क्षेत्र की जनता की तरफ से मुख्यमंत्री का धन्यवाद व्यक्त किया गया है।

## प्रतियोगिताओं में बच्चो और महिलाओं ने दिखाए अपनी कला के जौहर

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** श्री अग्रवाल संघ की ओर से प्रताप नगर स्थित बुर्जीवाला मंदिर पर एक दर्जन से अधिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमे अग्र समाज के बच्चो और महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत संरक्षक अमित जैन ने महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण कर की। अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन जी की जयंती पर अग्रवंशियो के समर्पण और उनके सिद्धांत से परिचय कराने के लिए अग्रवंश सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की है। मंगलवार को पोस्टर सजाओ, आर्ट एंड क्राफ्ट, केस सज्जा, लड्डू गोपाल पोशाक बनाओ, फैंसी आर्ट प्रतियोगिता, हिंडोला सजाओ, फल सब्जी सज्जा, कुकिंग विदाउट फायर, डांडिया डेकोरेशन और धार्मिक भजनों पर अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
महामंत्री राजेश जिंदल ने बताया कि बुधवार को बुर्जीवाला मंदिर पर करीब 600 महिलाएं मेंहदी उत्सव में अग्रसेन जयंती के लिए मेहंदी लगाएंगी।

# संचारी रोग दस्तक अभियान का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



जनपद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीटी में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे तथा जिलाधिकारी अविनाश सिंह उपस्थित रहे। एमएलसी तथा जिलाधिकारी द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काट कर तथा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि विशेष संचारी दस्तक अभियान 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाया जाना है जिसके अंतर्गत डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, फाइलेरिया, दिमागी बुखार तथा अन्य संचारी रोग यथा क्षय रोग, कुष्ठ रोग पर प्रभावी नियंत्रण तथा इसका त्वरित इलाज सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा आशा बहुओं को घर- घर जाकर लोगों में जागरूकता हेतु निर्देशित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित विद्यालयों के बच्चो एवं आशा संगिनी/ सहायिका एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक /कर्मचारियों को संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शपथ दिलाई गई इसके उपरांत एमएलसी तथा जिलाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर विशेष संचारी रोग दस्तक अभियान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से रवाना किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार, उप जिलाधिकारी भीटी, तहसीलदार भीटी, खंड विकास अधिकारी, चिकित्सा अधीक्षक भीटी आशा बहु तथा बच्चे उपस्थित रहे।

## विधि छात्रों के परिणामों में गड़बड़ी को लेकर एनएसयूआई का प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

डॉक्टर भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय द्वारा बीएड एवं विधि के छात्रों का परिणाम जारी किया गया है जिसमें ज्यादातर छात्रों को फेल कर दिया गया है इसको लेकर आज एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव अंकुश गौतम के नेतृत्व में छात्रों ने परीक्षा नियंत्रक का घेराव किया विश्वविद्यालय द्वारा जारी बीएड के परीक्षा परिणाम में एक ही पेपर में ज्यादातर छात्रों को फेल कर दिया गया है छात्र कई दिन से विश्वविद्यालय में भटक रहे हैं लेकिन कोई भी अधिकारी उनकी समस्या का समाधान करने के लिए उपलब्ध नहीं रहता है यही हाल विधि के छात्रों का है। श्रीजी बाबा कॉलेज छाता मथुरा के बीएएलएलबी के प्रथम वर्ष के कुल 180 छात्रों में से लगभग 170 छात्र अनुत्तीर्ण है ।इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए आज परीक्षा नियंत्रक से मुलाकात कर उनको ज्ञापन दिया और जल्द से जल्द परीक्षा परिणाम को सही करने की चेतावनी दी। परीक्षा नियंत्रक ने इस समस्या को लेकर एक कमेटी बनाने का आश्वासन दिया और जल्द ही छात्रों के हित मे फैसला लेने की बात कही। एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव अंकुश गौतम ने कहा शीघ्र छात्रों के परिणाम में जो गड़बड़ी हुई है उसमें सुधार किया जाए एवं संबंधित एजेंसी को नोटिस दिया जाए कि आगे से इस तरीके की कोई गलती ना हो सभी छात्रों के लिए आरटीआई खोली जाए।

# एनटीपीसी ने एफ वाई 25 की पहली छमाही तक 219.94 बिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन किया

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



जनपद में भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली उत्पादन कंपनी, एनटीपीसी लिमिटेड ने एफ वाई 25 की पहली छमाही तक 219.94 बिलियन यूनिट (बीयू) का उत्पादन दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 3.91त्र अधिक है। एनटीपीसी के कोयला-आधारित स्टेशनों ने अप्रैल-सितंबर 2024 के दौरान 76.3त्र का प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) दर्ज किया।
देश में बिजली की बढ़ती मांग के साथ-साथ, एनटीपीसी ने भी अपने बिजली-उत्पादन में लगातार उल्लेखनीय वृद्धि करते हुए देश में विश्वसनीय बिजली-आपूर्ति सुनिश्चित कर रहा है। एनटीपीसी देश में कुल बिजली उत्पादन आवश्यकता की लगभग एक चौथाई बिजली-आपूर्ति थर्मल, हाइड्रो, सौर (दोनों ग्राउंड माउंटेड और फ्लोटिंग सौर) और वायु- ऊर्जा संयंत्रों के विविध पोर्टफोलियो के माध्यम से कर रहा है। एनटीपीसी देश को विश्वसनीय, किफायती और सस्ती बिजली प्रदान कर रहा है और आगामी वर्षों में अपनी इस प्रतिबद्धता को बनाए रखने के लिए समर्पित है। कंपनी देश के हरित भविष्य एवं सतत विकास के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाकर, नवाचार को बढ़ावा देकर और स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को अपनाकर, देश के रेनुएयबल एनेर्जी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। एनटीपीसी टांडा के कार्यकारी निदेशक ए के चट्टोपाध्याय ने खुशी जाहिर की और सभी कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित दिया।

## फेम ने की मथुरा में व्यापारी प्रशासन समन्वय बैठक




**जन एक्सप्रेस । आगरा/मथुरा**

फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मंडल ने आज मथुरा में व्यापारी प्रशासन समन्वय बैठक की। बैठक में मथुरा एसएसपी शैलेन्द्र पांडेय,एसपी सिटी डॉ अरविंद कुमार,सहायक नगर आयुक्त राकेश त्यागी,फेम के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोबती,फेम के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने कार्यक्रम में व्यापारियों की समस्याओं पर गहन चर्चा की एवं समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। सायबर थाने के प्रभारी राजकुमार सिंह ने सायबर अपराध रोकने हेतु बहुत से टिप्स व्यापारियों को दिए। आगरा जिला महामंत्री ब्रजेश पंडित,धर्मवीर कौशिक,मुकेश निर्वाणिया ने आगरा जिले का प्रतिनिधित्व किया।

## खाद्य सुरक्षा विभाग एंव प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा एक साथ गन्ना कोल्हूओं पर की गई छापेमारी

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**



जिलाधिकारी द्वारा की गयी बैठक में दिए गए निर्देशानुसार जनपद में संचालित कोल्हूओं की जांच हेतु एक जांच टीम गठित कर कोल्हूओं पर गन्ने में चीनी का परता, गुड़ की गुणवत्ता एंव प्रदूषण के मानकों की जांच हेतु निर्देशित किया गया था और जांच के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर कठोर विधिक कार्यवाही का निर्देश दिया गया था वर्तमान में क्षेत्र में जो कोल्हू स्थित है वें प्रदूषण मानको के अनुरूप संचालित नही है तथा उनके गुड़ की गुणवत्ता भी मानक के अनुरूप नही है। चूंकि माह नवम्बर से पूर्व गन्ने में चीनी का परता अच्छा नही आता है जिस कारण अच्छी गुणवत्ता की चीनी अथवा गुड़ बनना भी सम्भव नही है। इसलिये खराब गुणवत्ता एंव मिलावटी गुड़ के निमार्ण को रोकने के लिये जिलाधिकारी द्वारा चीनी का परता 9 प्रतिशत आने से पूर्व चीनी मिल एंव कोल्हूओं के संचालन पर रोक लगा दी गयी है।
उक्त के क्रम में खाद्य सुरक्षा एंव प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जनपद में ग्राम माधवपुर एंव तकिया कालू में संचालित हो रहे कोल्हूओं पर छापामारी की गयी तथा संचालित कोल्हू से आवश्यक जांच हेतु गुड़ के नमूने एकत्रित किये गये
गन्ना आयुक्त द्वारा प्रदूषण के मानको एंव गुड़ की गुणवत्ता की जांच करने के सम्बन्ध में सख्त निर्देश दिए गए है। कोल्हू संचालकों द्वारा आवश्यक मानकों जैसे ग्राम / स्कूल / अस्पताल से दूरी, चीमनी की ऊँचाई, गुड़ की गुणवत्ता आदि का पालन अनिवार्य है। जांच टीम द्वारा समय-समय पर कोल्हूओं पर जांच की जायेगी एंव किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर कठोर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## दीनदयाल जी स्वदेशी और ग्राम स्वराज की अवधारणा के जनक थे

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्मभूमि स्मारक समिति एवं दीनदयाल शोध संस्थान डॉ बी आर अंबेडकर विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में दीनदयाल जयंती के अवसर पर आगरा विश्वविद्यालय के जुबली हॉल में आयोजित राष्ट्रीय शोध गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक धर्मेंद्र जी ने कहा की पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने गांधी जी स्वदेशी और ग्राम विकास की अवधारणा को ही ने अपने चिंतन का आधार बनाया । उन्होंने आगे कहा कि दीनदयाल जी ने संपूर्ण मानव समाज के हित संरक्षण के लिए एकात्म मानव दर्शन का एक मौलिक रास्ता दिखाया जो आज भारत में ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व में समाज उत्थान के लिए समाजवाद जैसे अन्य वाद से अलग हटकर एक महत्वपूर्ण रास्ता बन गया है पूरे विश्व में उपनिवेशवाद और समाजवाद से परेशान समाज ने दीनदयाल जी के मानव दर्शन को स्वीकार किया है ।
गोष्ठी में उन्होंने बताया की दीनदयाल

# जनकपुरी में सीताजी के हाथों पर रचाई मेंहदी

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



जनकपुरी में महिला संगीत, संध्या भजन संध्या वह अन्य कार्यक्रम हुए। जय धुनि बंदी बेद धुनि मंगल गान निसान। सुनि हरषहिं बरषहिं बिबुध सुरतरु सुमन सुजान।।
श्हल्दी लगाओ तेल चढ़ाओ, सिया को दुल्हन सा सजाओ... आदि मंगल गीत शोभा बढ़ा रहे थे और मधुर गीत पूरे जनकपुरी क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र रहे
श्रीराम नाम की मेहंदी से रचे जनकदुलारी के हाथ, तथा श्रीमान मानेश्वर प्रांगण बेहद ही आकर्षक सज रही श्री राम की बारात को सज रही मिथिला नगरी।
जनकपुरी महोत्सव के अध्यक्ष श्री बेनी प्रसाद शर्मा ने बताया कि पूरे दिन के कार्यक्रम के बाद में तथा संध्या के कार्यक्रम के बाद में रात से ही राम बारात के स्वरूपों का आगमन शुरुआत हुआ तथा उनका स्वागत सम्मान किया गया सभी मिथिला नगर वासियों के द्वारा ।
जनकपुरी महोत्सव के कोषाध्यक्ष तपेश शर्मा ने बताया कि आज महिला संगीत में जनकपुरी निवासी महिलाओं ने विवाह संबंधी जीत गए और नृत्य कर विवाह से पहले की परंपराओं को पूरा किया ।
हिमांशु शर्मा ने बताया की संध्या भजन का कार्यक्रम बहुत ही मनमोहक रहा और आकर्षण का केंद्र बना रहा सभी आगंतुकों के लिए।
आयोजन कर्ता प्रांजल भारद्वाज ने बताया कि कल तुलसी शालिगराम विवाह संपन्न कराया जाएगा तथा शाम को मां सीता भगवान राम तथा सभी भाइयों के दर्शन होंगे जनक मंच से तथा बाद में मां सीता की विदाई होगी मिथिला नगरी से।
भारद्वाज ने बताया कि जनकपुरी वाशी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं भगवान राम, भगवान लक्ष्मण, भारत, और शत्रुघ्न और सभी की आगमन की तथा भव्य स्वागत की तैयारी की जा रही स्वरूपो के आगमन की जनकपुरी परिसर में।
आयोजक्तर्ताओं में विवेक जोशी, सपन दुबे। मयंक दुबे, सौरभ दुबे, प्रशांत दुबे , भोला पंडित, सोनू दुबे बृजेश दुबे, हरिशंकर, डीसी लोधी, तथा पार्षद महाराज सिंह लोधी और अन्य शामिल रहे।

## क्षेत्र में किया स्वच्छता अभियान का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार सुबह बल्केश्वर क्षेत्र में साप्ताहिक स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। क्षेत्रीय पार्षद समाजसेवी मुरारी लाल गोयल पेंट वालों के नेतृत्व में सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर रचना गुप्ता और सुपरवाइजर बाबूलाल जी के सहयोग से नगर निगम कर्मियों और क्षेत्रवासियों द्वारा शांति स्वीट्स से लेकर बल्केश्वर चौराहा तक हाथों में झाडू लेकर सफाई की गई और कूड़े-कचरे को इकट्ठा करके ठेला गाड़ी में डाला गया। इस अवसर पर समाजसेवी पार्षद मुरारी लाल गोयल पेंट वालों ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा और स्वास्थ्य का मूल मंत्र है। गाँधी जी द्वारा दिए गए स्वच्छता के मूल मंत्र को अपनाते हुए स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 7 अक्टूबर तक बल्केश्वर के वार्ड 91 क्षेत्र में नगर निगम के सहयोग से हर ब्लॉक, हर चौराहा, हर गली, हर मलिन बस्ती, श्रमिक बस्ती, हर कॉलोनी, हर स्कूल, अस्पताल व शराब के ठेकों सहित कोने-कोने में सफाई के साथ संचारी रोगों को देखते हुए एंटी लार्वा व डीडीटी पाउडर का छिड़काव एवं फॉगिंग कराई जाएगी।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (कैरिज एण्ड वैगन) लखनऊ के द्वारा ई टेंडर संख्या 221-Mech-CW-PC-LKO-24 के अंतर्गत खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जिसके बंद होने की तिथि व समय 22.10.2024, 15:00 है जो उसी दिन 15:30 बजे वैबसाइट पर खोले जाएंगे। इस टेंडर के अन्तर्गत मैनुअल आफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
टेंडेरर ध्यान दें कि निविदा मूल्य (जैसा IREPS पर प्रावधान हो) का भुगतान वह केवल through online payment mode जो की ireps पर उपलब्ध है जैसे की नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही स्वीकार्य है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रशीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | इन्स्टालेशन आफ 22 नम्बर्स पोरटा केबिन (साइज 15ftx10ftx10ft) हैविंग सरफेस एरिया (2x15x10+2x10x10+2x15x10) = 800 sqft. ईच ऐट एलकेओ, बीएसबी, एसएलएन, एवाईसी, पीवाईजीएस, पीआरजी, पीएफएम, पीएलपी, जेएनएच एण्ड अरका स्टेशन फार रेस्टिंग आफ ट्रेन एसकोर्टिंग स्टाफ एण्ड इन्स्टालेशन आफ 02 नम्बर्स पोरटा शेड (साइज 60ftx20ft) ऐट एसएलएन एण्ड पीवाईजीएस स्टेशन फार स्टाफ एण्ड मैटेरियल ड्यूरिंग कुम्भ–2025। | | |
| निविदा टाइप | खुली निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल बिड सिस्टम |
| निविदा बन्द होने की दिनांक एवं समय | 22.10.2024 15:00 बजे | अपलोडिंग दिनांक | 01.10.2024 |
| प्री बिड येस/नो | नो | प्री बिड कुएरी डेट टाइम | नाट अप्लीकेबल |
| एडवरटाइज्ड वैल्यू (रु.) | 64,94,277.94 (Excluding GST) | टेण्डरिंग सेक्शन | टेण्डर सी0एण्डडब्ल्यू0 |
| बिडिंग स्टाइल | सिंगल रेट फार टेण्डर | बिडिंग यूनिट | %एज अबव/बिलो/एट पार |
| धरोहर राशि (रु.) | 1,29,900.00 | आफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा मूल्य (रु.) | निशुल्क | कार्य की अवधि | 75 दिन |
| बिडिंग स्टार्ट डेट | 08.10.2024 | | |

No:- 221-Mech-CW-PC-LKO-24 दिनांक :- 30.09.2024 3029/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कोटि- कोटि वंदन है मेरा गुरुवर दीनदयाल को

**जन एक्सप्रेस । दीनदयाल धाम**



पं. दीनदयाल स्मृति महोत्सव मेला में कवियों ने भोर की पहली किरण तक काव्य की धारा बहाई। वीररस, ओजरस और श्रंगार रस के साथ हास्य रस की गंगा में श्रोता पूरी रात डुबकी लगाते रहे। देश प्रेम की रचनाओं को श्रोताओं ने भरपूर दुलार दिया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ भिंड से आए प्रतीक सिंह ने मां शारदे की वंदना से करते हुए कहा- सत्य-झूंठ का ज्ञान रहे मां, क्षमताओं का भान रहे मां, प्राणों की शुचिता बनी रहे, वाणी में कविता बनी रहे। राजस्थान प्रतापगढ़ से आए पार्थ नवीन ने यूपी के अंदर क्या है, यूपी के बाहर क्या है सुनाकर श्रोताओं की खूब तालियां बटोरीं। कवि संयोजक सचिन दीक्षित ने वीर रस की कविता सुनाकर श्रोताओं में ऊर्जा का संचार किया। मुकेश शांडिल्य ने हास्य के माध्यम से श्रोताओं को जमकर गुदगुदाया; धौलपुर से आईं सपना सोनी ने श्रंगार रस के साथ गीत सुनाकर श्रोताओं की जमकर वाह-वाही लूटी। औरैया के आए अंजय अंजाम ने महाराणा प्रताप और चेतक से जुड़ी कविता सुनाकर पंडाल को हिला दिया। उन्होंने कहा- चेतक तेरी सौगंध मुझे मेवाड़ कभी गुलाम नहीं होगा। दीपक दनादन ने भी हास्य के ऐसे दनादन बाण छोड़े कि श्रोता खुद को हंसने से नहीं रोक सके। मनवीर मधुर से बृज से संबंधित कविता सुनाकर दर्शकों को पुलकित कर दिया। मुन्ना बैटरी ने श्रोताओं के पेट में हास्य कविताओं से जमकर गुदगुदी की। डा. रुचि चतुर्वेदी ने श्रंगार रस से जुड़ी रचनाएं और गीत सुनाकर दर्शकों को बृज से जोड़ा। उन्होंने कहा कि सारा देश नमन करता है भारत के भाल को, कोटि- कोटि वंदन है मेरा गुरुवर दीनदयाल को।
मंदसौर से आए डा. शशि यादव ने संचालन करते हुए गीत, छंद और कविताएं सुनाईं। कहा कि लाल चौक से मिली थी कभी चुनौती, हर घर तिरंगा फहरा दिया। एक अन्य रचना प्रस्तुत करते हुए उन्होंने सुनाया- अबकी कोई भ्रम न हम भारत को बांटेंगे, अबकी हमने ठान लिया है गर्दन काटेंगे। धौलपुर से आए रामबाबू सिकरवार ने पैरोड़ी सुनाई; अर्जुन सिंह सिसौदिया ने वीररस की कविता सुनाकर खूब तालियां बटोरी। कवि सम्मेलन के अंत में राष्ट्रीय कवि डा. विष्णु सक्सेना ने प्रेमरस के सागर में श्रोताओं को डुबोया। गजल, गीत और मुक्तक से श्रोताओं को रिझाया। कहा कि प्यास बुझ जाए तो शबनम खरीद सकता हूं, जख्म मिल जाएं तो मरहम खरीद सकता हूं। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उन्होंने श्रोताओं की मांग पर कई मुक्तक सुनाए। कहा कि- कृष्ण की बांसुरी पर भरोसा रखो मन कहीं भी रहे पर डिगेगा नहीं, रेत पर नाम लिखने से क्या फायदा, आईं लहर कुछ भी बचेगा नहीं।
इससे पहले कवि सम्मेलन का

## राममरुप में मंच पर उतरे बच्चों ने लुभाया



**जन एक्सप्रेस । दीनदयाल धाम**

मंगलवार को आयोजित भगवान श्रीराम स्वरुप प्रतियोगिता में बच्चों के नखरें और अदा देखकर दर्शक मुग्ध हो गए। श्रीराम के स्वरुप में सजकर मंच पर आए 45 बच्चों के नखरे आयोजकों के साथ निर्याणकों को लुभाते रहे। सुबह हुई प्रतियोगिता का शुभारंभ गोवर्धन विधायक मेघश्याम सिंह ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर दीप प्रज्जवलित करके किया। कार्यक्रम संयोजक ओमप्रकाश शर्मा, राजेन्द्र शर्मा ने अतिथि परिचय कराया। निर्याणक ब्लाक फरह बीडीओ नेहा रावत, अंजलि पटेल, अंजना शर्मा और खुशबू वर्मा को श्रीराम के स्वरुप के विजेता चयनित करने में माथापच्ची करनी पड़ी। प्रतियोगिता में वैष्णवी प्रथम, हर्ष पांडेय द्वितीय, उत्कर्ष पांडेय तृतीय रहे, जबकि सांत्वना पुरस्कार काव्या को मिला; संचालन एकता जैन कमलेश चौहान ने किया। इस दौरान मेला अध्यक्ष सोहन लाल शर्मा, मंत्री मनीष अग्रवाल, नीरज गर्ग, ओमप्रकाश शर्मा, सुषमा शर्मा, , एकता जैन, सुषमा दीर्क्षित, संतोष कुमारी, प्रमिला राजपूत आदि मौजूद रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान का जिला मुय चिकित्सा अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**





शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में मंगलवार 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान का शुभारम्भ मंगलवार को सुबह लगभग 11ः00 बजे मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय प्रांगण में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों/ कर्मचारियों को संचारी रोगों के प्रति शपथ दिलाकर एवं जन जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया गया। रैली में मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला मलेरिया अधिकारी कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से आशा एवं एएनएम के साथ साथ नगर पालिका परिषद पीलीभीत से फागिंग एवं लार्वीसाडल छिडकाव वाले वाहनों को सम्मिलित करते हुए जनजागरूकता रैली का आयोजन किया। जनपद की प्रत्येक चिकित्सा इकाईयों यथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों पर भी अभियान का शुभारम्भ अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया गया। इसी क्रम में जनपद में स्थित समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर तैनात सीएचओ द्वारा बच्चों को सम्मिलित करते हुए ग्रामों में जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। अभियान के अन्तर्गत निम्न सहयोगी विभागों द्वारा निर्धारित कार्ययोजना अनुसार कार्यवाही सम्पन्न की जायेगी। पंचायती राज विभाग द्वारा ग्रामों में नालियों की सफाई, जल भराव समाप्त करने, उथले हैण्ड पम्पों का चिन्हिकरण, इण्डिया मार्का, हैण्ड पम्पों की मरम्मत, झाडियों की कटाई इत्यादि का कार्य किया जाएगा। शिक्षा विभाग द्वारा प्रत्येक विद्यालय में नोडल अध्यापक नामित कर प्रतिदिन प्रार्थना सभा में बच्चों को संचारी रोगों एवं उनसे बचाव हेतु जानकारी दी जाएगी, साथ ही संचारी रोगों के प्रति बच्चों में जागरूकता का प्रसार हो इस हेतु पोस्टर प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा। कृषि विभाग द्वारा ग्रामों में ग्रामवासियों की गोष्ठियों आयोजित कर चूहा एवं छछूदर आदि के नियंत्रण हेतु उनका संवेदीकरण किया जाएगा। पशुपालन विभाग द्वारा सूकर पालकों के संवेदीकरण हेतु गोष्ठियॉ आयोजित की जाएगी और उन्हे सूकर वाडों को साफ सुथरा रखने, नियमित रूप से कीटनाशकों के छिडकाव एवं वाडों को महीन जालियों से ढ़कने हेतु प्रेरित किया जाएगा। बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाडी कार्यकत्रियों के माध्यम से कुपोषित बच्चों का चिन्हिकरण कर अति कुपोषित बच्चों को एनआरसी को संदर्भित किया जाएगा। नगर पालिका/नगर पंचायतों द्वारा अपने अधीन आने वाले नगरीय क्षेत्रों में नियमित रूप से नालियों की सफाई एवं कूड़ा निस्तारण के साथ साथ रोस्टर बनाकर सभी वार्डो/ मोहल्लों में लार्वानाशक स्प्रे एवं फॉगिंग की गतिविधियां संचालित की जाएगी।

आने वाली 11 अक्टूबर से प्रारम्भ होने वाले दस्तक अभियान में आशा कार्यकत्रियों एवं आंगनबाडी द्वारा प्रत्येक घर पर जाकर घर वालों को संचारी रोग के बारे में बताने के साथ साथ घर के अन्दर जाकर यह निरीक्षण किया जाएगा।

कि घर में कहीं भी टूटे-फटे सामानों अथवा अन्य अनुपयोगी पात्रों में जल-भराव न हो और यदि ऐसा मिलता है तो तत्काल गृहस्वामी के समक्ष उसे खाली कराया जाएगा और यह बताया जाएगा कि ऐसे पात्रों में ही डेंगू अथवा मलेरिया के लार्वा पनपते है। इसके अतिरिक्त दस्तक अभियान के दौरान आशा द्वारा घर घर जाकर बुखार, खांसी-जुकाम, टीबी, फाइलेरिया आदि रोगियों की सूची तैयार कर सीएचसी पर प्रेषित की जाएगी और ऐसे रोगियों की सीएचसी पर जॉच कर उन्हे उपचार प्रदान किया जाएगा।

# प्रतियोगिताएं छात्र-छात्राओं के लिए मार्गदर्शक : डॉ.जावेद



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जनपद के स्थानीय इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज पीलीभीत में मदद फाउंडेशन की ओर से एक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राओं की कराई गई यह प्रतियोगिता तीन भागों में कराई गई। कक्षा 6 से कक्षा 8, कक्षा 9 एवं कक्षा 10 तथा कक्षा 11 एवं 12 संपन्न हुई। इसमें कक्षा 6 से कक्षा 8 में प्रथम मुंतहा शमसी, द्वितीय फ़बेहा फ़हीम तथा मुनीरा तथा तृतीय हलीमा सादिया रहीं। कक्षा 9 एवं 10 में प्रथम कनीज़ फातिमा एवं अब्दुल्ला, द्वितीय सायरा, एवं शगुफ्ता, तृतीय माहेनूर रहीं।

कक्षा 11 एवं 12 में प्रथम दानिया परवीन, द्वितीय इक़रा नूर, तृतीय तलत खान रहीं तथा 9 सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। इस प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं को 2000, ड्यूटी आने वाले छात्र-छात्राओं को 1500, तथा तृतीय आने वाले छात्र-छात्राओं को 1000 नकद पुरस्कार के रूप में दिए गए। सांत्वना पुरस्कार में सभी छात्राओं को 500 का का नक़द पुरस्कार प्रत्येक छात्र-छात्रा को दिया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एस.एन.इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ जावेद ने बच्चों को पुरस्कार देते हुए कहा इस तरह के प्रतियोगिताएं बच्चों का मनोबल बढ़ाती हैं।

# श्री रामलीला महोत्सव संचालन समिति, पीलीभीत जनक प्रतिज्ञा, धनुष यज्ञ, परशुराम लक्ष्मण संवाद का सजीव मनमोहन मंचन हुआ

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



स्थानीय परमठ मंदिर पर जनक प्रतिज्ञा, धनुष यज्ञ, परशुराम - लक्ष्मण संवाद की लीला का सजीव मनमोहक मंचन किया गया। आज सीता स्वयंवर में अनेकानेक देशों से राजा - महाराजा जनकपुर में पधारे। विश्वामित्र भी प्रभु राम लक्ष्मण के साथ स्वयंवर में पधारे। राजा जनक ने सभी को प्रणाम कर सभी का आदर सम्मान किया और सभी को उचित आसन प्रदान किया। इसके पश्चात उनके बंदीजनों ने राजा जनक की प्रतिज्ञा को सबके सामने बताया कि जो कोई राजा इस रंगभूमि में रखे गए शिव धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, राजकुमारी सीता का विवाह उसी के साथ संपन्न होगा। इसके बाद सभी राजाओं ने अनेकानेक प्रयत्नों से शिव धनुष को उठाने का प्रयत्न किया।किंतु वे उसे हिला भी न सके। यह देख राजा जनक अत्यंत विचलित और दुखी हो उठे और बोले ज्ञात होता है कि पृथ्वी वीरों से विहीन हो चुकी है। लगता है कि विधाता ने सीता का ब्याह नहीं रचा। यह सुन लक्ष्मण क्रोधित हो बोले हे राजन आपने क्षत्रियों का अपमान किया है गुरु को आज्ञा हो तो इस धनुष को अंगुली पर उठाकर ब्रह्मांड में दौड़ता चला जाऊं। ऐसे धनुष तो बचपन में खेल खेल में तोड़े हैं। यह देख अन्य राजा तथा महाराजा अचंभित हो गए। तब मुनि विश्वामित्र ने प्रभु राम को धनुष उठाने की आज्ञा दी। प्रभु राम ने गुरु की आज्ञा पाकर तथा सभी को नमन कर ज्यों ही धनुष उठाने का प्रयत्न किया वह तीव्र ध्वनि के साथ टूट गया। ढोल नगाड़े बजने लगे, देवगण पुष्पवर्षा करने लगे। तभी तीव्र ध्वनि का स्वर सुन मृगुकुल नंदन, जमदग्नि पुत्र परशुराम वहां आ पहुंचे और क्रोधित हो जनक से बोले हे राजन ये कैसा शोर गुल है। किसने इस शिव धनुष को तोड़कर अपनी मृत्यु को पुकारा है। तब लक्ष्मण क्रोधित हो बोले आप जैसे मुनि को क्रोध शोभा नहीं देता। रही बात धनुष की तो वह पुराना था तो वह उठाने के प्रयत्न में ही टूट गया। तब प्रभु ने परशुराम से कहा ये धनुष मैंने तोड़ा है आप मुझे क्षमा करें। तब परशुराम ने प्रभु को अपना धनुष दिया और बोले हे प्रभु आप इस धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ा मेरा संदेह दूर करें। फिर प्रभु राम ने उनके धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ा उनका संदेह दूर किया। परशुराम ने प्रभु राम की चरण वंदना की और हिमालय की ओर लौट चले। इधर सीता जी ने प्रभु राम के गले में जयमाल डाल दी।

सभी भक्तगण प्रभु राम और सीता माता की जय जयकार कर प्रफुल्लित हो उठे।

आज इस अवसर पर महंत ओमकार नाथ, सुनील मिश्रा, अमरीश शर्मा अंबू, रमाकांत पांडेय, भानु प्रताप सिंह, प्रेम सिंह, नरेश शुक्ला, अंकुर गुप्ता, संजीव मिश्रा, संजीव शर्मा, विश्वास प्रकाश सक्सेना, आयुष सक्सेना, अवनीश शर्मा, अमित जौहरी, आकाश कश्यप, प्रतीक अग्रवाल टिन्नी आदि सहित अनेकों पदाधिकारी व भक्तगण उपस्थित थे। लीला का संचालन संजय पांडेय तथा अंकुर मिश्रा ने किया एवं रामायणी निशांत तिवारी तथा ओमकार सिंह यादव ने रामचरितमानस चौपाइयों का गायन किया।

# डिप्थीरिया रोग के रोकथाम के लिए चलाया अभियान लगाया टीका

**गलाघोटू रोग से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग हुआ सतर्क चला रहा है टीकाकरण अभियान**

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



**हजारा।** ट्रांस शारदा एवं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में डिप्थीरिया रोग के रोकथाम एवं बचाव के लिए पीलीभीत स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्साधिकारी के दिशा निर्देश पर क्षेत्र में टीकाकरण अभियान चलाते हुए विद्यालयों में पहुंचकर स्वास्थ्य टीम टीकाकरण कर रही है एवं डिप्थीरिया रोग के लक्षण एवं उसके बचाव एवं उपचार के लिए जागरूक भी कर रही है।

डिप्थीरिया गला घोंटू रोग के रोकथाम एवं बचाव के लिए पीलीभीत स्वास्थ्य विभाग के जिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आलोक कुमार शर्मा के दिशा निर्देश पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरतपुर हजारा की महिला एमबीबीएस डॉक्टर एवं कार्यवाहक प्रभारी डॉक्टर रश्मि श्रीवास्तव के द्वारा ट्रांस शारदा क्षेत्र में घूम-घूम कर विद्यालयों में पहुंचकर निर्धारित आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं को डिप्थीरिया रोग से बचाव के लिए टीका लगाने का काम किया जा रहा है इसी क्रम में मंगलवार को कबीरगंज क्षेत्र के शारदा विद्या मंदिर कबीरगंज विद्यालय में पहुंचकर 58 छात्र-छात्राओं को टीका लगाया गया है एवं विद्यालयके सभी छात्र-छात्राओं को डिप्थीरिया रोग के लक्षण के बारे मे जानकारी देते हुए बताया गया है कि किसी बच्चे को बुखार आने और गले में खराश और कुछ निगलने में परेशानी होने पर नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंच कर चिकित्सक को दिखाते हुए उपचार करायें।इस टीकाकरण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरतपुर हजारा की कार्यवाहक प्रभारी डॉ रश्मि श्रीवास्तव एएनएम रीना आशा बहू दीपमाला के अलावा विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरतपुर हजारा की डॉक्टर रश्मि श्रीवास्तव ने बताया है कि डिप्थीरिया रोग के रोकथाम व बचाव के लिए जिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आलोक कुमार शर्मा के दिशा निर्देश एवं नेतृत्व में टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है।

## जौनपुर में दोहरे हत्याकांड में पिता व तीन पुत्रों को उम्र कैद

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर।** उत्तरप्रदेश में जौनपुर जिले के अपर सत्र न्यायाधीश (प्रथम) अनिल कुमार यादव की अदालत ने सोमवार को जमीनी रंजिश को लेकर दोहरे हत्याकांड के आरोपी पिता व तीन पुत्रों को आजीवन कारावास व अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन के अनुसार वादी मुकदमा हरिवंश दुबे पुत्र राजाराम निवासी ग्राम मुजफ्फरपुर पट्टी चकेसर थाना शाहगंज ने 11 मार्च 2019 को मुकदमा पंजीकृत करवाया कि 10 मार्च 2019 को वह अपने पुश्तैनी मकान के ऊपर दीवाल बन रहा था जिसको लेकर उसके पट्टीदार राधेश्याम व उनके पुत्रगण वीरेंद्र, मोनू, रविंद्र, धर्मेंद्र, अभिषेक तथा पवन व विपिन दरवाजे पर आकर गाली गलौज देने लगे, मना करने पर राधेश्याम ने ललकारा कि पूरे परिवार को मारकर खत्म कर दो, उसके ललकारने पर उसके पुत्र वीरेंद्र और मोनू हाथ में लिए कट्टे से गोली चला दिए जिससे घटनास्थल पर ही राम केवल की मौत हो गई, जबकि रामउग्रह व अरविंद को घायल अवस्था में बीएचयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया है, जहां दौरान इलाज 14 मार्च 2019 को रामउग्रह की भी मौत हो गई।

# ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान क्विज परीक्षा संपन्न

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



**शाहगंज।** राष्ट्रीय आविष्कार कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान परीक्षा जनपद में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखपुर नाथ पटेल के कुशल नेतृत्व में सभी ब्लाकों में सम्पन्न हो रही है।इसी क्रम में ब्लॉक शाहगंज में प्राथमिक विद्यालय, शाहगंज में खंड शिक्षा अधिकारी बसंत कुमार शुक्ल के कुशल नेतृत्व में सम्पन्न हुई। कुल 140 बच्चे परीक्षा में शामिल हुये। परीक्षा दो चरणों में संपन्न हुई। प्रथम चरण में 25 बच्चे सफल हुए, जिनमें से पांच बच्चों का अंतिम चयन किया गया। जिसमें तेजस यादव पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय चकराज सहावे , दिव्याशु उ प्राथमिक विद्यालय धौर इल, पिंकी कंपोजिट विद्यालय मुड़ैला, खुशबू कंपोजिट विद्यालय कयार एवं आकाश पूर्व माध्यमिक विद्यालय परासिन क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय चतुर्थ एवं पंचम स्थान पर रहे। ऐसी परीक्षाएं निश्चित रूप से बच्चों में सामान्य ज्ञान के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ाएंगी जिससे आगामी परीक्षाओं में उन्हें बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकेंगे।

खंड शिक्षा अधिकारी बसंत कुमार शुक्ला बच्चों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए। परीक्षा के उपरांत बच्चों को जलपान वितरित किए गया।

एआरपी एसोसिएशन के प्रदेश मंत्री एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, शाहगंज प्रशांत मिश्र ने सभी बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसी परीक्षाएं बच्चों में नये उत्साह का संचार करेगीं।

परीक्षा सम्पन्न कराने में सभी ए आर पी, सभी नोडल ने योगदान दिया।

## जौनपुर में बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की कैद

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर।** उत्तरप्रदेश में जौनपुर जिले के अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो) उमेश कुमार की अदालत ने मंगलवार को साढ़े चार वर्षीया बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोपी को 20 वर्ष के कारावास व 25 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन के अनुसार जिले में सुजानगंज थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने थाने में अभियोग पंजीकृत करवाया कि 9 दिसंबर 2019 को शाम 8ः00 बजे उसकी 4.5 वर्षीया पुत्री रोते हुए आई और बताई की लाले उर्फ सूरज विश्वकर्मा ने उसके साथ दुष्कर्म व अश्लील हरकत किया है। किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी भी दिया है। पुलिस ने विवेचना करके आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। पीड़िता व उसकी मां ने अभियुक्त के विरुद्ध बयान दिया था किंतु जिरह के दौरान दोनों अपने बयान से मुकर गए और पीड़िता ने आरोपी को पहचानने से इनकार कर दिया, जबकि उसकी मां ने बताया कि मुकदमे की रंजिश की वजह से फर्जी तरीके से मैंने आरोपी को फसाया है। किन्तु शासकीय अधिवक्ता राजेश उपाध्याय के द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्य व बहस के पश्चात अदालत ने आरोपी को दोषी पाया और कहा कि आरोपी स्वयं को किशोर अपचारी बताने पर अपराध की स्वीकारोक्ति होना।

# जिलाधिकारी ने औचक जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र सिंह के द्वारा जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चिकित्सालय के विभिन्न विभागों एवं वार्डो का आकस्मिक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने ओ0पी0डी0 में भर्ती मरीज मेवालाल यादव से ईलाज के सम्बन्ध में जानकारी ली।

एक्सरे कक्ष में निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि कुल 154 डिजिटल एक्सरे किया गया था जिस पर उनके द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी। उन्होंने साफ-सफाई को बेहतर करने हेतु निर्देशित किया।

कक्ष संख्या 08 में फार्मासिस्ट कौशल कुमार त्रिपाठी से आवश्यक दवाओं की उपलब्धता एवं वितरण के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी के द्वारा महिला औषधि वितरण कक्ष के लाइन में लगी महिलाओं से बाहर की दवा के बारे में पूछा गया जिसपर महिलाओं के द्वारा बताया गया कि उन्हे चिकित्सालय से ही दवा प्राप्त हुई है।

मुख्य औषधि भण्डार के निरीक्षण के दौरान पाया कि सांप काटने एवं कुत्ता काटने का इन्जेक्शन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

उन्होंने स्टाक रजिस्टर एवं फ्रीज में रखी हुई इंजेक्शन को भी देखा और रिकार्ड अपडेट होने पर प्रसन्नता जताई। जिलाधिकारी द्वारा एंटी वेनम एवं रेबीज इंजेक्शन के खाली वायल को डिस्कार्ड करने हेतु निर्देशित किया गया।

इसके पूर्व जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र सिंह द्वारा ब्लड सेन्टर जिला चिकित्सालय जौनपुर में रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर सीएमएस डा0 के के राय, चीफ फार्मासिस्ट मनोज तिवारी, फार्मासिस्ट शैलेश यादव, एक्सरे टेक्निशियन मनोज राजभर, अनिल त्रिपाठी, इ0एम0ओ0डा शिवदेव कुमार रजक, फार्मासिस्ट आशुतोष पाठक सहित अन्य उपस्थित रहें।

# अधिकारी/कर्मचारियों ने साफ सफाई कर स्वच्छता के प्रति दिया संदेश



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं कलेक्टेऊ के अधिकारियों/ कर्मचारियों के साथ स्वच्छता पखवाडे के अन्तर्गत गांधी सभागार परिसर में साफ सफाई कर स्वच्छता के प्रति संदेश दिया। स्वच्छता पखवाडा 02 अक्टूबर 2024 तक मनाया जायेगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस अभियान के अन्तर्गत शैक्षिक संस्थानों/स्कूली बच्चों को स्वच्छता में जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि स्कूलों में छोटे बच्चों से लेकर बड़े बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई है। नगर पालिकाओं एवं जन सहभागिता के द्वारा अभियान चलाया जा रहा, जिससे लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है और स्वच्छता के प्रति विशेष ध्यान रखा जाये, उन्होंने कहा कि इस अभियान के अन्तर्गत जलभराव वाले स्थानों पर शहर/गांवों में एन्टी लार्वा का छिडकाव व फॉगिंग तथा नाला नालियों की सफाई का कार्य कराया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने स्वच्छता पखवाडे के अन्तर्गत उपस्थित सभी अधिकारियो/ कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), नगर मजिस्टेऊ सहित कलेक्टेऊ के अधिकारी/कर्मचारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# छात्रा के साथ अश्लील हरकत के आरोपी प्राध्यापक को विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश पर लगी रोक

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में छात्रा के साथ अश्लील हरकत के आरोपी शिक्षक पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ सुधीर उपाध्याय को बर्खास्त करने की मांग को लेकर छात्रो के आन्दोलन के बाद कुलपति के आदेश से प्राध्यापक सुधीर उपाध्याय को पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में मंगलवार से प्रवेश पर रोक लगा दिया गया है, साथ ही सुरक्षा कर्मियों को भी निर्देश दिया गया है कि प्राध्यापक को विश्वविद्यालय परिसर में नही घुसने दिया जाए। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार विगत माह 28 सितम्बर को पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शिक्षणरत एक छात्रा ने पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ सुधीर उपाध्याय के खिलाफ कुलपति को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया कि उसके साथ प्राध्यापक द्वारा अपने केबिन में बुलाकर तथा रात के समय मोबाइल पर अश्लील बाते और हरकते की जाती है। कुलपति को दिया गया शिकयती पत्र वायरल होने के साथ ही कुलपति ने घटना को लेकर जांच कमेटी बैठा दी और कमेटी सहित इलाके का थाना सरायख्वाजा की पुलिस भी छानबीन शुरू कर दी। इसके बाद मामला छात्रो के बीच पहुंचने पर तूल पकड़ लिया अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एवं स्टूडेंट्स आर्गनाइजेशन आफ पूर्वांचल विश्वविद्यालय के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के छात्र छात्रायें बड़ी तादाद में आन्दोलन की राह पकड़ते हुए 30 सितम्बर को विश्वविद्यालय परिसर में जबरदस्त बवाल किया विश्वविद्यालय परिसर में ताला बन्दी कर दिए। छात्रो के आन्दोलन के समक्ष सुरक्षा बल तक घुटने टेक दिए। छात्रो की मांग थी कि पर्यावरण विज्ञान विभाग के शिक्षक डॉ सुधीर उपाध्याय के तत्काल बर्खास्त किया जाये और घटना की जांच के लिए बनायी गई जांच कमेटी में एक सीनियर महिला प्रोफेसर को भी रखा जाये। आन्दोलित छात्र कुलसचिव को ज्ञापन देने के साथ ही कुलपति से मिलने पर अड़ गये थे। कुलपति से मिलने के बाद वापस लौटे। छात्र, छात्राओ के आन्दोलन को देख स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए कुलपति ने तत्काल प्रभाव से पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ सुधीर उपाध्याय को विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश पर रोक लगा दिया।

# जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल की निस्तारित शिकायत का किया मौका मुआयना

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने सदर तहसील क्षेत्र के शिकायतकर्ता तोता राम नि0ग्रा0 भिलैइया गांव खेड़ा की आईजीआरएस की शिकायत पर मौका मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सदर ने अवगत कराया कि शिकायतकर्ता तोता राम द्वारा चकमार्ग पर अवैध कब्जा सम्बन्धी शिकायत की, चकमार्ग पर चन्द्रप्रकाश, रूपलाल द्वारा कब्जा किये जाने सम्बन्ध में शिकायत की गई थी। उक्त शिकायत के सम्बन्ध में राजस्व टीम द्वारा स्थलीय व अभिलेखीय जांच की गयी। अभिलेखीय व स्थलीय जॉच में पाया गया कि शिकायतकर्ता के खेत तक पहुॅचने हेतु लगभग 20 मीटर चकरोड़ को पूरी तरह बन्द था, चकमार्ग की भूमि से धान की फसल को कटवाकर चकमार्ग कब्जामुक्त करा दिया गया तथा दोनों तरफ लिप्टिस के पेड़ लगे पाये। उक्त खेत स्वामियों को चकमार्ग के किनारे लगे लिप्टिस के पेड़ों दिनांक 02.10.2024 तक काटने की हिदायत दी गयी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चकरोड़ सकरा पाये जाने पर विकास खण्ड मरौरी को निर्देशित कर उक्त चकमार्ग पर मिट्टी का कार्य कराने हेतु निर्देशित किया। चकमार्ग के किनारे खड़े लिप्टिस के पेड़ों को तत्काल हटवाकर चकरोड़ चैड़ा करने के निर्देश दिए गये। अवैध काबिज व्यक्तियों को हिदायत दी गयी कि यदि भविष्य में किसी भी व्यक्ति द्वारा यदि पुनः कब्जा करने का प्रयास किया गया तो उसके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान तहसीलदार, लेखपाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# भूमि विवाद में चला बुलडोज़र पुलिस तमाशबीन रही





**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

पुलिस के सामने दलित का मकान और उसकी दुकान को बुलडोजर से ढहा दिया गया। परिवार की महिलाओं ने विरोध किया और बुलडोजर के सामने बैठ गईं। महिला थाना इंचार्ज ने महिलाओं और युवतियों की पिटाई की और उन्हें जमीन पर घसीटा।
मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के नसरापुर का है। यहां कन्नौज-तिर्वा रोड पर गांव के रहने वाले आशीष कुमार ने मकान बनवाया था। मकान के आगे दुकानें बनवा रखी थीं। उस जमीन पर तिर्वा का महेंद्र गुप्ता दावा कर रहा है। इसी विवाद में सोमवार को सरायमीरा चौकी और महिला थाने की फोर्स नसरापुर पहुंची। प्रशासन ने विरोध के बावजूद मकान और दुकानें ढहा दी हैं।

### जमीन विवाद में चला बुलडोजर

जानकारी के अनुसार, आशीष कुमार ने कुछ साल पहले तिर्वा के रहने वाले महेंद्र गुप्ता से किराए पर जमीन ली थी। जहां उसने बिल्डिंग मटेरियल की दुकान कर ली। कुछ समय पहले महेंद्र ने आशीष को जगह खाली करने के लिए कहा तो दोनों में विवाद हो गया। तब स्थानीय लोगों ने मध्यस्थता करा दी। शर्त रखी गई कि या तो आशीष उस जमीन की कीमत देकर उसे खरीद ले या फिर उस जगह को खाली कर दे।आशीष उस जगह को खरीदने के लिए राजी हो गया। आशीष ने इसके लिए कुछ पैसे एडवांस भी दिए थे। इसके बाद आशीष और महेंद्र के बीच पुलिस को झगड़े की सूचना मिली थी।

### सपा कार्यकर्ताओं ने कहा- अखिलेश तक पहुंचाएंगे मामला

बुलडोजर कार्रवाई की खबर पाकर सपा नेत्री शशिमा सिंह दोहरे मौके पर पहुंचीं। उन्होंने पुलिस कार्रवाई का विरोध किया। उन्होंने कहा- पुलिस जानबूझकर दलितों का उत्पीड़न कर रही है। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से पहले नोटिस दिया जाना चाहिए था। इस मामले को सपा प्रमुख अखिलेश यादव तक पहुंचाया जाएगा।

### सीओ सिटी का बयान

कोतवाली कन्नौज क्षेत्र के गांव नसरापुर का एक वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से संज्ञान में आया है कि एक व्यक्ति द्वारा दुकानों को तोड़ा जा रहा है जांच में पाया गया कि महेंद्र कुमार गुप्ता पुत्र राम रतन गुप्ता निवासी सीहपुर थाना तिर्वा जनपद कन्नौज द्वारा ग्राम नसरापुर में अपनी निजी भूमि पर निर्मित दुकानों को तोड़ा गया जिसमे विपक्षीगण द्वारा व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा था। मौके पर विवाद होने की सूचना पर पुलिस पहुंची व शांति व्यवस्था हेतु आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई तथा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# पुलिस लाइन में दो दिवसीय फर्स्ट शूटिंग चैम्पियनशिप- 2024 का शुभारंभ





**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

आज पुलिस लाइन कन्नौज में 02 दिवसीय फर्स्ट शूटिंग चैम्पियनशिप-2024 का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह चैम्पियनशिप न केवल निशानेबाजी कौशल को विकसित करने का माध्यम है, बल्कि खेल भावना को भी बढ़ावा देने का एक सशक्त मंच है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि इस चैम्पियनशिप का उद्देश्य न केवल पुलिसकर्मियों की कार्यक्षमता और निशानेबाजी कौशल में सुधार करना है, बल्कि बच्चों और युवाओं में खेलों के प्रति रुचि और सुरक्षा कौशल को बढ़ावा देना भी है।÷ उन्होंने सभी प्रतिभागियों को भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जो बच्चे सुविधाओं के अभाव में आगे नही बढ़ पा रहे हैं उनके लिए यह सुनहरा मौका है। इस चैम्पियनशिप की खास बात यह है कि इसमें कन्नौज पुलिस के कर्मचारियों के साथ-साथ आम नागरिक, बच्चे एवं युवा भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। बच्चों और युवाओं ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए निशानेबाजी के प्रति गहरी रुचि दिखाई। यह कार्यक्रम प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को एक उत्सव जैसा माहौल प्रदान करेगा।
प्रतियोगिता का आयोजन अत्याधुनिक सुविधाओं और सुरक्षा मानकों के साथ किया जा रहा है, जिससे सभी प्रतिभागियों को सुरक्षित और अनुशासित वातावरण में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिले। प्रतियोगिता के अंत में सभी श्रेणियों में विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस शुभारंभ के मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, क्षेत्राधिकारी लाइन/तिर्वा डॉ प्रियंका बाजपेयी प्रतिसार निरीक्षक सुखपाल सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया।

**इस प्रतियोगिता में 10 मी0 एयर राइफल एयर पिस्टल के इवेंट कराए जा रहे है जिनमें कुल 200 से अधिक कॉलेज एवं स्कूली बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रतियोगिता के लिए कुल 05 श्रेणियाँ निर्धारित की गई हैं, जो इस प्रकार हैं:**

- जूनियर (21 वर्ष से कम)
- यूथ (18 वर्ष से कम)
- सब-यूथ (14 वर्ष से कम)
- लिटल चेम्प (10 वर्ष से कम)
- सर्विसेज ( सभी कन्नौज पुलिस के कर्मचारी)

# बिल्हौर नगरपालिका के वार्ड नंबर 6 में बनने वाली सड़क मानकविहीन, कंकड़ पत्थर से परेशान लोग

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**



बिल्हौर नगर पालिका के रामलीला मैदान के पीछे जयप्रकाश नगर वार्ड नंबर 6 सब्जी मार्केट को जाने वाली सड़क सबसे व्यस्ततम है कचहरी तहसील के आने वाले अधिवक्ता और पुलिस कर्मचारी इसी सड़क से होकर रेलवे स्टेशन को जाते हैं यह सड़क पिछले एक हफ्ता से इस सड़क पर बड़े-बड़े बोल्डर और मौरंन का छिड़काव कर दिया गया है। प्रदीप इस बाजार में हजारों लोग महिलाएं और पुरुष बच्चे सब्जी खरीदने आते हैं जो इसी रास्ते से होकर गुजरते हैं कोई फिसल कर गिरता है तो किसी के गांठ में चोट किसी बच्चे की चोट मुंह फूटता है यह सब इसी सड़क पर हो रहा है। एक गांव का किसान आटा चक्की से कड़वा तेल पिराकर जा रहा था जो साइकिल से इसी पर फिसल कर गिर गया जिससे उसका तेल फैल गया और वह छोटी हो गया वहां पर दुकानदारों ने बताया की लापरवाही के साथ फैलाकर की लोग चले गए बारिश होने की वजह से मौरंग तो बह गई सिर्फ मिट्टी ही बची है और इस सड़क की खुदाई भी नहीं हुई है बिना खुदाई के ही गिट्टी डाली गई है सभासद रामकुमार उर्फ लाला राठौर ने बताया कि सड़क की खुदाई नहीं हुई अच्छा ही रहा वरना दुकानों और घरों के सामने ऊंची नीची सड़क हो जाती इससे जनता को बहुत आराम और मजबूती से सड़क बनेगी हम अपनी देखरेख में बनवा रहे हैं इतने दिनों से गिट्टी पड़े होने के बारे में उन्होंने बताया कि जहां से मध्य प्रदेश से इंटरलॉकिंग ईट आनी है वहां पर पानी भरा हुआ है। इसलिए ईट वहां से ट्रक लोड होकर निकल नहीं पा रही है जब उनसे यह पूछा की रामलीला मैदान जहां पर रामलीला देखने के लिए दर्शन हजारों लोग आते हैं क्या तब तक सड़क बन जाएगी सभासद ने बताया ठेकेदार पुष्पेंद्र से बात करते हैं जल्द बनवाई जाएगी।
अधिशासी अधिकारी सुश्री अंजनी मिश्रा से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया जिससे यह ज्ञात नहीं हो सका है कि जनता की समस्या से कब छुटकारा मिलेगा।

# महिला महाविद्यालय की छात्राओ ने दिए स्वच्छता पर भाषण



**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

आज राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर कन्नौज के तत्वावधान में प्राचार्य श्रीमती रितु सिंह के संरक्षण एवं निर्देशन में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बीए तृतीय वर्ष की अनुष्का राठौर को प्रथम बीए द्वितीय वर्ष की नंदिनी दुबे द्वितीय तथा बीए तृतीय वर्ष की आंचल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
कार्यक्रम का संचालन हिंदी प्रवक्ता शैलेंद्र कुमार द्वारा किया गया निर्णायक मंडल की भूमिका अंबरीन फातिमा एवं डॉ नेहा मिश्रा द्वारा निभाई गई। इसके साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना की सावित्रीबाई फुले छात्र इकाई के द्वारा विभिन्न प्रकार की स्वच्छता गतिविधियों की गई जिसमें स्वच्छता जन जागरूकता पर आधारित निबंध प्रतियोगिता प्रमुख रही। इस प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की नंदिनी दुबे प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की अंजलि तथा बीए तृतीय वर्ष की नेहा सैनी द्वितीय और बीए. तृतीय वर्ष की अनुष्का राठौर तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्य ने विजयी छात्राओं को बधाई दी। इस अवसर पर पी पी यादव, नूपुर, किरण सहित समस्त महाविद्यालय उपस्थित रहा।

## दंपती पर सियार का हमला, महिला की अंगुली खाई

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

**मौदहा।** सिसोलर थाना क्षेत्र के टोला गांव निवासी किसान दंपती पर सियार ने हमला कर घायल कर दिया। महिला की अंगुली खा गया। घायलों को कस्बे के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। इलाज के बाद उन की छुट्टी कर दी गई। सिसोलर गांव निवासी रामस्वरूप व उसकी पत्नी सोमवार को बकरियां चराने खेत पर गए थे। रामस्वरूप के अनुसार अचानक सियार ने उनपर हमला किया। हाथ में लिए डंडे से सियार पर वार किया, लेकिन हाथ से डंडा छूट गया। इस बीच सियार ने उसकी पत्नी पुष्पा पर हमला कर कई जगह काट लिया। हाथ की अंगुली खा गया । ग्राम प्रधान राजू निषाद ने बताया कि जंगली जानवर खेतों में छिपे रहते हैं और किसानों पर हमला करते हैं। किसानों को लगातार खेत जाते समय सावधानी बरतने की सलाह दी है।

# अरौल थाना क्षेत्र के इलियासपुर गांव में ईशन नदी में मिला किशोर का शव

**रविवार को नदी में साथियों के साथ मछली का शिकार करने गया था**

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के इलियास ग्राम सभा के समीप से निकली ईशन नदी में सोमवार सुबह किशोर का शव देखकर ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवा कर पहचान करने की कोशिश की कुछ ही समय में नदी से निकाला गया किशोर का शव की पहचान हो गई रविवार को दोपहर में ईशन नदी में नहाने गया लगभग 16 वर्षीय किशोर विनीत कुमार पुत्र प्रेम चंद निवासी ग्राम सठिया थाना ठठिया जनपद कन्नौज का नदी में फिसल कर डूब गया था स्थानीय गोताखोरों की मदद से पुलिस ने ढूंढने की बहुत कोशिश की थी सोमवार को उक्त किशोर का शव इलियास ग्राम के निकट ईशन नदी में बरामद हुआ। अरवल थाना अध्यक्ष जनार्दन सिंह यादव के निर्देश पर मकनपुर चौकी इंचार्ज अरूण कुमार राठी ने परिजनों से पहचान करा कर परिजनों और पुलिस को शव सौंप दिया ठठिया थाने की पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए कन्नौज जिला अस्पताल भिजवा दिया है।

# तहसील सभागार में अधिवक्ताओं को नवीन दंड संहिता की कॉपी बांटी



**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर तहसील सभागार में अवधिवक्ताओं को बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष अनुराग पांडे ने अधिवक्ता भाईयों को नवीन दण्ड विधि संहिता की स्वलिखित पुस्तक भेंट कर अधिवक्ताओं की सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बार के सदस्य हों या लायर्स के, सबसे जरूरी है कि हम पहले वादकारी, पीड़ित या मुवक्किल के घर के सदस्य बन कर उसको न्याय दिलाने के लिए संकल्पित हों। इस से पहले पांडेय का बार के वरिष्ठ अधिवक्ता के के श्रीवास्तव, महेंद्र त्रिवेदी, यशवंत कुशवाहा, रविनेश यादव, सुरेंद्र बघेल, राम किशोर पाल, ठा अजीत सिंह राजावत, राजकुमार भदौरिया आदि ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने सभी अधिवक्ता भाईयों से एकजुट होकर बार काउंसिल के चुनावों में भाग लेने का आवाहन किया।
कार्यक्रम का संचालन महामंत्री महेंद्र कुशवाह ने किया।
अध्यक्षता बार अध्यक्ष आलोक मिश्र टुन्नु दादा ने किया।
योगेंद्र शुक्ल, गणेश शुक्ल, रफीक, विनय गौतम, पंकज सिंह, शारदा, बसंती कुशवाहा, रजनी कटियार, मोहम्मद रफीकआदि भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

### कैंसर की चपेट में आ रहे धौहलवासी

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर।** सरीला। जलालपुर थाना क्षेत्र के धौहल बुजुर्ग गांव में कैंसर मरीजों की लगातार तादाद बढ़ रही है। गांव में विगत कुछ वर्षों में डेढ़ दर्जन से अधिक कैंसर रोगी सामने आ चुके हैं। वहीं बीते दस दिन के अंदर तीन कैंसर पीड़ितों की मौत भी हो चुकी है। ग्रामीण गांव की आबोहवा को लेकर चिंतित है। वहीं स्वास्थ्य विभाग इससे बेखबर है। धौहल बुजुर्ग गांव की करीब तीन हजार आबादी कैंसर की बीमारी के डर से भयभीत है। गांव में कैंसर से से अब तक 12 से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। वर्तमान में भी चार लोग यहां इस भयंकर बीमारी से जूझ रहे हैं। गांव में फैली इस बीमारी से स्वास्थ्य विभाग अनजान बना हुआ है। जबकि इस गांव की तमाम महिलाएं विधवा हो गईं। तो तमाम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। लगातार शिकायतों के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा गांव में जांचपड़ताल नहीं की गई। बीते शुक्रवार को कैंसर पीड़ित आशा (60) पत्नी राममिलन की मौत हो गई। पिछले कुछ वर्षों में शीला (52) पत्नी स्वामी प्रसाद, राजू (40) पुत्र राजेन्द्र, कैलाश (62) पुत्र शिवशंकर, वीरेंद्र (65) हरनारायण,रामचंद्र (35) दयाशंकर, त्रिवेणी (55) राजेन्द्र कुमार, नीलू (45) राकेश कुमार, करुणा (30) धीरज, आशा (60) राममिलन, रामप्रसाद (60) भौनिया की मौत हो चुकी है।

# खेरेश्वर गंगा तट पर पूर्णाहुति देकर श्रीमद्भगवत कथा का समापन





**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर कस्बे के समीप सरैंया गंगा घाट खेरेश्वर नागेश्वर मंदिर धाम में सात दिनों से चल रही श्रीमद्भगवत कथा विराम और रुद्रमहायज्ञ की पूर्णाहुति देकर मंगलवार को समापन किया गया। कथावकाचक आचार्य सुशील देव महाराज के मुखारबिंद से भक्तों ने एक सप्ताह तक श्रीमद्भागवत कथा का ज्ञान लिया। कथा-वाचक सुशील देव महाराज ने कथा के छठे दिवस पर भगवान राम के मर्यादित एवं उत्तम चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि यदि प्रत्येक व्यक्ति यदि भगवान राम के आदर्शों को आत्मसाथ कर ले तो उसके जीवन का उद्धार हो जायेगा। कथा आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि खेरेश्वर गंगा तट पर श्री नागेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में 31 वर्षों से बिना चंदा व चढ़ौती के आचार्य सुशील देव महाराज के सानिध्य में उपरोक्त यज्ञ व कथा का आयोजन किया जा रहा है बुधवार को गंगा तट मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# मजदूर ने खुद को गोली मार की आत्महत्या



**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

कुनेहटा चौकी क्षेत्र के लदार गांव में एक मजदूर ने खुद को ठोढ़ी पर तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। वह अविवाहित था। वह गांव से बाहर रहकर मजदूरी करता था। खेत में नलकूप लगवाने के कारण बीते दो माह से वह गांव में ही था। पुलिस खुदकुशी का कारण पता नहीं लगा सकी है। लदार गांव निवासी सबल यादव (40) ने अपने घर में खुद को गोली मारकर आत्महत्या की।
पुलिस को सूचना मृतक के दूसरे नंबर के भाई मनसुख ने दी। अविवाहित होने के चलते वह तीसरे नंबर के भाई मंगल के साथ रहता था। बताया कि मंगल अपने बेटे के साथ अहमदाबाद में है, जबकि उसकी पत्नी सुनीता सबल के साथ गांव आई हुई थी। मंगलवार दोपहर खेत से लौटी तो उसने सबल को चारपाई पर मृत पाया। बगल में तमंचा पड़ा था।
बताया कि सबल कभी कभार शराब पीता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि शव को मोर्चरी में रखवाया है। पोस्टमार्टम बुधवार को होगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना का कारण ज्ञात नहीं हो सका है।

# रोडवेज में नौकरी के नाम पर 12 युवकों से 2.64 लाख ठगे




**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

**राठ।** रोडवेज में नौकरी दिलाने का झांसा देकर दो तथाकथित रोडवेज कर्मियों ने 12 लोगों से 2.64 लाख की ठगी कर ली। इसके बाद किराये का कमरा छोड़कर भाग निकले। पीड़ितों ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।
नगर के अतरौलिया मोहल्ला निवासी संतोष कुमार, अरविंद, विकास चंद्र, अनिल कुमार, ऋषि, मनीष, हेमेंद्र, नौरंगा गांव निवासी आकाश, चिकासी के शिवम, औड़ेरा के रविंद्र, गुलाब नगर के रमाकांत और झांसी के भुवनेश आदि ने बताया कि बलिया के मनियर थाने के पिलुई गांव निवासी बृजेंद्र राठ डिपो में परिचालक के पद पर तैनात था। पिलुई गांव निवासी अरविंद के साथ अतरौलिया मोहल्ले में रहता था।
पीड़ितों ने बताया कि इन्होंनें रोडवेज में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 12 लोगों से रुपये ठगे। कुछ ने नकद और कुछ लोगों ने ठगों के बताए गए खाते में रुपये डाले। इसके बाद लगातार हीलाहवाली करते रहे। लोगों ने नौकरी दिलाने का दबाव बनाया तो भाग गए। नौकरी न मिलने पर फोन पर रुपये मांगे तो जान से मारने की धमकी दी और मोबाइल फोन बंद कर लिया। पीड़ितों ने कोतवाली में तहरीर देकर ठगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। रोडवेज के वरिष्ठ केंद्र प्रभारी आरएस गौतम ने कहा कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है।

# चरवाहों का दावा- लकड़बग्घा दिखा, वनाधिकारी ने किया खारिज

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



भरुआ सुमेरपुर। कस्बे में करोड़न नाला की तरफ आबाद बस्ती के किनारे चरवाहों ने दिनदहाड़े लकड़बग्घों का कुनबा दिखने का दावा किया, जिससे दहशत फैल गई। लोगों ने उनको मोबाइल के कैमरे में कैद करके सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो और फोटो की अमर उजाला पुष्टि नहीं करता है। वहीं, वनाधिकारी ने लकड़बग्घा होने की बात को खारिज करते हुए सियार बताया है।
कस्बे के वार्ड संख्या तीन के पास से कडोरन नाला गुजरता है। इस नाले के आसपास जंगल है। इन्हीं झाड़ियों के मध्य तमाम जंगली जानवर अपना आशियाना बनाए हुए हैं। मंगलवार को नाले किनारे गए चरवाहे प्रदीप कुमार, संदीप, आकाश आदि ने झाड़ियों के मध्य से निकले लकड़बग्घे के झुंड को कैमरे में कैद करने का दावा किया।
दिनदहाड़े इनके विचरण से लोगों में दहशत है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इनकी संख्या चार थी और यह दोपहर में बस्ती के करीब शिकार की तलाश में इधर से उधर भटक रहे थे। बाकी मार्ग के निवासी सुनील यादव, नरेश सैनी, परसन पाल, सुशील शिवहरे आदि ने बताया कि यह काफी दिनों से नजर आ रहे हैं, लेकिन किसी तरह का नुकसान लोगों को नहीं पहुंचाया है। वन रेंज कार्यालय की टीम ने कांबिंग की है। प्रभागीय वनाधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि लकड़बग्घा नहीं दिखा है। वायरल फोटो और वीडियो सियार के हैं। लोगों को जागरूक किया गया

# ‘केंद्र ग्रामीण विकास निधि के बकाये का जल्द भुगतान करें’

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



ग्रामीण विकास निधि के तहत बजट न मिलने से परेशान पंजाब सरकार ने अब केंद्र सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। पंजाब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके केंद्र से ग्रामीण विकास निधि के बकाया एक हजार करोड़ रुपये का जल्द भुगतान कराने की मांग की है। पंजाब सरकार ने कहा है कि बजट न मिलने से पंजाब में फसल की खरीद का काम प्रभावित हो सकता है। सरकार ने शीर्ष अदालत से जल्द से जल्द याचिका पर सुनवाई करने की मांग की है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के सामने पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह की ने कहा कि राज्य में आगामी फसल के मौसम और मंडियों की खराब स्थिति को ध्यान में रखते हुए याचिका पर सुनवाई की जरूरत है। कटाई का मौसम शुरू हो रहा है और पंजाब की मंडियों का बुनियादी ढांचा जर्जर स्थिति में है। उन्होंने सीजेआई से राज्य सरकार की याचिका को भविष्य की तारीखों में प्राथमिकता देने का आग्रह किया। इस पर सीजेआई ने महाधिवक्ता से कहा कि हम अन्य मामलों की सुनवाई के बाद याचिका को किसी उच्च स्थिति में रखेंगे। 18 सितंबर को पीठ ने कहा था कि वह पंजाब सरकार की अंतरिम याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेगी। इससे पहले शीर्ष अदालत ने 30 अगस्त को भगवंत मान सरकार को आश्वासन दिया था कि याचिका पर दो सितंबर को सुनवाई की जाएगी।

### ‘पंजाब का 4,200 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया’

राज्य सरकार ने केंद्र के खिलाफ लंबित मुकदमे में एक अंतरिम आवेदन दायर किया है और अंतरिम उपाय के रूप में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक के बजट का तत्काल भुगतान कराने की मांग की है। पंजाब सरकार ने 2023 में ग्रामीण विकास निधि (आरडीएफ) जारी न करने और बाजार शुल्क के एक हिस्से को रोकने का आरोप लगाते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया है। इसमें दावा किया गया कि केंद्र पर पंजाब का 4,200 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया है। याचिका में कहा गया है कि आरडीएफ और बाजार शुल्क मिलने से खरीद प्रक्रिया तेज होती है। खाद्यान्न की खरीद के लिए बाजार शुल्क और आरडीएफ निर्धारित करने का विशेषाधिकार राज्य सरकार के पास है क्योंकि इसे संविधान के तहत मान्यता दी गई है।

# राष्ट्रपति ने साइबर हमले को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बताया, कहा, मजबूत प्रणाली जरूरी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि साइबर हमले राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बन गए हैं। उन्होंने कहा कि नागरिक सेवाओं और सशस्त्र बलों को मिलकर एक सुरक्षा प्रणाली बनाने की जरूरत है, ताकि इन हमलों को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा सिर्फ सीमाओं की रक्षा करने तक सीमित नहीं है। बल्कि अर्थव्यवस्था, पर्यावरण, उर्जा और साइबर सुरक्षा जैसे अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे भी इसमें शामिल हैं। मुर्मू ने राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के संकाय और सदस्यों को राष्ट्रपति भवन में संबोधित किया। उन्होंने कहा, इन चिंताओं का समाधान करने के लिए गहन शोध की जरूरत है और इन मुद्दों से निपटने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण को अपनाना होगा। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि साइबर हमलों का सामना करने के लिए उच्च तकनीकी हस्तक्षेप और मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे की जरूरत है। साथ ही प्रशिक्षित और विशेषज्ञता रखने वाला मानव संसाधन जरूरी है। उन्होंने आगे कहा, यह मुद्दा देश के शासन ढांचे को प्रभावित करता है। नागरिक सेवाओं और सशस्त्र बलों को मिलकर इस खतरे को रोकने के लिए एक मजबूत प्रणाली बनानी होगी। मुर्मू ने यह भी बताया कि शासन प्रणालियों में बड़े पैमाने पर डाटा और संवेदनशील जानकारी उपलब्ध है, जिसे असुरक्षित नहीं छोड़ा जा सकता। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे की गंभीरता को समझने और ठोस उपाय करने की जरूरत है। राष्ट्रपति ने आगे कहा कि सशस्त्र बलों की भूमिका पारंपरिक सैन्य मामलों से आगे बढ़ चुकी है और भविष्य के युद्धों के लिए एक बहु-राज्य और बहु-एजेंसी दृष्टिकोण की जरूरत होगी।

# मेरी व्यक्तिगत विश्वसनीयता दांव पर है
## सुनवाई के दौरान फिर नाराज हुए मुख्य न्यायाधीश

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने मंगलवार को वकीलों द्वारा एक नई प्रथा शुरू करने की तीखी निंदा की। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि वह ऐसा नहीं होने देंगे क्योंकि इससे उनकी व्यक्तिगत विश्वसनीयता दांव पर लग जाती है। गौरतलब है कि इससे पहले सोमवार को भी मुख्य न्यायाधीश ने एक वकील को कड़ी फटकार लगाई थी। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा कि अलग-अलग वकीलों द्वारा बार-बार एक ही मामले का उल्लेख करने की इस प्रथा को रोकें। ये प्रथा लगातार बढ़ रही है। मुख्य न्यायाधीश के तौर पर मेरे पास जो भी थोड़ा-बहुत विवेक है, उसका इस्तेमाल कभी भी आपके पक्ष में नहीं किया जाएगा, क्योंकि इस अदालत को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। इससे मेरी व्यक्तिगत विश्वसनीयता दांव पर लग जाती है। मुझे सभी के लिए तय नियमों का पालन करना होता है। सीजेआई ने कहा कि अलग-अलग वकील लाओ और देखो... जज थोड़ा ध्यान न दें और आपको आदेश मिल जाता है। इस अदालत में यही हो रहा है। मैं ऐसा नहीं करूंगा। क्योंकि मेरी व्यक्तिगत विश्वसनीयता दांव पर है। ये टिप्पणियां दिन की कार्यवाही की शुरुआत में की गईं, जब एक वकील ने तत्काल लिस्टिंग के लिए खनन पट्टे की समाप्ति से संबंधित एक मामले का उल्लेख किया।

# सरकार ने शुरू की पीएम ई-ड्राइव सब्सिडी योजना
## केंद्रीय मंत्री ने वाहन निर्माताओं को दी खास हिदायत



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार ने मंगलवार को 10,900 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना शुरू की। इसका उद्देश्य भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाना, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करना और ईवी मैन्युफेक्चरिंग इकोसिस्टम विकसित करना है। यह योजना 1 अक्तूबर, 2024 से 31 मार्च, 2026 तक लागू रहेगी। 1 अप्रैल, 2024 से 30 सितंबर, 2024 की अवधि के लिए कार्यान्वित की जा रही ईएमपीएस-2024 (इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रमोशन स्कीम) को पीएम ई-ड्राइव योजना के अंतर्गत शामिल किया जा रहा है। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत सब्सिडी बैटरी पावर के आधार पर 5,000 रुपये प्रति किलोवाट घंटा तय की गई है। लेकिन पहले वर्ष में कुल इंसेंटिव 10,000 रुपये से ज्यादा नहीं होगा। दूसरे वर्ष में इसे आधा करके 2,500 रुपये प्रति किलोवाट घंटा कर दिया जाएगा और कुल लाभ 5,000 रुपये से ज्यादा नहीं होगा। फैम-2 विनियमों ने भारत में निर्मित कंपोनेंट्स का इस्तेमाल करके इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन की अनुमति दी। हालांकि, भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा की गई जांच से पता चला था कि कुछ कंपनियों ने कथित तौर पर आयातित घटकों का इस्तेमाल किया था। मंत्रालय ने गुमनाम ईमेल मिलने के बाद जांच की। जिसमें आरोप लगाया गया था कि कई ईवी निर्माता इलेक्ट्रिक वाहनों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए चरणबद्ध विनिर्माण योजना (पीएमपी) नियमों का पालन किए बिना सब्सिडी का दावा कर रहे थे। कुमारस्वामी ने कहा, आखिर में मैं अपने निर्माताओं से अनुरोध करता हूं क्योंकि फेम 2 योजना में निर्माताओं और हमारे मंत्रालय के बीच कुछ मतभेद हैं क्योंकि 2-3 निर्माता योजना के दिशा-निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं... कुछ मतभेद, कुछ विवाद, वास्तव में हर रोज वे हमारे मंत्रालय को अपना प्रतिनिधित्व दे रहे हैं।÷ पीएम ई-ड्राइव के शुभारंभ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ÷मेरा सभी निर्माताओं से व्यक्तिगत अनुरोध है, मैं विवाद या किसी मतभेद की कोई गुंजाइश नहीं देना चाहता... हमने जो भी दिशा-निर्देश लागू किए हैं, कृपया उनका पालन करें।


### केंद्रीय मंत्री ने की यह अपील

केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने मंगलवार को लॉन्च की गई पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत इंसेंटिव (प्रोत्साहनों) का लाभ उठाते समय वाहन निर्माताओं से दिशानिर्देशों का पालन करने को कहा। साथ ही उन्होंने कहा कि फेम-2 योजना की तरह विवाद की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। भारी उद्योग मंत्री की टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि फेम-2 (फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स) योजना के दूसरे चरण में कुछ कंपनियों द्वारा नियमों का उल्लंघन करके वित्तीय प्रोत्साहन (फाइनेंशियल इंसेंटिव) हासिल करने के आरोप लगे थे।

## राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान हुए हादसे का शिकार, दीप प्रज्व्वलन के दौरान शॉल में लगी आग

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान मंगलवार को एक हादसे का शिकार हो गए। दरअसल एक कार्यक्रम के दौरान दीप जलाते समय राज्यपाल के शॉल में आग लग गई। हालांकि तुरंत ही इस आग को बुझा लिया गया। राज्यपाल मंगलवार को पलक्कड़ में सबरी आश्रम के शताब्दी समापन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान कार्यक्रम में दीप जलाने के लिए राज्यपाल जैसे ही झुके तभी उनके शॉल के सिरे में आग लग गई। हालांकि वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत आग बुझा दी। इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने मंगलवार को राज्य सरकार और मुख्यमंत्री से पूछा कि राज्य में सोने की तस्करी करने वाले और उससे प्राप्त धन का इस्तेमाल राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए करने वाले समूहों के खिलाफ सत्तारूढ़ वाम सरकार या मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने क्या कार्रवाई की है। राज्यपाल ने कहा कि उन्हें इस घटनाक्रम के बारे में अखबार से जानकारी मिली, लेकिन सीएम के पास इस बारे में सारी जानकारी है। राज्यपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री सत्ता की बागडोर संभाल रहे हैं। वह सिर्फ मीडिया से बातें करें और कोई कार्रवाई न करें।




# गांधी जयंती : कहां खो गया गांधी के सपनों का भारत



रमा निवास तिवारी



गांधी जयन्ती मनाते समय अन्तर्मन में झांककर देखिए क्या यह बात आपको कचोटती नही है कि देश किस तरह से अनाचार, पापाचार लूट खसोट,भ्रष्टाचार और बेइमानी के दलदल में जा फंसा है?क्या आज का भारत वाकई में गांधी जी के सपनों का भारत है या उनकी परिकल्पना को धरातल पर उतारने में हम भारतवासी कहीं चूक गए ।आज जब गांधी जी के संस्मरणों को साझा करते हुए उनकी जयंती पर लोग उन्हें याद कर रहे हैं तो ये सवाल और भी मौजूं हो जाते हैं ।गांधी जी ने कर्म और धर्म की निष्पत्ति को लोकहित में होने की इच्छा जताई थी लेकिन आज कर्म और धर्म सब व्यावसायिक हो गये ।उन्होंने भाई भतीजावाद और जातिवाद से उपजने वाली पक्षधरता की सदैव निन्दा ही की लेकिन आज यही समस्या हर तरफ मुंह बाये खड़ी है ।प्रेम और समरसता के भावों से सिक्त जिस भारत की वकालत बापू करते थे वह कहीं गुम हो गया है ।समानता की बातें बेइमानी हो चली हैं ।अहिंसा की बनाई लीक समय के साथ मिट सी गई ।%समरथ को नहिं दोष गोसाईं% की तर्ज पर न्याय बांटे जा रहे हैं ।अहिंसा,सत्य,ईमानदारी और साधुता ने आतंक,झूठ,फरेब और मक्कारी के आगे घुटने टेक दिए हैं। ऐसे में गांधी जी के विचार और दर्शन आज के समय में बेहद ही प्रासंगिक हो चले हैं ।सत्य और अहिंसा की बातें जब बड़े दूर की बातें जान पड़ने लगी हैं तब गांधी जी के सपनों के भारत का हम कितना निर्माण कर पाये यह चिंतन का विषय है ।स्वदेशी और सर्वोदय की विचारधारा पर हम कितनी दूर तक चल पाये?गांधी जी ने हमें जो शिक्षा दी उसकी उंगली थामें हमारा समाज कितना आगे बढ़ा है इसका अन्दाजा देश की सामाजिक परिस्थितियों को देख कर सहज ही लगाया जा सकता है ।महात्मा गांधी की शिक्षायें आज और अधिक प्रासंगिक हो गई हैं जब लोग लोभ,लालच और विदेशी मूल्यों की चकाचौंध में फंसकर भागदौड़ भरी जीवनशैली का समाधान खोज रहे हैं ।गांधी जी ने चरखा चलाते हुए स्वदेशी का नारा बुलंद किया था,इसी के जरिये उन्होंने आत्मनिर्भरता की भावना का स्पन्दन भी किया था ।उनका मानना था कि जब देशवासियों में स्वदेशी का भाव स्थापित होगा तो देश तरक्की करेगा ।स्वदेशी का उनका आशय बहुत सीमित अर्थों में लोग करने लगे हैं ।जब कि स्वदेशी शब्द को उन्होंने बहुत व्यापक अर्थों में लिया था ।स्वदेशी का अर्थ अपने देश से है लेकिन ज्यादातर आत्मनिर्भरता के सन्दर्भों से जोड़कर उन्होंने देखा था ।गांधी जी का मानना था कि स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग होने के साथ लोगों का हृदय का स्वदेशी होना बहुत जरूरी है ।जिस व्यक्ति का दिल अपने देश के लिए धड़कता है वही देश की प्रगति और खुशहाली में सहभागी हो सकता है ।गांधी जी के अनुसार विदेशों का आकर्षण और उसकी चकाचौंध से अन्तर्जगत को जोड़ लेना स्वदेशी भाव पर कुठाराघात है ।उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देने की बात कही थी ।इसके पीछे तर्क यह था कि जब देश के उद्योग धंधों को बढ़ावा मिलेगा तो देश आर्थिक रूप से सशक्त होगा ।देशवासियों में भी स्वराष्ट्र का भाव भरा जा सकेगा ।आज स्थिति कितनी विषम हो चुकी है,लोगों को विदेशी संस्कृतियां जंचने लगी हैं ।अपने देश को छोड़कर लोग विदेशों में रहने लगे हैं ।जीवन के लिए जरुरी हर सामानों में विदेशी बाजारों ने कब्जा जमा लिया है ।हमें भी विदेशी वस्तुओं को अपनाने की लत लग गई है ।ऐसे में हमारी राष्ट्रीयता की जड़ों के कमजोर होने का खतरा बना रहता है ।गांधी जी ने यह कामना की थी कि गरीब और कमजोर की आवाज नही दबनी चाहिए ।इसीलिए उन्होंने सर्वोदय का दर्शन दिया ।गांधी जी हमेशा उस व्यवस्था के हिमायती रहे जिसमें गरीब गुरबों पर जुर्म और ज्यादतियों की जगह बिल्कुल न हो ।उनकी विचारधारा ने ऐसी संस्थाओं और कार्यप्रणालियों को आकार दिया जिसमें समाज के अन्तिम व्यक्ति की आवाज भी स्पष्टत: सुनी जा सके ।गांधी जी का समाजवाद सबको साथ में लेकर चलने की थी ।वे मानते थे कि समाज के किसी भी हिस्से की अनदेखी उस समाज के लिए आत्मघाती ही सिद्ध होती है ।छुआछूत, धर्म और जाति के नाम पर लड़ाई का उन्होंने पुरजोर विरोध किया ।उन्होंने सभी जातियों और सभी धर्मों को बराबर मानते हुए सभी को परस्पर आदर देने की बात कही ।जयप्रकाश नारायण और बिनोवा भावे का समाजवाद गांधी दर्शन से ही अनुप्राणित था ।गांधी दर्शन की प्रासंगिकता पर दलाईलामा ने कहा था कि आज विश्व शांति और विश्व युद्ध, आध्यात्म और भौतिकवाद,लोकतंत्र और अधिनायकवाद के बीच बहुत बड़ा युद्ध चल रहा है,इन बड़े युद्धों से निपटने के लिए आवश्यक हो गया है कि गांधी दर्शन को अपनाया जाये ।आज के समाज के चारित्रिक पतन को किसी भी कीमत पर रोकना होगा ।भ्रष्टाचार, अनाचार,पापाचार का नंगा नाच हो रहा है और नीति नियामक ताली बजा बजाबजाकर मजा ले रहे हैं ।जो जहां है वहीं से देश की संम्प्रभुता और सुन्दरता को क्षति पहुंचा रहा है ।बापू के विचारों की छाया में देश की व्यवस्था को लाकर ही इन समस्याओं का निराकरण पाया जा सकता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)